सुप्रभात
रांची, मंगलवार
03.09.2024
** नगर संस्करण। पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | भादो, कृष्ण पक्ष, अमावस्या, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 55



06 नशे के खिलाफ जंग, सरकार की अच्छी पहल











नई दिल्ली में नवनिर्मित

## न्यू झारखण्ड भवन का उद्घाटन

**भवन की खासियत**

- G+7 भवन
- भवन का क्षेत्रफल 9515.95 Sq.Mtr
- भवन का कुल साइट क्षेत्रफल 2808 Sq.Mtr
- 45 गेस्ट रूम, 18 सुइट रूम और 2 VVIP सुइट
- 100 से अधिक डबल कार पार्किंग की व्यवस्था
- वर्षा जल संचयन की व्यवस्था
- पर्यावरण अनुकूल सुविधाएं
- अपशिष्ट प्रबंधन की व्यवस्था

**श्री हेमन्त सोरेन**
माननीय मुख्यमंत्री
झारखण्ड के कर कमलों द्वारा

**गरिमामयी उपस्थिति**

**डॉ. रामेश्वर उराँव**
माननीय मंत्री, वित्त विभाग, योजना एवं विकास विभाग, वाणिज्य कर विभाग एवं संसदीय कार्य विभाग

**श्री सत्यानन्द भोक्ता**
माननीय मंत्री, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग एवं उद्योग विभाग

दिनांक: 03 सितम्बर 2024
समय: अपराह्न 3:00 बजे
स्थान: बंगला साहिब रोड, नई दिल्ली



हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

PRNO 334484 (IPRD) 24-25

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

## स्थापना दिवस सह सम्मान समारोह में मंत्री ने किया जैक के टॉपरों को सम्मान

# मैट्रिक-इंटर, मध्यमा व मदरसा के स्टेट टॉपरों को गोल्ड मेडल और 21 हजार रु. प्राइज मिला

- जैक का 21वां स्थापना दिवस सह सम्मान समारोह : सेकेंड सिल्वर व 15 हजार और थर्ड टॉपर को ब्रांज मेडल व 10 हजार रुपए
- 22 टॉपरों के अलावा परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करने वाले इंदिरागांधी वि. और उसूर्लाइन स्कूल पुरस्कृत

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) का 21वां स्थापना दिवस सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें वर्ष 2024 की मैट्रिक, इंटर और मध्यमा और मदरसा (वास्तानिया, फकानिया, मौलवी और आलीम) परीक्षा के 22 टॉपरों को मेडल और नगद प्राइज देकर सम्मानित किया गया। शिक्षामंत्री वैधनाथ राम द्वारा स्टेट टॉपर को गोल्ड मेडल और 21 हजार नगद इनाम दिया गया। वहीं स्कूली शिक्षा विभाग के प्रधान सचिव उमा शंकर सिंह ने सेकेंड स्टेट टॉपर को सिल्वर मेडल और 15 हजार रुपए प्राइज दिया। इसी प्रकार जेसीईआरटी निदेशक आदित्य रंजन ने थर्ड स्टेट टॉपर को ब्रांज मेल और 10 हजार रुपए देकर पुराकृत किया गया। जैक के इतिहास में पहली बार सेकेंडरी एग्जाम में शानदार प्रदर्शन के लिए इंदिरा गांधी बालिका हाईस्कूल हजारीबाग और इंटरमीडिएट एग्जाम के लिए उसूर्लाइन इंटर कॉलेज रांची को पुरस्कृत किया गया। कंप्यूटर शिक्षक संतोष कुमार को गिनीज बुक में नाम दर्ज होने के लिए सर्टिफिकेट ऑफ एक्सीलेंस का अवार्ड देकर सम्मानित किया गया। इससे पहले जैक के चेयरमैन डॉ अनिल कुमार महतो ने अतिथियों का स्वागत करते हुए उपलब्धियों पर प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। जैक उपाध्यक्ष डॉ. विनोद कुमार ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इस अवसर पर जैक सचिव जयंत मिश्रा, जैक बोर्ड सदस्य, शिक्षक समेत अन्य थे।

**प्रखंड स्तर पर बनेंगे मॉडल स्कूल : सचिव :** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के प्रधान सचिव उमाशंकर सिंह ने कहा कि राज्य में 80 सीएम एक्सीलेंस प्लस टू हाईस्कूल और 325 मॉडल स्कूल के रुप में विकसित किया गया है। आने वाले दिनों में प्रखंड स्तर पर मॉडल स्कूल विकसित किए जाएंगे। क्वालिटी एजुकेशन को लेकर विभाग द्वारा कई कदम उठाए गए हैं, जिसका बेहतर परिणाम देखने को मिल रहा है। जैक द्वारा किए जा रहे कार्यों को सराहा।

**अंक के साथ रिजल्ट प्रतिशत बढ़ा : चेयरमैन :** जैक चेयरमैन डॉ. अनिल कुमार महतो ने कहा कि अन्य बोर्ड की तरह जैक बोर्ड के स्टूडेंट्स भी परीक्षाओं में बेहतर अंक प्राप्त कर रहे हैं। इतना ही नहीं रिजल्ट का प्रतिशत भी बढ़ा है। पहली बार परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले स्कूलों को पुरस्कृत किया गया है। ताकि दूसरे विद्यालय इससे प्रेरित हो सकें। शिक्षा विभाग द्वारा क्वालिटी एजुकेशन को लेकर विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही है, जिससे क्वालिटी एजुकेशन प्रदान में सहयोग मिल रहा है।



### निजी स्कूलों को टक्कर देना लक्ष्य : शिक्षामंत्री

शिक्षामंत्री वैद्यनाथ राम ने कहा कि आर्थिक रुप से कमजोर वर्ग के छात्रों के लिए सरकार द्वारा विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही है। इसके तहत स्कॉलरशिप और फैलोशिप का प्रावधान किया गया है। ताकि उच्च शिक्षा प्राप्त करने में कठिनाई नहीं हो। जैक के परीक्षा कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि रिजल्ट बेहतर हो रहा है। सरकारी स्कूलों के बच्चे निजी स्कूलों को टक्कर दें, इस लक्ष्य के साथ कार्य करना है।

### इन्हें किया गया सम्मानित

वार्षिक माध्यमिक परीक्षा के लिए ज्योत्सना ज्योति, सना संजुरी, करिश्मा कुमारी व सृष्टि सौम्या (सभी इंदिरा गांधी बालिका उवि हजारीबाग), दृष्टिहीन विद्यार्थी कोटि में अनिता मुंडा (देवेंद्रनाथ सिंह उवि चोरेया रांची), इंटर परीक्षा (कला) के लिए जिन्नत परवीन (गर्वमेंट प्लस टू हाइस्कूल कांक), बहमनी धान (एसएस प्लस टू हाइस्कूल खूंटी), दीपाली कुमारी (उसुर्लाइन इंटर कॉलेज रांची), विज्ञान संकाय में ऋतिका कुमारी (इंटर साइंस कॉलेज हजारीबाग), पंकज कुमार साहू (बीएनजालान कॉलेज सिसई गुमला), वाणिज्य संकाय में प्रतिभा साहा, रिया कुमारी व सृष्टि कुमारी (सभी उसुर्लाइन इंटर कॉलेज रांची), इंटर व्यावसायिक शिक्षा में पवन कुमार साहू (गर्वमेंट प्लस टू उवि कांके), मध्यमा परीक्षा में प्रभात कुमार (सेकेंडरी संस्कृत स्कूल रजवाडीह पलामू), मदरसा परीक्षा (बस्तानिया) में मुदस्सिर अहमद (गोड्डा), फौकानिया में फिजा परवीन (चास), मौलवी में सोहैल अख्तर (रांची), आलिम (पास) 2023 में वाहिदुज जमान (बोकारो), आलिम (प्रतिष्ठा) 2023 में मो जाकिर अंसारी (बोकारो), फाजिल-2023 में मो हिफजुर रहमान (गोड्डा) शामिल हैं।

## हेमंत की लोकप्रियता से बेचैन हैं भाजपा के आयातित नेता : झामुमो

- महासचिव सह प्रवक्ता विनोद पांडेय का दावा, भाजपा को पता चल गया है झामुमो की ताकत
- गठबंधन के साथी दलों के साथ सीटों पर जल्द निर्णय, झामुमो बड़े भाई की भूमिका में

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन के भाजपाई बनने के बाद राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप का सिलसिला दिनोंदिन तेज होता जा रहा है। सोमवार को सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने आरोप लगाया कि आयातित नेताओं के सहारे भाजपा चुनावी जंग जीतना चाहती है। झामुमो महासचिव सह प्रवक्ता विनोद पांडेय ने कहा कि भाजपा के सारे नेता मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की लोकप्रियता को देखकर बेचैन हो गए हैं। यही झामुमो की असली ताकत भी है। भाजपा में आयातित नेताओं की भरमार है। असम के सीएम हिमंत बिस्व सरमा का नाम लिए बगैर उन्होंने कहा कि बाहर से आकर जो नेता यहां लंबी-चौड़ी बातें कर रहे हैं, वे भी भाजपा में आयातित ही हैं। उन्हें अपने राज्य की चिंता करनी चाहिए, जहां चारों तरफ अराजकता है।

ऐसे आयातित नेताओं को झामुमो की ताकत का अंदाज हो गया है। भाजपा फूट डालो, राज करो की नीति पर चल रही है, लेकिन झारखंड में इनकी मंशा सफल नहीं होगी। भाजपा के एक नेता ने संताल परगना, बिहार और बंगाल के कुछ हिस्से को मिलाकर केंद्रशासित प्रदेश बनाने की मांग की है। इससे भाजपा की सोच का पता चल जाता है। जाति को जाति, धर्म को धर्म और समुदाय को समुदाय से लड़ाने की नफरती रणनीति पर भाजपा के नेता काम करते हैं। झामुमो भाजपा को हर मोर्चे पर मुंहतोड़ जवाब देने में सक्षम है। चम्पाई सोरेन को पार्टी में लाकर भाजपा के नेता आशादित हैं। उन्हें ध्यान रखना चाहिए कि झामुमो में कार्यकर्ता ही नेता बनाते हैं। झामुमो के कार्यकताओं का दल से भावनात्मक लगाव होता है। भाजपा के अफवाह गैंग की हवा निकल गई है। प्रधानमंत्री के प्रस्तावित दौरे को लेकर उन्होंने कहा कि चुनाव पूर्व उनका आना स्वाभाविक है। लोकसभा चुनाव का राज्य में परिणाम दुनिया देख चुकी है। विधानसभा चुनाव के मद्देनजर जल्द ही गठबंधन दलों के साथ सीटों के बंटवारे पर निर्णय हो जाएगा। झामुमो बड़े भाई की भूमिका में है। सीटों के बंटवारा में पार्टी की अहम भूमिका होगी।

## उत्पाद सिपाही दौड़ में शामिल 12 अभ्यर्थी गंवा चुके हैं जान, डीजीपी ने कहा

# पोस्टमार्टम रिपोर्ट से सामने आयेगी सच्चाई

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** उत्पाद सिपाही परीक्षा के लिए अलग-अलग जिलों में चल रही दौड़ प्रतियोगिता के दौरान अबतक 12 अभ्यर्थियों की मौत हो चुकी है। डीजीपी ने मौत की इन घटनाओं पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि खुद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इस मामले को लेकर गंभीर हैं।

इसलिए सभी मृतकों के शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। यूडी केस दर्ज हो रहा है, पता किया जा रहा है कि आखिर इतने युवाओं की जान कैसे चली गई। इसके पीछे कोई बीमारी, व्यवस्था में कमी या किसी तरह का सेवन तो कारण नहीं है।

**सबसे ज्यादा पलामू में मौत :** एक रिपोर्ट के मुताबिक, पलामू में अबतक 70 से ज्यादा लोग बेहोश हुए। पलामू में ही सबसे ज्यादा 5 अभ्यर्थियों की मौत हुई है। गिरिडीह में सौ से ज्यादा अभ्यर्थी बेहोश हुए हैं। दूसरे नंबर पर हजारीबाग है, जहां एक दर्जन से अधिक युवक बेहोश हो चुके हैं। दो अभ्यर्थियों की मौत हुई है। साहिबगंज में अबतक 100 से ज्यादा अभ्यर्थी बेहोश हुए हैं। यहां दो अभ्यर्थी की मौत हुई है। सीटीसी, मुसाबनी में एक की मौत हुई है। एक अभ्यर्थी की मौत टेंडरग्राम, रांची में हुई है।

**डीजीपी ने मुकम्मल व्यवस्था का किया दावा :** हालांकि डीजीपी अनुराग गुप्ता ने बताया कि बहाली की व्यवस्था मुकम्मल तरीके से की गई है। उन्होंने मीडिया को निमंत्रित करते हुए कहा कि आप हर सेंटर पर व्यवस्था देख सकते हैं। हर सेंटर पर शौचालय, पानी, ओआरएस, डॉक्टर, नर्स और एंबुलेंस की व्यवस्था है। हमारी कोशिश होती है कि दौड़ प्रतियोगिता सुबह 6 बजे से पहले शुरू हो जाए और 10 बजे तक प्रक्रिया संपन्न हो जाए।

इसमें पूरी पारदर्शिता बरती जा रही है। वीडियो रिकॉर्डिंग हो रहा है। लेकिन हमे दुख है कि हमारे कई नौजवानों की जान चली गई। फिलहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है।

### डीजीपी करेंगे हर जिले का दौरा, समीक्षा कर जानेंगे समस्या

**रांची।** प्रदेश में कानून व्यवस्था की समीक्षा और आम जनता की समस्या को जानने के लिए डीजीपी अलग-अलग जिलों में दौरा करेंगे। सोमवार को डीजीपी अनुराग गुप्ता ने इसकी जानकारी दी। इस दौरान वो पुलिस थाना भी जायेंगे। जिलों की विजिट के दौरान वहां के कमजोर वर्गों, महिला व बच्चों के विरुद्ध अपराध एवं साइबर सुरक्षा से मामलों पर नियंत्रण के लिए किए जा रहे प्रयासों के साथ ही इनके लंबित मामले की जानकारी लेंगे। मादक पदार्थो से संबंधित मामलों की स्थिति और अन्य गंभीर अपराधों पर नियंत्रण की भी समीक्षा करेंगे।

**पूरे राज्य में दस सितंबर को पुलिस लगाएगी जनता दरबार :** डीजीपी अनुराग गुप्ता ने कहा कि दस सितंबर को हर जिले में जनता दरबार लगेगा। इसे लेकर रोडमैप तैयार कर लिया गया है। आम जनता और पुलिस के बीच के गैप को खत्म करने के लिए जनता दरबार का आयोजन किया जायेगा। इससे जनता में जागरूकता और बिना किसी डर भय के आम नागरिक पुलिस के साथ एक सुगम संबंध बनेगा। डीजीपी ने कहा कि जनता दरबार में छोटे-बड़े सभी प्रकार की शिकायतें सुनी जाएगी। जिनमें गुमशुदा बच्चे, महिला के साथ गलत कार्य, अपराध, अवैध वसूली, पुलिस पदाधिकारी के द्वारा दुर्व्यवहार जैसे मामले को लेकर शिकायत सुनी जाएगी।

### सांसद अरुण भारती होंगे लोजपा-आर के झारखंड प्रभारी

**रांची।** विधानसभा चुनाव के मद्देनजर लोजपा-आर (लोक जनशक्ति पार्टी-आर) ने झारखंड में अपनी स्थिति मजबूत बनाने के लिए विभिन्न पदों पर नियुक्तियां की है। जमुई के सांसद अरुण भारती झारखंड में लोजपा-आर के प्रभारी होंगे। इसके साथ ही खगड़िया के सांसद राजेश वर्मा और पार्टी के राष्ट्रीय सचिव अरविंद सिंह लोजपा के झारखंड सह प्रभारी होंगे। लोजपा-आर के अध्यक्ष चिराग पासवान ने इसकी घोषणा की है। जारी बयान के मुताबिक, पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता धीरेंद्र कुमार सिन्हा उर्फ मुन्ना झारखंड के मीडिया प्रभारी होंगे और बिहार प्रदेश प्रवक्ता कुमार सौरभ सिंह झारखंड मीडिया सह प्रभारी होंगे। उल्खेनीय है कि पिछले दिनों चिराग पासवान ने रांची का दौरा किया था।

## खबर एक नजर में

### 6 तक राज्य में जारी रहेगा बारिश का असर, तापमान में गिरावट शुरू

**रांची।** आनेवाले दिनों में राज्य में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश का असर देखा जायेगा। इस दौरान राज्य के कुछ हिस्से में भारी बारिश तो वहीं, कुछ हिस्से में छिटपुट बारिश होगी। मौसम विज्ञान केंद्र की मानें तो 6 सितंबर तक राज्य भर में बारिश का असर बरकरार रहेगा। 6 सितंबर तक राज्य भर में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश होने की संभावना है। इसके साथ ही कुछ स्थानों में वज्रपात के साथ भारी बारिश की संभावना है। 7 सितंबर से बारिश में कमी देखी जायेगी। 7 से 10 सितंबर तक राज्य में हल्के दर्जे की बारिश की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र की मानें तो राज्य के तापमान में अब गिरावट दर्ज की जा रही है। पहले जहां न्यूनतम तापमान 25 से 26 डिग्री सेलिस्यस तक दर्ज किया गया। वहीं, आनेवाले दो दिनों के दौरान तापमान तीन डिग्री तक की गिरावट दर्ज की जायेगी। राजधानी रांची की बात करें तो 6 सितंबर तक राजधानी रांची में बादल छाये रहेंगे। वहीं, एक से दो बार हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश की संभावना है।

### विधानसभा चुनाव 2024: जनमत ने 10 सीटों के लिए उम्मीदवारों की पहली सूची की जारी

**रांची।** पूर्व विधायक सूर्य सिंह बेसरा ने कहा कि दस राजनीतिक दलों का गठबंधन जनमत आगामी विधानसभा चुनाव 2024 के लिए तैयार है। पहली सूची में सभी दस घटक दलों के एक-एक प्रत्याशी को शामिल किया गया है। घाटशिला विधानसभा से झारखंड पीपुल्स पार्टी की ओर वे स्वयं खड़े होंगे। ईचागढ से भागीदारी पार्टी के श्याम बिहारी प्रजापति, डुमरी से राष्ट्रीय जनक्रांति मोर्चा के मौलाना मोबिन रिजवी, डाल्टनगंज से अखिल भारतीय मानव सेवा दल के शिव प्रसाद अग्रवाल, गोमिया से बहुजन मुक्ति पार्टी के मुरलीधर राम, खिजरी से रिपब्लिकन पार्टी आफ इंडिया (अम्बेडकर) के प्रीतम लोहरा, प>िमी जमशेदपुर से आदर्श संग्राम पाटी के रंजीत दास, धनबाद से लोक जन समाज पार्टी के चंद्र शेखर पाठक, खूंटी के झारखंड पार्टी (होरो) के अलेस्टर बोदरा व सरायकेला से झारखंड मुक्ति मोर्चा (उलगुलान) के तिलक मार्डी चुनाव लडेंगे। सूर्य सिंह बेसरा सोमवार को स्टेट गेस्ट हाउस में मीडिया से बात कर रहे थे।

बेसरा ने बताया कि 23 सितंबर को दुमका, 25 सितंबर को धनबाद, 27 सितंबर को घाटशिला, 29 सितंबर को पलामू व 30 सितंबर को रांची में प्रमंडलीय विकल्प यात्रा सह महासभा का आयोजन होगा। मौके पर जनमत की ओर से बेसरा को भावी सीएम के रूप में भी पेश किया गया। साथ ही प्रवक्ताओं की लिस्ट भी फाइनल की गयी। इसमें प्रधान केन्द्रीय प्रवक्ता इमाम सफी, पलामू प्रमंडल प्रवक्ता आशुतोष सिंह चेरो, कोल्हान प्रवक्ता माधवेंद्र मेहता, द. छोटानागपुर प्रवक्ता अनुपमा विश्वकर्मा और संथाल परगना के लिए प्रेमचंद किस्कु को जगह दी गयी। केन्द्रीय प्रवक्ता इमाम सफी ने कहा कि झारखंड भारत का सबसे अमीर राज्य है लेकिन यहां सबसे ज्यादा गरीबी, बेरोजगारी, पलायन, कुपोषण, अशिक्षा व भ्रष्टचार मौजूद है। झारखंड बने 24 वर्ष हो चुका है। इस दौरान बीजेपी, आजसू, कांग्रेस व जेएमएम ने बारी बारी से शासन किया। लेकिन शासन कम, शोषण ज्यादा किया। वर्तमान सरकार से सभी वर्ग परेशान है लेकिन युवा वर्ग सबसे ज्यादा परेशान है।

# अनुसूचित जनजातियों के मत्स्यपालकों के लिए महाझींगा पालन प्रोजेक्ट शुभारंभ

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची/सिमडेगा।** मत्स्य निदेशालय एवं केन्द्रीय अन्तदेर्शीय अनुसंधान संस्थान, भारत सरकार (सीफरी) के संयुक्त प्रयास से छोटे जलाशयों में महाझींगा के पालन प्रोजेक्ट का शुभारंभ किया गया। विशेषकर अनुसूचित जनजातियों के सामाजिक तथा आर्थिक उत्थान के लिये सिमडेगा जिला के केलाघाघ जलाशय के चार मत्स्यजीवी सहयोग समितियों की 40 महिला एवं पुरूष अनुसूचित जनजातियों के मत्स्य कृषकों द्वारा चार लाख महाझींगा का संचयन मंगलवार को डॉ एचएन द्विवेदी, निदेशक मत्स्य, झारखंड के साथ किया गया। इस संचयन परियोजना के शुभारंभ के अवसर पर डॉ। एके दास, प्रधान वैज्ञानिक, सीफरी, सीमा टोप्पो, जिला मस्त्य पदाधिकारी, सिमडेगा एवं अन्य भी उपस्थित थे।



**फ्लोटिंग पैन (आरएफएफ) का भी उदघाटन :** इस संबंध में मत्स्य निदेशालय के निदेशक डॉ एचएन द्विवेदी ने कहा कि ऐसे परियोजनाओं से भविष्य में जलाशयों में महाझींगा के उत्पादन के क्षेत्र में नई क्रांति आयेगी। डॉ. बीके दास, निदेशक, सीफरी एवं मत्स्य निदेशक डॉ. एचएन द्विवेदी की अगुवाई में यह महत्वाकांक्षी योजना क्रियान्वित की जा रही है। खासकर अनुसूचित जनजाति के मत्स्य कृषक महा झींगा के उत्पादन के लिए प्रेरित होंगे। उनकी आर्थिक समृद्धि बढ़ेगी।

### न्यायिक आयोग से हो उत्पाद सिपाही बहाली में हुई मौतों की जांच: बाबूलाल

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने उत्पाद सिपाही बहाली प्रक्रिया पर एक बार फिर से सवाल उठाया है। उन्होंने कहा है कि बहाली दौड़ में युवाओं की मौत के लिए जिम्मेवार लोगों को चिन्हित करने और पूरे प्रकरण की जांच के लिये न्यायिक आयोग बनाया जाना चाहिए। मालूम हो कि उत्पाद सिपाही बहाली की दौड़ में अभ्यर्थियों की लगातार हो रही मौत पर विपक्ष राज्य सरकार पर हमलावर रूख अपनाए हुए है।

मरांडी ने सीएम हेमंत सोरेन से मांग की है कि मृत युवाओं के परिवारों को अविलंब 50-50 लाख रुपये का मुआवजा और सरकारी नौकरी दी जाये। उन्होंने कहा है कि उत्पाद सिपाही के 500 पदों के लिए बहाली दौड़ में दो फीसदी से भी ज्यादा होनहार युवा अपनी जान गंवा चुके हैं।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा है कि सामान्यतः भर्ती प्रक्रिया में पहले लिखित परीक्षा होती है। तत्प>ात, सफल अभ्यर्थियों के शारीरिक दक्षता परीक्षण के लिए दौड़ का आयोजन किया जाता है। लेकिन मुख्यमंत्री ने जल्दबाजी में बिना किसी तैयारी के बेरोजगार युवाओं को तैयारी के लिये मात्र 15 दिन का मौका दिया और दौड़ में होनहार युवाओं की जान चली गई। उन्होंने आरोप लगाया कि सीएम ने अमानवीय काम किया है।

# उत्पाद सिपाही नियुक्ति में राज्य सरकार ने दिखायी जल्दबाजी: हिमंता सरमा

### झारखंड में चुनावी तैयारी में जुटी भाजपा पहली बार हुई चुनाव समिति की बैठक

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** असम के सीएम और झारखंड के चुनाव सह प्रभारी हिमंता विश्वा सरमा ने कहा कि आज पहली बार चुनाव समिति की बैठक हुई है। प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि प्रमंडलों में होने वाली परिवर्तन संकल्प यात्रा को लेकर भी बैठक होनी है। इसके साथ चुनाव की तैयारी भी शुरू होगी। उन्होंने कहा कि झारखंड में हर दिन नई चुनौती आ रही है। बांग्लादेशी घुसपैठ, वादाखिलाफी का मामला झारखंड की जनता से जुड़ा हुआ है। देश के हर प्रदेश में पुलिस की बहाली होती है। शारीरिक परीक्षा पुलिस की बहाली में अनिवार्य है। इसके लिए सही मौसम का चुनाव होता है, उसी वक़्त यह परीक्षा ली जाती है। अगस्त 2023 में उत्पाद सिपाही का फॉर्म भरवाया गया। उसके बाद अक्टूबर, नवंबर, दिसम्बर में शारीरिक परीक्षा ली जानी चाहिए थी। लेकिन अगस्त 2024 में शारीरिक परीक्षा शुरू हुई। अगस्त में गर्मी बहुत होती है। अभी तक इस परीक्षा में 15 के करीब कैंडिडेट की मृत्यु हो गयी है। मौके पर प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी भी मौजूद थे।



**आनन फानन में परीक्षा**

हिमंता ने कहा कि शारीरिक परीक्षा के दौरान कैंडिडेट की मृत्यु हुई है। सेना, सीआईएसएफ, पुलिस बहाली में इतनी बड़ी संख्या में मृत्यु नहीं हुई है। आनन फानन में यह परीक्षा शुरू की गयी जिसमें छात्रों का मेडिकल टेस्ट नहीं हुआ। हेमंत सोरेन और उनकी सरकार युवाओं की मृत्यु का कारण बन गयी है। इन सभी मौत की जांच करने के लिए राष्ट्रीय मानवाधिकार में आवेदन दिया जाएगा।

हिमंता ने मांग करते कहा कि राज्य सरकार सभी मृतक युवाओं के परिजनों को 50 लाख रुपया मुआवजा और एक सरकारी नौकरी दे। 15 सितंबर तक इस बहाली को रोकने का आग्रह झारखंड सरकार से होगा। युवाओं का पहले मेडिकल टेस्ट करवाये, दौड़ से पहले एक ग्लास दूध और फल की व्यवस्था करे।

सरकार से आग्रह है कि जो छात्र रात में आते हैं, उनके आराम करने की व्यवस्था करे।

उसे खाने को दिया जाए। पार्टी के तरफ से सभी मृतक युवाओं के परिजन से मुलाकात की जाएगी और पार्टी की तरफ से 1 लाख रुपया सहायता राशि भी दी जाएगी। अगर 7 दिन में सरकार कोई कदम नहीं उठाती है तो राष्ट्रीय मानवाधिकार को आवेदन पार्टी की ओर से दिया जाएगा। यदि ऐसा नहीं होता है तो जब भाजपा की सरकार सत्ता में आती है तो सभी परिवार को न्याय देने का काम करेगी। पार्टी चुनाव आयोग से आग्रह करेगी कि इस परीक्षा को आचार संहिता लागू होने के बाद भी चलते रहने दिया जाए।भाजपा का उद्देश्य है कि राज्य के युवाओं की जान बचाई जाए। उन्होंने कहा कि असम में कोरोना के बाद कई बहाली हुई है जिसमें शारीरिक परीक्षा हुई है।

20,000 से अधिक छात्रों की नियुक्ति हुई है। झारखंड में भी अग्निवीर की नियुक्ति हुई है, किसी की मौत नहीं हुई। आखिर कैंडिडेट की मृत्यु मामले में झारखंड सरकार का यह बयान क्यों है, राज्य सरकार और कितना गिरेगी।

सह प्रभारी ने कहा कि झारखंड सरकार के पास पैसे की कमी नहीं है। सरकार को दूध और फल देने में कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए। सरकार हर दिन नई नई योजना लागू कर रही है।

मंइयां योजना पर उन्होंने कहा कि अक्टूबर में इस योजना से बड़ी योजना देंगे। भाजपा शत प्रतिशत मइयां योजना के साथ है। भाजपा खटा खट पर विश्वास नहीं करती। वे अपने राज्य में 26,000 अनुबंधित शिक्षक को स्थायी कर के आज यहां आये हैं। हिमंता के अनुसार, कई ऐसे छात्र भी हैं जिनका पोस्टमार्टम नहीं हुआ है। सभी पीड़ित परिवार से भाजपा कार्यकर्ता और नेता मुलाकात करेंगे।

सुप्रभात
रांची, मंगलवार
03.09.2024
नगर संस्करण। पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | भादो, कृष्ण पक्ष, अमावस्या, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 55

12 द बकिंघम मर्डरस' का ट्रेलर लॉन्च






## न्यूज डायरी

### नितेश का कमाल, भारत की झोली में दूसरा गोल्ड

**नयी दिल्ली।** पेरिस पैरालंपिक में भारत का जलवा जारी है। सोमवार को भारत की झोली में दूसरा गोल्ड भी आ गया। बैडमिंटन में नितेश कुमार ने कमाल करते हुए गोल्ड मेडल पर कब्जा जमाया। इससे पहले शूटिंग में अवनी लेखरा ने गोल्ड जीता था। पुरुष एकल बैडमिंटन फाइनल में कड़े मुकाबले में नितेश ने ब्रिटेन के डेनियल बेथेल को 21-14 18-21 23-21 से हराया।

### जैक ने 22 टॉपर्स को किया सम्मानित

**रांची।** जैक ने अपने स्थापना दिसव समारोह में सोमवार को माध्यमिक, इंटरमीडिएट, इंटर व्यावसायिक, मध्यमा एवं मदरसा परीक्षाओं के टॉपर्स को सम्मानित किया गया। फर्स्ट टॉपर को गोल्ड मेडल के साथ 21 हजार का नकद पुरस्कार, सेकंड टॉपर को सिल्वर मेडल के साथ 15 हजार और थर्ड टॉपर को ब्रॉन्ज मेडल के साथ 10 हजार का नगद पुरस्कार दिया गया। बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यालय को भी पहली बार पुरस्कृत किया गया।

### बोकारो: उग्रवादियों का तांडव कई वाहन फूंका

**बोकारो।** पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएलएफआई) के उग्रवादियों ने तांडव मचाया है। जैना मोड़ से गोला सड़क बना रही एनजी प्रोजेक्ट कंपनी के साइट पर उग्रवादी संगठन ने अपना निशाना बनाया। उग्रवादियों ने कंपनी के डोजर और रोलर को फूंक दिया। मौके पर कई पोस्टर भी छोड़े हैं। इस पोस्टर के जरिए पांच लाख रुपये की लेवी मांगी गयी है। कहा गया है कि जब तक पीएलएफआई को ये पैसे नहीं मिल जाते, काम बंद रहेगा।

### बुलडोजर न्याय : याचिका पर 17 को शीर्ष सुनवाई

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने यूपी समेत कुछ राज्यों में चले कथित 'बुलडोजर न्याय' के खिलाफ दायर याचिका पर सोमवार को कहा कि किसी भी आरोपी या संदिग्ध या यहां तक कि दोषी की अचल संपत्तियों (मकान, दुकान आदि) को बिना पूरी कानूनी प्रक्रियाओं का पालन किये नहीं ढहाया जा सकता। शीर्ष अदालत ने इस याचिका पर सुनवाई के बाद सभी पक्षों से सुझाव देने को कहा और मामले की अगली सुनवाई के लिए 17 सितंबर की तारीख मुकर्रर कर दी। न्यायमूर्ति बीआर गवई और के विश्वनाथन की पीठ ने यह टिप्पणी की ।

### गहना आभूषण

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | : 67300 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : 85000 रु./प्रति किलो |




## दिल्ली में आज झारखंड भवन का उदघाटन करेंगे सीएम

# दिखेगी आदिवासी सांस्कृतिक झलक

- झारखंड की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की झलक दिखेगी
- 9515.95 वर्ग मीटर में सात मंजिला होगा भवन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड का नया भवन दिल्ली के बंगला साहिब रोड पर बनकर तैयार है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मंत्रिमंडल के सदस्यों के साथ मंगलवार को इस भवन का उद्घाटन करेंगे। राष्ट्रीय राजधानी में राज्य के आधिकारिक निवास के रूप में उपयोग के लिए बनाये गये नये झारखंड भवन की कई विशेषताएं हैं। पूरे भवन में आदिवासी संस्कृति और धरोहर की झलक दिखेगी। इसका डिजाइन समकालीन और भव्य



है। भूतल के अतिरिक्त सात मंजिला इस भवन का कुल निर्माण क्षेत्रफल 9515.95 वर्ग मीटर है। इसे बनाने में करीब सौ करोड़ रुपए की लागत आयी है। समारोह में मुख्य सचिव एल खियांग्ते, सीएम के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार,भवन निर्माण सचिव अरवा राजकमल समेत कई वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहेंगे।

### पर्यावरण अनुकूलता का खास ध्यान

झारखंड भवन का निर्माण पर्यावरण के अनुकूल किया गया है। एक ग्रीन बिल्डिंग के रूप में इसकी कई विशेषताएं हैं। ऊर्जा-कुशल प्रणालियों का उपयोग किया गया है। वर्षा जल संचयन और अपशिष्ट प्रबंधन का खास ध्यान रखा गया है। जिसका उद्देश्य इसके कार्बन डाइऑक्साइड के उत्सर्जन को कम करना है। यह सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी), .वर्षा जल संचयन टैंक,. केंद्रीकृत एचवीएसी प्लांट, दिव्यांगों के लिए अनुकूल बिल्डिंग है।

(शेष पेज 11 पर)

## मानगो फ्लाई ओवर निर्माण का पाइल टेस्ट सफल

# छह से पीलर का निर्माण शुरू : बन्ना गुप्ता

### 3.4 किमी लंबा होगा, 252 करोड़ आयेगी लागत

**सत्येन्द्र कुमार**

**जमशेदपुर।** स्वास्थ्य मंत्री सह जमशेदपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक बन्ना गुप्ता का ड्रीम प्रोजेक्ट मानगो फ्लाईओवर निर्माण के दिशा में महत्वपूर्ण खुशखबरी मिली है। तकनीकी रूप से फ्लाई ओवर निर्माण के लिए किया जा रहा पाईल टेस्ट सफल रहा हैं। 1875 एमटी का लोड दिया गया। इस मौके पर बन्ना गुप्ता ने कहा कि 6 सितंबर से फ्लाई ओवर के पिलर निर्माण का काम विधिवत शुरु हो जायेगा। 3.4 किमी लंबे इस फ्लाई ओवर के निर्माण पर 252 करोड़ रुपये का खर्च आयेगा। निर्माण कार्य शुरू होने के बाद इसे 18 माह के भीतर बन कर तैयैर हो जायेगा। फ्लाई ओवर बन जाने के बाद मानगो और साकची के बीच सड़क जाम से जनता को स्थायी रूप से मुक्ति मिल जायेगी । बन्ना गुप्ता ने बताया कि मानगो की जनता से किया वायदा अब पूरा होगा। 27 अगस्त से



किया जाने वाला पाईल टेस्ट 29 अगस्त को सफलता हासिल किया जिसमें 1875 मिट्रिक टन का लोड दिया गया था जो पूरी तरह सफल रहा। अब पीलर निर्माण का कार्य शुरू किया जायेगा। दुर्गा पूजा तक का लक्ष्य हैं कि डिमना रोड स्थित ब्लूबेल्स स्कूल से शुरू होने वाला पाइल नंबर 30 से कार्य शुरू होगा और 29, 28 नंबर के बाद 13 नंबर वाला पाइल जो स्वर्णरेखा नदी के किनारे हैं वो पूरा हो जायें। उन्होंने 6 सितम्बर के शुभ दिन को पूरे विधि विधान से हो रहे शुभारम्भ में जलोगों से भाग लेने की अपील की है। उन्होंने कहा कि बहुत सारी बाधाएं आयी लेकिन मानगो की जनता से किया गया वायदा के लिए मैंने हर संभव प्रयास किया और इसका नजीता सामने आया।

# डिजिटल कृषि मिशन समेत सात परियोजनाओं को मंजूरी



**एजेंसी**

**नयी दिल्ल।** प्रौद्योगिकी के माध्यम से किसानों के जीवन को बेहतर बनाने के प्रयास में, पीएम मोदी की अगुवाई में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने सोमवार को 2,817 करोड़ रुपये के डिजिटल कृषि मिशन की शुरूआत की घोषणा की। किसोनों के हित में केंद्र ने 13,966 रुपये की कुल सात कृषि परियोजनाओं को अपनी मंजूरी दी है। कैबिनेट के फैसलों की जानकारी देते हुए केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा, कि, कुछ अच्छे पायलट प्रोजेक्ट शुरू किये गये हैं और हमें सफलता मिली है। उसी के आधार पर 2,817 करोड़ रुपये के कुल निवेश के साथ डिजिटल कृषि मिशन की स्थापना की जायेगी। किसानों के जीवन को बेहतर बनाने और उनकी आय बढ़ाने के लिए 7 बड़े फैसले लिये गये हैं। पहला है डिजिटल कृषि मिशन। इसे कृषि के लिए डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना की संरचना की तर्ज पर विकसित किया जा रहा है।
अश्विनी वैष्णव ने कहा, दूसरा निर्णय खाद्य और पोषण सुरक्षा से संबंधित है। हम अपने किसानों

### मोदी की सौगात कृषि उपज व आय बढ़ाने के लिए 13966 करोड़ की मंजूरी

और कृषि समुदाय को 2047 के लिए जलवायु-लचीले फसल विज्ञान और खाद्य सुरक्षा और पोषण सुरक्षा के लिए कैसे तैयार करें। इसे ध्यान में रखते हुए इस कार्यक्रम के लिए 6 स्तंभ स्थापित किये गये हैं, जो 3,979 करोड़ रुपये की लागत के होंगे। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के तहत कृषि शिक्षा, प्रबंधन और सामाजिक विज्ञान को मजबूत करने के लिए 2,291 करोड़ रुपये का तीसरा बड़ा निवेश आवंटित किया गया है। इसका उद्देश्य कृषि शिक्षा का आधुनिकीकरण करना है। डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे, कृत्रिम बुद्धिमत्ता ,बड़ा डेटा और रिमोट सेंसिंग सहित नवीनतम तकनीकों को शामिल किया जायेगा। इसके अलावा, कैबिनेट ने सतत पशुधन स्वास्थ्य और उत्पादन के लिए 1,702 करोड़ रुपये सहित प्रमुख कृषि पहलों के लिए पर्याप्त धन आवंटित किया है।

## सिपाही भर्ती दौड़ में अभ्यर्थियों की मौत दुर्भाग्यपूर्ण : डीजीपी

# सीएम ने दिया जांच का आदेश

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड में उत्पाद सिपाही बहाली की शारीरिक दक्षता परीक्षा में दौड़ के दौरान लगातार हो रही अभ्यर्थियों की मौत मामले की सीएम हेमंत सोरेन ने जांच के आदेश दिये हैं। डीजीपी अनुराग गुप्ता ने इसकी पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने निर्देश पर अब इस मामले की गहन जांच होगी। सीएम हेमंत ने अपने ट्वीट में कहा, जोहार साथियो। उत्पाद सिपाही की नियुक्ति प्रक्रिया में दौड़ के क्रम में प्रतिभागियों की असामयिक मृत्यु दुःखद और



मर्माहत करने वाली है। पूर्ववर्ती सरकार द्वारा बनायी गयी नियमावली की अविलंब समीक्षा का निर्देश देते हुए हमने इस ढंग की भविष्य की सभी बहालियों के लिए नियमावली में बदलाव की समीक्षा का निर्णय लिया है।

### डीजीपी ने कहा गहन जांच होगी

डीजीपी ने दौड़ के दौरान अभ्यर्थियों की मौत लगातार हो रही मौतों को बहुत दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। डीजीपी अनुराग गुप्ता ने कहा कि हमने सभी मामलों में यूडी केस दर्ज किये हैं और पोस्टमार्टम करवाये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जांच में यह जानने का प्रयास कर रहे हैं कि अभ्यर्थियों की मौत किसी बीमारी के कारण हुई है या व्यवस्था में किसी कमी के कारण, या फिर किसी अभ्यर्थी ने कुछ ऐसा सेवन किया, जिससे उसके साथ यह घटना घटी।

### भर्ती केंद्रों पर सभी सुविधाएं

डीजीपी अनुराग गुप्ता ने कहा कि भर्ती केंद्रों पर सभी जरूरी सुविधाओं की व्यवस्था की गयी है।केंद्र पर पीने का पानी, शौचालय, डॉक्टर, नर्स, ओआरएस और जरूरी दवाओं की व्यवस्था है। उन्होंने कहा कि बहाली प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता के साथ चल रही है।

अलग-अलग जिलों में अबतक 12 अभ्यर्थियों की मौत हो चुकी है। पलामू में सबसे अधिक 5 अभ्यर्थियों की मौत का मामला सामने आया है।

### सीएम हेमंत ने अजमेर शरीफ में की चादरपोशी

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन सोमवार को एक दिवसीय यात्रा पर अजमेर पहुंचे। उन्होंने वहां विश्व प्रसिद्ध सूफी संत हजरत ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह में जियारत की ओर अकीदत के फूल और मखमली चादर पेश कर दुआएं मांगी। उनके साथ उनके परिवार के सदस्य भी थे। सीएम कहा कि वह दरगाह में परिवार के साथ जियारत के लिये आये हैं। हम एक दूसरे का हाथ पकड़ कर लोग सदियों से चलते आये हैं।

## कोल्हान दौरे पर राज्यपाल ने किया संवाद, सुनी समस्याएं, कहा

# योजनाओं का लाभ सबको मिले, यही मेरा प्रयास

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने सोमवार को सरायकेला-खरसावां के रुगड़ी पंचायत के ग्रामीणों से संवाद किया। ग्रामीणों से उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की कई योजनाए चल रही हैं। आपको योजनाओं का लाभ मिल रहा है या नहीं, यह जानने आया हूं। योजनाओं का लाभ सबकों मिले यही मेरा प्रयास है। राज्यपाल ने कहा कि पीएम मोदी



भी चाहते हैं कि आप सभी को योजनाओं का शत प्रतिशत लाभ मिले। इसमें कोई समस्या हो तो बतायें, ताकि सरकार व प्रशासन को इससे अवगत कराया जा सके।
संवाद कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल ने सखी मंडल के सदस्यों के समूह के बीच सीआईएफ के तहत चेक प्रदान किया।
लाभुकों के बीच विभिन्न योजनाओं के तहत उरद मिनी कीट, मातृत्व प्रसूति प्रसुविधा योजना, मेधावी पुत्र-पुत्री छात्रवृत्ति योजना (श्रम), प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना, केसीसी, पीएमएफएमई, प्रधानमंत्री जनमन योजना, वनाधिकार पप्ता अधिनियम के तहत भूमि पट्टा का वितरण किया गया। मौके पर कई लोगों ने उन्हें अपनी समस्याएं बतायी। राज्यपाल अधिकारियों को इन समस्याओं के समाधान का निर्देश दिया।

(शेष पेज 11 पर)

### फंदे पर लटका मिला पति और पत्नी का शव


**सरायकेला।** कपाली ओपी क्षेत्र अंतर्गत वार्ड संख्या दो के मिल्लत नगर शाहीन कॉलोनी में पति-पत्नी का फंदे से लटकता शव मिला। मृतकों की पहचान गैरेज मिस्त्री हुसैन (25) और उसकी पत्नी दिलकश (18) के रूप में की गयी। कपाली ओपी पुलिस ने सोमवार को शव का पंचनामा तैयार कर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृत महिला के शरीर व गर्दन पर तेज धारदार हथियार के निशान थे, जबकि उसका पति मृत पाया गया। उसके शरीर पर किसी प्रकार का निशान नहीं था।

# जाति जनगणना शासन के अधिकार क्षेत्र में : शीर्ष कोर्ट

## यह नीतिगत मामला, याचिका पर सुनवाई से किया इनकार

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को पिछड़े और अन्य हाशिये पर पड़े वर्गों के कल्याण के लिए सामाजिक-आर्थिक जाति जनगणना कराने के लिए केंद्र को निर्देश देने की मांग वाली याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया । अदालत ने कहा कि यह मुद्दा शासन के अधिकार क्षेत्र में आता है। न्यायमूर्ति हृषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति एसवीएन भट्टी की पीठ ने याचिकाकर्ता पी प्रसाद नायडू को अपनी याचिका वापस लेने की अनुमति दे दी, जिसमें उन्होंने जनगणना के लिए आंकड़ों की गणना में तेजी लाने का निर्देश देने की मांग की थी।



पीठ ने याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता रविशंकर जंडियाला और अधिवक्ता श्रवण कुमार करणाराम से कहा, 'इस बारे में क्या किया जा सकता है? यह मुद्दा शासन के अधिकार क्षेत्र में है। यह नीतिगत मामला है। जंडियाला ने कहा कि कई देशों ने ऐसा किया है लेकिन भारत को अभी ऐसा करना है। उन्होंने कहा, '1992 के इंदिरा स्वाहने फैसले (मंडल आयोग के फैसले) में कहा गया है कि यह जनगणना समय-समय पर की जानी चाहिए.' पीठ ने उनसे कहा कि वह याचिका खारिज कर रही है, क्योंकि अदालत इस मुद्दे में हस्तक्षेप नहीं कर सकती। अदालत के मूड को भांपते हुए वकील ने याचिका वापस लेने की अनुमति मांगी, जिसे पीठ ने मंजूर कर लिया।
याचिका में कहा गया है कि जनगणना न केवल जनसंख्या वृद्धि पर नजर रखने का साधन है, बल्कि यह देश के लोगों का व्यापक सामाजिक-आर्थिक डेटा भी उपलब्ध कराती है। इसका उपयोग नीति-निर्माण, आर्थिक नियोजन और विभिन्न प्रशासनिक उद्देश्यों के लिए किया जा सकता है। साथ ही यह भारतीय जनसंख्या की विभिन्न विशेषताओं जैसे लिंग, आयु, आय, व्यवसाय, प्रवासन पैटर्न आदि पर सांख्यिकीय जानकारी का सबसे बड़ा भंडार है। इससे सामाजिक-आर्थिक जाति जनगणना से वंचित समूहों की पहचान करने, समान संसाधन वितरण सुनिश्चित करने और लक्षित नीतियों के कार्यान्वयन की निगरानी करने में मदद मिलेगी। स्वतंत्रता के बाद पहली बार 2011 में आयोजित सामाजिक आर्थिक जाति जनगणना (एसइसीसी) का उद्देश्य जाति संबंधी जानकारी सहित सामाजिक-आर्थिक संकेतकों पर व्यापक आंकड़े एकत्र करना था।

## इडी ने प्रमोद कुमार सिंह की 1.63 करोड़ की संपत्ति जब्त की

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रांची प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की रांची शाखा ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के प्रावधानों के तहत बड़ी कार्रवाई की है। ईडी ने आय से अधिक संपत्ति और राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन (एनआरएचएम) फंड के दुरुपयोग से जुड़े मामले में प्रमोद कुमार सिंह और उनके परिवार की लगभग 1.63 करोड़ रुपये की अचल संपत्ति अस्थायी रूप से जब्त की है।
ईडी की जांच में खुलासा हुआ है कि प्रमोद कुमार सिंह, जो प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में ब्लॉक अकाउंट मैनेजर के पद पर संविदा के आधार पर कार्यरत थे, ने अपने पद का दुरुपयोग कर स्वर्गीय शशि भूषण प्रसाद, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी के साथ मिलकर सरकारी फंड का गबन किया। उन्हें एनआरएचएम फंड निकालने और खर्च करने के लिए संयुक्त रूप से अधिकृत किया गया था। ईडी के अनुसार, इन दोनों अधिकारियों ने जिला स्वास्थ्य सोसाइटी द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, झरिया सह जोड़ापोखर को आवंटित 9.39 करोड़ रुपये की सरकारी राशि का गबन किया। यह घोटाला सामने आने के बाद प्रमोद सिंह को बर्खास्त कर दिया गया था।

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

सुप्रभात

मंगलवार 03.09.2024

धनबाद, वर्ष 01, अंक 136

epaper.khabarmantra.net

# खबर मन्त्र

धनबाद और रांची से एक साथ प्रकाशित

सबकी बात सबके साथ



# आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार में 13 हजार से अधिक आवेदन

## निष्पादन हुआ सिर्फ 2972 का, 1764 लाभुकों के बीच हुआ परिसंपत्तियों का वितरण

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के चौथे दिन यानी सोमवार को विभिन्न शिविरों में कुल 13 हजार 8 सौ 78 आवेदन आये। इनमें महज 2972 आवेदनों का निष्पादन किया गया। फोकस स्कीम के 6878 आवेदनों में 428 तथा बेनेफिशियरी ओरिएंटेड स्कीम के 3813 में 568 आवेदन निष्पादित किए गए। 1764 लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। शिविरों में विभिन्न 212 शिकायतों का निवारण ऑन द स्पॉट किया गया। बेनेफिशरी ओरिएंटेड स्कीम में सामुदायिक वन पट्टा के 32 में से 32 आवेदनों को स्वीकृत कर शत प्रतिशत आवेदन निष्पादित किए गए।

### इन योजनाओं के लिए आये आवेदन

अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के 106, अबुआ आवास योजना के 5536, सर्वजन पेंशन 424, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना 227, जाति 282, आवासीय 195 व आय प्रमाण पत्र के 108, वृद्धा पेंशन के 269, विधवा पेंशन 28, दिव्यांगजन पेंशन 30, आयुष्मान कार्ड 298, सामुदायिक वन पट्टा के 32, व्यक्तिगत वन पट्टा के लिए 01, राजस्व अभिलेखों में संशोधन के 39, आय प्रमाण पत्र 4, जन्म प्रमाण पत्र 30, मृत्यु प्रमाण पत्र में संशोधन 2, आधार कार्ड में संशोधन 278, राशन कार्ड में संशोधन के लिए 995 तथा बिजली सम्बन्धी समस्या के 57 आवेदन प्राप्त हुए। वहीं शिविर में 1764 लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। 37 लैमिनेटेड जाति प्रमाण पत्र, 33 छात्र/छात्राओं के बीच साईकिल क्रय हेतु प्रतीकात्मक चेक, 1691 एसएचजी/ कलस्टर सदस्यों की बीच आइडेंटी कार्ड का वितरण तथा तीन लाभुकों के बीच धोती साड़ी लुंगी का वितरण किया गया।

### इन योजनाओं का किया गया निष्पादन

अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के 20, अबुआ आवास योजना के 272, सर्वजन पेंशन के 23, जाति प्रमाण पत्र व आवासीय प्रमाण पत्र के 51 – 51 तथा आय प्रमाण पत्र के 11, वृद्धा पेंशन के 6, विधवा व दिव्यांगजन पेंशन के एक-एक, आयुष्यमान कार्ड 71, सामुदायिक वन पट्टा के 32, आधार कार्ड में संशोधन के 185, राशन कार्ड में संशोधन के 20 तथा बिजली संबंधी समस्या के 7 आवेदनों को निष्पादित किया गया।

## स्पीड न्यूज

### गोविंदपुर लायंस क्लब के शिविर में हुई मधुमेह एवं रक्तचाप की नि:शुल्क जांच



**गोविंदपुर।** गोविंदपुर लायंस क्लब ने सोमवार को विश्वकर्मा पॉलीक्लिनिक में शिविर लगाकर 42 लोगों के मधुमेह एवं रक्तचाप की नि:शुल्क जांच की। डॉ उमेश लाल विश्वकर्मा ने लोगों को सलाह दी। उन्हें दवा भी दी गई। क्लब अध्यक्ष संदीप विश्वकर्मा ने सभी का स्वागत किया और कहा कि आगे भी इस तरह के शिविर लगाए जाएंगे। मौके पर रीजन चेयर पर्सन कमल कुमार अग्रवाल, केडीएन आजाद, राजेश जायसवाल, राकेश अग्रवाल आदि मौजूद थे।

### लिलोरी मंदिर श्मशान में कौशिकी अमावस्या समारोह में जुटे जनप्रतिनिधि



**कतरास।** लिलोरी मंदिर स्थित श्मशान प्रांगण में आयोजित कौशीकी अमावस्या समारोह में सोमवार को क्षेत्र के कई प्रतिनिधियों ने भाग लिया। समारोह में कांग्रेस नेता रोहित यादव, धनबाद सांसद प्रतिनिधि शरद महतो आदि उपस्थित थे। उन्होंने अपने सम्बोधन में आयोजन कर्ताओं को बधाई दी तथा सामाजिक उत्थान के लिए मदद करने का वादा किया। मौके पर दिलीप मिश्रा भोला पासवान, परदेशी यादव, राजू सिंह, चुन्ना यादव, राजेश स्वर्णकार, अरविंद ठाकुर, आकाश, मनबोध आदि मौजूद थे।

### सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में परसंपत्तियों का हुआ वितरण



**जामताड़ा।** नारायणपुर प्रखंड क्षेत्र के डाभाकेन्द्र व टोपाटांड़ पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में सोमवार को सरकारी विभागों द्वारा कई स्टॉल लगाकर ग्रामीणों की समस्या दूर करने का प्रयास किया गया। इस अवसर पर बीडीओ मुरली यादव ग्रामीणों की समस्याओं से सीधे तौर पर रू ब रू हुए। उन्होंने ग्रामीणों को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार के तहत परिसंपत्तियों का वितरण किया। बीडीओ ने बताया कि सरकार द्वारा चलाई जा रही महत्वकांक्षी योजनाओं का स्टॉल लगाया गया है, जहां उनसे आवेदन लेकर ऑन द स्पॉट समाधान किया जा रहा है। मौके पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी राजेन्द्र प्रसाद सिंह,बीईईओ सुखदेव यादव,अंचल निरीक्षक निरंजन मिश्रा,उप प्रमुख मीना देवी, पंचायत सचिव, मुखिया साकिता हेम्ब्रम मौजूद थे।

# धनबाद में 26 लाख का अलकतरा घोटाला, 27 वर्ष बाद आया फैसला

## इंजीनियर, सप्लायर, लिफ्टर एवं बीसीसीएल कर्मी समेत 10 साक्ष्य के अभाव में रिहा

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद ।** धनबाद पथ प्रमंडल में 27 वर्ष पूर्व 25 लाख 98 हजार 400 रुपए कीमत के 240 मेट्रिक टन अलकतरा घोटाला में सोमवार को अदालत ने अपना फैसला सुनाया है। जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय सह विशेष न्यायाधीश सीबीआई राकेश कुमार की अदालत ने इस मामले के कुल 10 आरोपियों को साक्ष्य के अभाव में रिहा करने का आदेश दिया है। आरोपियों में ट्रांसपोर्टर अशोक अग्रवाल, सप्लायर विनय कुमार सिंन्हा, लिफ्टर रंजन प्रधान, तरुण कुमार गांगुली, असित मैती, रामस्वरूप मंडल, बीसीसीएल के कर्मचारी सत्यव्रत गुप्ता एवं ए एस टोपनो, तथा एन एच 2 के इंजीनियर कृष्ण के प्रसाद एवं भगवान दास के नाम शामिल हैं। अदालत में आज दो आरोपी विनय कुमार सिंन्हा तथा भगवान दास की ओर से प्रतिनिधित्व का आवेदन दिया गया था जबकि अन्य आरोपी अदालत में उपस्थित थे। आरोपियों की ओर से वरीय अधिवक्ता मनोज कुमार सिंन्हा ,कुमार मनीष तथा बबन सिंन्हा ने पैरवी की।

बचाव पक्ष के अधिवक्ता मनोज कुमार सिंन्हा एवं कुमार मनीष के अनुसार सीबीआई वर्ष 1997 में आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया था।

आरोपियों के खिलाफ आरोप था कि सप्लायर विनय कुमार सिंन्हा को धनबाद राष्ट्रीय राजमार्ग दो के मरम्मत हेतु 500 मेट्रिक टन अलकतरा सप्लाई करने का ठेका मिला था। अलकतरा हल्दिया के भारत पेट्रोलियम से उठाकर बरौनी लाना था और वहां से राष्ट्रीय राजमार्ग दो के विभिन्न स्थानों में सप्लाई करनी थी। सप्लायर विनय कुमार सिंन्हा अपने लिफ्टरों की मदद से अलकतरा हल्दिया से उठाकर बिना बरौनी गए सिर्फ 288 मेट्रिक टन अलकतरा धनबाद डिवीजन में सप्लाई की तथा बीसीसीएल के दोनों कर्मचारियों की मदद से फर्जी दस्तावेज तैयार करवरकर अन्य आरोपियों की मिली भगत से 240 मेट्रिक टन अलकतरा का गवन कर लिया जिसकी कुल कीमत 17 लाख 81 हजार रुपए बताई जाती है। सप्लायर विनय कुमार सिंन्हा द्वारा 8 ट्रक कम अलकतरा की सप्लाई किए बिना उसका भाड़ा भी राज्य सरकार से 4 लाख17 हजार 400 रुपए का भुगतान ले लिया था। अनुसंधान के बाद सीबीआई वर्ष 2001 में आरोपियों के खिलाफ अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया तदोपरांत अदालत आरोपियों के खिलाफ आरोप गठन कर अभियोजन साक्ष्य चलाया। सीबीआई की ओर से कुल 20 गवाहों की गवाही कराई गई थी। सीबीआई अदालत में आरोपियों के खिलाफ लगाए गए आरोपी को प्रमाणित करने में असफल साबित हुई। अदालत ने सभी आरोपियों को साक्ष्य के अभाव में रिहा करने का आदेश दिया है।

## नाबालिग के साथ अपहरण के आरोपी को तीन वर्ष कैद

धनबाद। नाबालिग का अपहरण करने के एक मामले में आज अदालत ने अपना फैसला सुनाया धनबाद पोक्सो एक्ट के विशेष न्यायाधीश प्रभाकर सिंह की अदालत ने मामले के नामजद आरोपी चंदनकियारी निवासी संटू कर्मकार को तीन वर्ष कैद एवं दस हजार रुपए जुर्माना से दंडित किया है। प्राथमिकी पीड़िता के पिता की शिकायत पर धनसार थाने में 18 दिसंबर 23 को दर्ज की गई थी। प्राथमिकी के मुताबिक 15 दिसंबर 23 को सुबह 10 :00 बजे पीड़िता अपने स्कूल के लिए घर से निकली थी लेकिन शाम तक वापस नहीं आई। पिता ने धनसार थाने में गुमसुदगी का सनहा दर्ज कराया अनुसंधान के क्रम में पता चला कि संतु पीड़िता को शादी की नीयत से बहला फुसलाकर अपने साथ नागपुर ले गया है। अनुसंधान के बाद पुलिस ने 17 फरवरी 24 को आरोप पत्र दायर किया था 4 मार्च 24 को आरोप तय होने के बाद सुनवाई शुरू हुई थी इस दौरान अभियोजन ने साथ गवाहों का परीक्षण कराया था।

## एक नजर में

### केंद्रीय सतर्कता आयोग ने एरिया 3 में चलाया जागरुकता अभियान



**कतरास।** बीसीसीएल में केन्द्रीय सतर्कता आयोग ने गोविंदपुर क्षेत्र संख्या 3 कार्यालय में उतखनन विभाग के साथ त्रैमासिक निवारक सतर्कता जागरुकता अभियान चलाया। इस कार्यक्रम में कोयला भवन मुख्यालय से विनोद कुमार विमल, महाप्रबंधक (उत्खनन), माधव कृष्णा, प्रबंधक (उत्खनन), गणेश चन्द्र साहा महाप्रबंधक (गोविंदपुर क्षेत्र), अभय कुमार क्षेत्रीय प्रबंधक उत्खनन, गोविंदपुर क्षेत्र, अमित कुमार महतो, क्षेत्रीय प्रबंधक (कार्मिक) तथा सभी विभागों के अधिकारी और कर्मी मौजूद थे। इस अवसर पर सभी ने सत्य व निष्ठा की शपथ ली। तत्पश्चात महाप्रबंधक ने कार्य प्रणाली सुधार, मानक संचालन पद्वति, कार्यालय आदेश, परिपत्रों आदि के संबंध में आवश्यक जानकारी दी।

### बीआईटी रोट्रेक्ट क्लब ने चलाया मासिक धर्म स्वच्छता जागरुकता अभियान



**सिंदरी।** युवतियों के बीच मासिक धर्म स्वच्छता के प्रति जागरुकता अभियान के तहत बीआईटी सिंदरी के रोट्रेक्ट कल्ब ने सोमवार को पंख कार्यक्रम के तीसरे संस्करण में मासिक धर्म स्वास्थ्य, अच्छे और बुरे स्पर्श सहित स्वयं की सुरक्षा के गुर सिखाए। रोट्रेक्ट कल्ब के सदस्यों ने सभी से समर्थन की अपील की। कहा कि इससे लड़कियाँ बिना झिझकआवश्यक ज्ञान और संसाधन प्राप्त कर सकती हैं। क्लब का लक्ष्य कलंक से मुक्त सपनों को साकार करने वाली युवतियों से भरा समाज बनाना है। इससे लड़कियों को स्वच्छता के साथ आत्मविश्वास और गरिमा के साथ जीवन जीने के लिए सक्षम बनाना है। इस सत्र के बाद क्लब के सदस्यों ने रांगामाटी उत्क्रमित उच्च विद्यालय, मदर टेरेसा स्कूल सिंदरी और डीएवी हाई स्कूल टासरा में लगभग 3500 सैनिटरी पैड का वितरण किया। रोट्रेक्ट क्लब के सदस्यों में सुमन कुमारी, रिया दुबे, कोमल शर्मा, नूपुर रजक, राजश्री, आयुषी, मृदुला खुशी, ऋषिका सिंह, अदिति चौधरी, सुमित, प्रताप, शाहजमान, अभिषेक, सत्यम, रिमिल, बबन, करण, सिद्धांत, शोभित, शशिकांत और तुषित ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

### सशिमं श्यामडीह के छात्र-छात्राओं ने विद्या भारती में लहराया परचम



**कतरास।** विद्या भारती के तत्वावधान में कस्तुरबा विद्या मंदिर ढोरी में 31 अगस्त और 1 सितम्बर तक आयोजित झारखंड प्रांत स्तरीय विज्ञान एवं वैदिक गणित प्रश्न मंच प्रतियोगिता में सरस्वती शिशु मंदिर के छात्र–छात्राओं ने अव्वल स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में झारखंड के आठ विभागों की 16 प्रतिभागी टीमों ने विज्ञान प्रश्न मंच में भाग लिया। इस अवसर पर विद्यालय समिति के अध्यक्ष प्रदीप खेमका, सचिव विक्रम राजगढ़िया, प्रधानाचार्य अभिमन्यु कुमार, उप–प्राचार्य श्रेया सरकार ने विजेता छात्र–छात्राओं की प्रशंसा करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा आगे की क्षेत्रीय एवं राष्ट्रीय प्रतियोगिता जीतने की प्रेरणा दी। विद्यालय की इस गौरवशाली उपलब्धि पर सभी आचार्यों को बधाई दी गई।

### फतेहपुर उत्क्रमित उच्च विद्यालय की प्रबंध समिति का हुआ पुनर्गठन



**पूर्वी टुंडी।** प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित उच्च विद्यालय फतेहपुर में सोमवार को विद्यालय प्रबंध समिति का पुनर्गठन पर्यवेक्षक दिनेश भट्टाचाय और संजीव कुमार मंडल की देख रेख में हुआ। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक सुशील हेंब्रम,समाज सेवी अजीत मिश्रा, शिक्षक चंद्रदेव मंडल, सुभाष मिश्रा आदि मौजूद थे। फतेहपुर के ग्रामीणों की सहमति से प्रबंध समिति का अध्यक्ष हलीम अंसारी को बनाया गया एवं मृदुला सिन्हा को उपाध्यक्ष चुना गया। विधालय प्रबंध समिति के नए सदस्यों मे पूजा देवी, टुसू देवी, रेखा देवी, लुखीमुनि मुर्मू, कुसमा कुमारी, कमाल अंसारी, मन्नान अंसारी, लोटन रजक, सुकलाल मरांडी, फारूक अंसारी शामिल हैं। प्रबंध समिति में कुल 19 सदस्य चुने गए हैं। नए अध्यक्ष एवं सदस्यों को बताया गया है कि विद्यालय की प्रत्येक मासिक बैठक में उपस्थित होना अनिवार्य है, ताकि पठन–पाठन एवं अन्य जरूरी बातों पर विद्यालय का ध्यान आकृष्ट कराया जा सके।

# एक तरफा प्यार में कर दी हत्या, आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

## पम्पू तालाब से महिला के गर्दन कटे शव बरामद मामले का हुआ खुलासा

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** पांडरपाला इलाके में विगत 31 अगस्त को पम्पू तालाब से बरामद महिला का गर्दन कटे शव के मामले का पर्दाफाश पुलिस ने कर दिया है। जांच में पता चला कि आरोपी इरफान अंसारी उर्फ कल्लू ने एकतरफा प्यार में महिला की हत्या कर दी थी। आरोपी ने महिला का सिर काटकर उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया, ताकि अपने विरोधी को फंसा सके। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही पर महिला का धड़ भी बरामद कर लिया है।

प्रेस वार्ता में धनबाद डीएसपी दीपक कुमार ने बताया कि पुलिस की जांच में पता चला कि किसी ने व्हाट्सएप पर हल्दी लगे कटे सिर की तस्वीर वायरल की थी। मोबाइल नंबर की जांच करने के बाद आरोपी इरफान अंसारी उर्फ कल्लू को बाईपास रोड स्थित सिटी स्कूल के पास से गिरफ्तार किया गया। आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह दास टोला की एक महिला से एक तरफा प्यार करता था और उसके भाई से विवाद होने के बाद बदला लेने के लिए इस वारदात को अंजाम दिया। आरोपी ने बहला-फुसलाकर महिला को धनबाद स्टेशन लाया और उसकी हत्या कर दी। आरोपी ने महिला का सिर काटकर उसके मामा के घर के आंगन में रखा और उसकी तस्वीर वायरल कर दी। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर महिला का धड़ पम्पू तालाब के दूसरे छोर पर झाड़ियों से बरामद किया है।

गिरफ्तार व्यक्ति से घटना के संबध में पूछने पर बतायें कि दास टोला की एक महिला से एक तरफा प्यार करता था जिसके भाई से इसका विवाद हुआ था उसी का बदला लेने के लिये एवं उसके भाई को फंसाने के लिये एक महिला को धनबाद स्टेशन के पास बात-चीत कर फुसला कर लाये एवं उसकी हत्या की एवं सर को काट कर दास टोला की महिला जिससे प्यार करता था के मामा के घर के आंगन में चापाकल के पास रखकर फोटो खिंचकर वायरल किया था। बाद में सर को दास टोला स्थित पम्पु तालाब के पास फेंक दिया और धड़ को पम्पु तालाब के दूसरे छोर में हौदा के पास झाड़ी में छुपा दिया।

छापामारी दल में भूली ओपी के पुअनि अभिनव कुमार, विवेक चौधरी, अमित कुमार सिंह, सअनि हरि प्रकाश मिश्रा, जयप्रकाश साहु एवं अन्य सशस्त्र बल थे।

### पेट्रोल सब्सिडी योजना बंद, मार्च से ही लाभुकों के खाते में नहीं आ रहा पैसा

**धनबाद।** दो साल पूर्व शुरू पेट्रोल सब्सिडी योजना अब पूरी तरह से बंद हो चुकी है। पिछले छह माह में किसी भी राशनकार्डधारी को इस योजना का लाभ नहीं मिला है। अब अमीर और मध्यम वर्ग की तरह निर्धन लोगों को भी बाजार मूल्य पर ही पेट्रोल भराना पड़ रहा है। ऐसे लाभुकों का कहना है कि अब सरकार ही सब्सिडी नहीं दे रही है तो क्या करें, घर में बाइक रखे हैं तो तेल तो भराना ही होगा। आपूर्ति विभाग के अधिकारियों का कहना है कि मार्च से ही आवंटन बंद है।

# सिंदरी टीओपी मैदान में 7 को विराजेंगे भगवान गणेश

## मुख्य अतिथि की हैसियत से आयेंगी कल्पना सोरेन एवं आशा महतो

खबर मन्त्र संवाददाता



**सिंदरी।** सिंदरी के टीओपी मैदान में झारखंड गणेश पूजा सह मेला 7 सितंबर से 22 सितंबर तक होगा। भगवान गणेश 7 सिंतबर को विराजमान होंगे। झारखंड के मुखिया हेमंत सोरेन की धर्मपत्नी सह गांडेय विधायक कल्पना सोरेन इस पूजा पंडाल का उद्घाटन करेंगी।

प्रेसवार्ता में यह जानकारी देते हुए समिति संरक्षक सह बलियापुर प्रखंड उप प्रमुख आशा महतो ने बताया कि गणेश पूजा और मेला की तैयारियां जोर शोर से की जा रही हैं। वर्ष 2003 से अनवरत जारी गणेश पूजा का आयोजन इस वर्ष भी महिला समिति द्वारा किया जाएगा। पूजा पंडाल सहित मेला स्थल भी सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में रहेगा।

जिला प्रशासन की मदद से हुड़दंगियों पर विशेष नजर रखी जाएगी। संस्थापक मिंटू मिश्रा ने बताया कि उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि कल्पना सोरेन और विशिष्ट अतिथि झामुमो नेत्री लक्ष्मी मुर्मू शामिल होंगी। उन्होंने बताया कि इस वर्ष मेला में ट्रेन ड्राइगन सुपर, बड़ा झूला, ब्रेक डांस, नौका डांस, टोरा टोरा सहित अन्य सामग्री के स्टॉल लगाए जा रहे हैं। इससे श्रद्धालुओं की भक्ति में चार चांद लगेगा। प्रेसवार्ता में अध्यक्ष नेहा मरांडी, उपाध्यक्ष लुखी मरांडी, प्रिया पाल, गुड्डी टुडू, शिक्षक सपन महतो मौजूद थे।

# डालसा का निकला जागरूकता रथ, एक माह तक जिले के सभी प्रखंडों का करेगा भ्रमण

## चलंत लोक अदालत को न्यायाधीश ने दिखायी हरी झंडी

खबर मन्त्र संवाददाता




**धनबाद।** झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर लोगों को जागरूक बनाने के लिए जागरूकता रथ सोमवार को सिविल कोर्ट से रवाना हुआ। धनबाद के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह चेयरमैन जिला विधिक सेवा प्राधिकार राम शर्मा ने जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस मौके पर न्यायाधीश श्री शर्मा ने बताया कि लोगों को जागरूक बनाने, सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देने, तत्सम प्रवृत्त विभिन्न कानूनों की जानकारी देने के लिए चलंत लोक अदालत सह जागरुकता रथ द्वारा 30 सितंबर तक जिले के हर कस्बे, मुहल्ले, गांव व ब्लॉक में जाकर लोगों को विभिन्न कानूनों की जानकारी दी जाएगी। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी आरती माला ने बताया कि चलंत लोक अदालत द्वारा लोगों को विभिन्न सरकारी योजनाओं व कानूनों के प्रति जागरूक बनाया जाएगा। मौके पर आयीं समस्याओं का तुरंत समाधान होगा। मौके पर अवर न्यायाधीश सह प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार निताशा बारला ने बताया कि आज जागरुकता रथ एग्यारकुंड प्रखंड गया। जहां एलएडीसीएस चीफ कुमार विमलेंदु व कन्हैया लाल ठाकुर एवं पीएलभी अब्दुल कलाम, विनय कुमार सिन्हा लोगों को विभिन्न कानूनों के प्रति जागरूक किया।

**ये लोग भी थे उपस्थित :** मौके पर कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश तौफीकुल हसन, जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुजीत कुमार सिंह, सीबीआई के विशेष न्यायाधीश रजनीकांत पाठक, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी आरती माला, अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी राजीव त्रिपाठी, एलएडीसीएस चीफ कुमार विमलेंदु, डिप्टी चीफ अजय कुमार भट्ट, बार एसोसिएशन के महासचिव जितेंद्र कुमार जिला विधिक सेवा प्राधिकार के पैनल अधिवक्ता, विनोद कुमार, विश्वजीत कुमार सिंह, अलका सिंह, सोनिया कुमारी, श्रीनिवास प्रसाद, विक्रमादित्य पांडे, जयराम मिश्रा, हरि विश्वकर्मा, रंजन कुमार सिन्हा, करुणा सिंह, सुभाष चंद्र, प्रहलाद प्रसाद, हसन इमाम, सुधीर कुमार सिन्हा, पैरा लीगल वालंटियर शिवराज चौहान, राजेश कुमार सिंह, गीता कुमारी, अलसा सहायक सौरव सरकार, अरुण कुमार, संजय सिन्हा, अनुराग पांडे, संतोष कुमार, सिविल कोर्ट के तमाम कर्मचारी व अन्य लोग उपस्थित थे।

### रथ का तिथिवार कार्यक्रम

सचिव श्रीमती बारला ने बताया कि 3 सितंबर को पंचमोहली पंचायत, 4 से 5 तक कलिया सोल, 6 से 7 तक निरसा ब्लॉक 9 से 10 सितंबर तक बलियापुर ब्लाक की विभिन्न पंचायतों, 11 से 12 सितंबर तक गोविंदपुर , 13 से 16 सितंबर बाघमारा 17 से 18 सितंबर तक टुंडी ६, 19 सितंबर से 20 सितंबर तक पूर्वी टुंडी ब्लॉक और उसके विभिन्न पंचायतों ,21 से 23 सितंबर तक तोपचांची 24 से 25 सितंबर तक धनबाद ब्लॉक की विभिन्न पंचायतों व शहरी क्षेत्रों ,26 से 27 सितंबर तक झरिया ब्लॉक, 28 सितंबर को सिंदरी ब्लॉक और 30 सितंबर को पुटकी प्रखंड में जागरूकता रथ के माध्यम से लोगों को विभिन्न कानूनों एवम योजनाओं की जानकारी डालसा के पैनल अधिवक्ता ,पैरा लीगल वॉलिंटियरन्यायिक पदाधिकारियों द्वारा दी जाएगी।

# एसपी कॉलेज के प्राचार्य पर शिक्षक संघ स्कमुटा ने लगाया तानाशाह रवैया अपनाने का आरोप

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**दुमका।** एसपी कॉलेज में शिक्षक संघ सिदो कान्हू मुर्मू टीचर एसोसिएशन (स्कमुटा) की बैठक सोमवार को आहूत हुई। बैठक की अध्यक्षता स्कमुटा महासचिव डॉ संतोष कुमार शील ने की। जबकि स्कमुटा कार्यकारिणी सदस्य डॉ सुजीत सोरेन विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। बैठक की शुरुआत स्कमुटा के एसपी कॉलेज अध्यक्ष डॉ शंभू कुमार सिंह ने की। संघ ने कॉलेज में व्याप्त समस्याओं पर चर्चा करते हुए समाधान पर चर्चा की गई। कॉलेज अध्यक्ष डॉ सिंह ने बैठक की शुरूआत में ही व्याप्त समस्याओं जैसे वीक्षण कार्य में, परीक्षा में कदाचार से संबंधित, प्रयोगात्मक परीक्षाओं में विभागाध्यक्ष की राय नहीं लेना, मूल्यांकन में विरमित होने पर भी बायोमेट्रिक की जबरदस्ती नियम लागू करना, निरंतर कॉलेज में शिक्षक के साथ हो रहे दुर्व्यहार को कैसे सकारात्मक माहौल में परिवर्तित करने, कॉलेज सदभाव से संचालित होने, समान अवधारणा एवं मानसिकता की स्थिति बनी रहे, उच्च शिक्षा को लगातार प्रोत्साहित करने के लिए कदम उठाना आदि कई समस्याओं पर चर्चा की गई। विदित हो प्राचार्य डॉ खिरोधर प्रसाद यादव के तानाशाही फरमानों से लगातार शिक्षकों की समस्याओं को बढ़ाने का आरोप लगया है। कॉलेज में पेयजल एवं शौचालय की समस्या बनी हुई है। कुछ क्लासरूम में स्मार्टबोर्ड तो है, लेकिन उसे किसी खजाने की तरह ताले की संग्रक्षण में रखने का आरोप कॉलेज प्रशासन पर लगाया। कॉलेज परिसर पूरी तरह से सीसीटीवी होने के बावजूद गरीब छात्रों की साइकिल चोरी होने, परीक्षा में वीक्षकों की संख्या छात्र अनुपात में ठीक नही होने समेत अन्य कई समस्याएं विश्वविद्यालय के इस प्रीमियम कॉलेज में व्याप्त होने का आरोप लगाया। उन्हें सुधारने की बजाय कॉलेज प्रशासन पर तानाशाही रवैया अपनाने का आरोप लगाया है। बैठक में शिक्षकों ने खुलकर कॉलेज के बेहतर भविष्य के लिए समस्याओं को उजागर किया। इस बावत प्राचार्य डॉ खिरोधर ने बताया कि सरकार के प्रधान सचिव के पत्र के आलोक में और विवि प्रशासन के निर्देश पर बायोमेट्रिक उपस्थिति अनिवार्य किया गया है। पेयजल एवं मूलभुत सुविधा का पुरा ख्याल रखा जाता है, जो कमियां है उसे भी प्रशासन दूर करने के दिशा में प्रयासरत है।

# बोकारो : साहित्योत्सव में विद्यार्थियों ने दिखाई अपनी तार्किक व बौद्धिक क्षमता



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** डीपीएस बोकारो में आयोजित तीन दिवसीय साहित्योत्सव का समापन अंतर सदन वर्तनी प्रतियोगिता के साथ हुआ। इस साहित्योत्सव के तहत विद्यार्थियों ने हिन्दी अंग्रेजी वाद विवाद प्रतियोगिताओं में जहां अपनी कुशल बौद्धिक व तार्किक क्षमता का परिचय दिया वहीं वर्तनी प्रतियोगिता में शब्दों पर अपनी मजबूत पकड़ का उदाहरण भी प्रस्तुत किया। 'बोधि- द इनलाइटनमेंट' नामक इस आयोजन के पहले दिन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस खतरनाक विषय पर अंग्रेजी वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें छात्र छात्राओं ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता के सकारात्मक एवं नकारात्मक पहलुओं को बखूबी प्रस्तुत किया। बेहतर प्रदर्शन के आधार पर जमुना हाउस की अंकिता साक्षी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि चेनाब हाउस की ईधा सिंह द्वितीय एवं गंगा सदन की आद्या मिश्रा तृतीय स्थान पर रही। दूसरे दिन आधुनिक परिवेश में मर्यादित सृजनशीलता को अपनाने की आवश्यकता विषय पर आयोजित हिंदी वाद-विवाद प्रतियोगिता में गंगा हाउस की कुमुद भारती प्रथम जमुना सदन की अनुष्का आर्या द्वितीय एवं झेलम हाउस की श्रेष्ठ रूपम द्विवेदी तृतीय स्थान पर रहीं। साहित्योत्सव के तीसरे दिन इंटर हाउस स्पेलिंग कंपटीशन में प्रथम स्थान पर सतलज हाउस की टीम रही जबकि जमुना और गंगा ने संयुक्त रूप से दूसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं रावी सदन की टीम तीसरे स्थान पर रही। सभी को प्रोत्साहित करते हुए प्राचार्य डॉ एएस गंगवार ने सफल आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त की।

## खबर एक नजर में

### बकाया वेतन को लेकर सुदर्शन समाज के प्रतिनिधि मंडल ने कार्यपालक पदाधिकारी को सौंपा ज्ञापन



बेरमो/फुसरो। फुसरो नप में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट (पीडब्ल्यूम) के सफाई कर्मचारी एवं वाहन चालकों के बकाया वेतन को लेकर सुदर्शन समाज के प्रतिनिधि मंडल ने सोमवार को कार्यपालक पदाधिकारी राजीव रंजन को ज्ञापन सौंपा। लोगो ने ज्ञापन सौंपते हुए सफाई कर्मचारी एवं वाहन चालकों के समस्याओं को बकाया वेतन का भुगतान शीघ्र करने का अनुरोध किया। सुदर्शन समाज के प्रदेश कोषाध्यक्ष रविंद्र राम ने कहा कि फुसरो नप क्षेत्र को स्वच्छ रखने में इनलोगो का बहुत ही बड़ा योगदान रहता है। ऐसे में सफाई कर्मचारी एवं वाहन चालको का बकाया वेतन रहना यह दुर्भाग्य की बात है जो क्षेत्र में अपनी कड़ी मेहनत से स्वच्छ बनाते हैं। इस पर कार्यपालक पदाधिकारी राजीव रंजन ने आश्वासन देते हुए कहा कि आपके द्वारा दिये पत्र को संज्ञान लेते हुए शीघ्र ही बकाया वेतन का भुगतान हो जाएगी। मौके पर सुदर्शन समाज के फुसरो नगर अध्यक्ष सुरेश राम, सफाई कर्मचारी सेवक राम, दामू कुमार, दुर्गा, आकाश कुमार, सागिर अंसारी, साधु गोप, साजिद खान, कृष्ण यादव, राहुल कुमार आदि मौजूद थे।

### ठाकुर बाड़ी जरीडीह बाजार में धूमधाम से मनाया गया कान्हा जी का छठी



बेरमो। ठाकुर बाड़ी जरीडीह बाजार में जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में कान्हा जी का छठी बहुत ही मनमोहक ढंग से मनाया गया इस अवसर पर सैकड़ो महिलाएं श्रद्धालु उपस्थित हुई पूजा पाठ के साथ भजन कीर्तन कर एवं भगवान को छप्पन भोग लगाया गया मंदिर प्रांगण की सुंदरता देखते ही बन रही थी वही मुख्य पुजारी मंगलेश मिश्रा ने बताया की भगवान श्रीकृष्ण जी की छठी मां यशोदा ने उनकी रक्षा एवं लंबी आयु के लिए किया था, तभी से यह परंपरा चलती आ रही है इस मौके पर जरीडीह बाजार के कई गणमान्य लोग उपस्थित हुए।

### अमावस्या पर काली मंदिर कल्याणी में हुई पूजा-अर्चना



बेरमो। अमावस्या पूजा पर काली मंदिर कल्याणी में सोमवार को हर साल की भांति विशेष पूजा–अर्चना आयोजित की गई। मंदिर के पुरोहित के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मां काली की पूजा अर्चना की गई। कमेटी के मनोज मजूमदार व साधन दास ने बताया कि प्रत्येक माह के दूसरे या अंतिम सप्ताह में अमावस्या पूजा आयोजित की जाती है। पूजा के बाद भक्तों के बीच खिचड़ी महाप्रसाद का वितरण किया गया। भव्या महिला मंडल के दर्जनो के सदस्यो ने कई फलदार वृक्ष लगायी। पूजा कार्यक्रम में बेरमो विधायक कुमार जयमंगल सिंह, पूर्व सांसद रवींद्र कुमार पांडेय, पूर्व विधायक योगेश्वर महतो बाटुल, ढोरी जीएम रंजय कुमार, पीओ शैलेश प्रसाद, के आर सत्यार्थी व रंजीत कुमार,एसओ ईएंडएम जयशंकर प्रसाद सहित एसके झा, राजीव कुमार, डी के सिन्हा, आर के गुप्ता, यू के पासवान, ए के दास, मृत्युंजय कुमार सहित यूनियन पूर्व मुखिया नकुल महतो, समाजसेवी दौलत महतो, यूनियन नेता हरेंद्र सिंह, जितेंद्र दुबे, भीम महतो, विनय सिंह, कुलदीप, शिवनंदन चौहान, बैजनाथ सिंह, जवाहरलाल यादव, गणेश मल्लाह, भुनेश्वर यादव, जयराम सिह, राजेश पासवान, जितेंद्र राय, मोहम्मद कलीमुद्दीन, झब्बू तिवारी, वीरेंद्र गुप्ता, छेदी नोनिया, पवन सिंह, राजेश्वर सिंह, मुरारी सिंह, मदन सिंह, रवि शंकर ठाकुर, चंदन तिवारथा, प्रकाश कुमार, जयनाथ मेहता के आदि लोग उपस्थित हुए।

### साहिबगंज कॉलेज के हॉस्टल के छात्रों ने युवक पर किया जनलेवा हमला, गंभीर रूप से घायल



साहिबगंज। नगर थाना क्षेत्र के ग्रीन होटल के समीप रेलवे स्टेशन चौक पर गैर आदिवासी से 3 आदिवासी छात्राएं बातें कर रही थी उसी दौरान हॉस्टल के कुछ लड़के प्यार मोहब्बत का मामला समझ कर गलतफहमी का शिकार हुआ और कॉलेज के एस टी हॉस्टल फोन करके छात्रों को बुलवा लिया। खबर पाते ही दर्जनों की संख्या में हॉकी स्टिक, लाठी लेकर आए और युवक को जमकर पीट दिया। मौके पर मौजूद छात्राएँ ने मेरे भैया को बचाओ बचाओ चीखती पुकारती रही लेकिन छात्रों को जरा भी रहम नहीं आया जिससे वह युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस और आम पब्लिक युवक को छुराने की पूरी कोशिश की लेकिन भीड़ के आगे यह लोग भी पस्त हो गए। लहजा रात के अंधेरे का फायदा उठाकर घायल युवक भीड़ से निकल कर कुछ दूर आगे जाकर गिर गए ३ झ्र वहां के लोगों ने उसे सदर अस्पताल पहुंचाया जहां उसका इलाज डॉ चंदन कुमार के द्वारा किया गया। युवक की इतनी पिटाई की गई थी कि युवक दर्द से कुछ भी बोलने में असमर्थता जताई हालांकि उसके सहयोगियों ने बताया कि कुछ लड़के हम तीनो लड़कियां ट्यूशन से आ रहे थे तो हमारे साथ कुछ लड़का छेड़छाड़ किया जिसकी सूचना मैंने अपने ट्यूशन सर को दी जो हम लोगों को लेने के लिए स्टेशन चौक पहुंच हमलोगो को छोड़ने आ रहे थे,,यह देख छेड़छाड़ कर रहे युवक के द्वारा सैकड़ो की संख्या में लड़कों को बुलाकर मारपीट किया। वही लोगों का कहना है कि यह गुंडागर्दी कब तक चलती रहेगी,मामूली सी बात पर साहिबगंज कॉलेज के हॉस्टल छात्र कभी फढऋ पोस्ट, कभी ॠफढ थाना, कभी नगर थाना पर हल्ला बोलकर घेराव कर देते हैं, जिसको लेकर आम जानों में कफी दहशत बनी रहती है :वह इस मामले में नगर थाना प्रभारी अमित कुमार सिंह ने बताया कि हॉस्टल के लड़कों के द्वारा मारपीट किया गया था। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचकर छानबीन की थी। हालांकि इस मामले में अब तक आवेदन नहीं मिला है आवेदन मिलते हैं जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में मातृगोष्ठी का आयोजन



बेरमो। अवध बिहारी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर जरीडीह बाजार में मातृ गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें कक्षा अरुण से द्वितीय तक के शिशुओं की माता ने भाग लिया इस कार्यक्रम में विद्यालय के सचिव अनिल अग्रवाल उपस्थित रहे इस कार्यक्रम में प्रधानाचार्य रमेश कुमार उपाध्याय ने कहा कि बच्चों की देखरेख में अधिकतर माता ही करती हैं अगर माताएं अगर बच्चों को गृहकार्य कक्षा कार्य को नियमित तरीके से करवाए तो वैसे शिशु हमेशा सक्रिय बने रहते हैं सचिव अनिल अग्रवाल ने कहा कि बच्चे नन्हे वैज्ञानिक होते हैं जो चीजों को जोड़ते तोड़ते रहते हैं इसलिए उसे किसी को करने से रोका टोका ना जाए बस उनकी सजक देखभाल करें तो वह कल को विकसित समाज का निर्माण करेंगे इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी अचार बंधु भागनी की भूमिका सराहनीय रहे।

### डॉ राजीव बने एसकेएमयू के नये ओएसडी लीगल

दुमका। स्नातकोत्तर भौतिकी विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ राजीव रंजन को सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय का नया ओएसडी लीगल नियुक्त किया गया है। इस संबंध में कुलसचिव डॉ राजीव कुमार ने सोमवार को कार्यालय आदेश जारी किया। जारी आदेश के अनुसार डॉ रंजन को अगले आदेश तक ओएसडी लीगल नियुक्त किया गया है। डॉ रंजन अपने सामान्य कार्यों के अतिरिक्त ओएसडी लीगल का कार्य भी करेंगे। ज्ञात हो कि उनसे पहले यह कार्य स्नातकोत्तर वाणिज्य विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ बिनोद मुर्मू कर रहे थे।

### साइबर ठगी का आरोपी दुमका से गिरफ्तार

जामा। दुमका जिले के जामा थाना कांड संख्या 30/24 के तहत आरोपी चिकनियां गांव के 25 वर्षीय सुनील मंडल की गिरफ्तारी थाना पुलिस ने नाटकीय ढंग से दुमका बाजार से कर सोमवार को जेल भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार बीते 23 मार्च को उक्त कांड जामा थाना द्वारा अंकित किया गया था। उक्त कांड में दो आरोपी बनाया गया था। जिसमें एक आरोपी विजयबांध गांव के संतोष मंडल को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। उक्त मामले के दूसरा आरोपी जो फरार चल रहा था को नाटकीय ढंग से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आरोपी सुनील रविवार को दुमका बाजार में अपने नये कार कियासोनेट का सीट कवर लगवा रहा था। इसी दौरान कार के साथ पुलिस ने उसे दबोच लिया।

### ट्रेन से गिरकर युवक की मौत

जामा। दुमका जिले के जामा थाना क्षेत्र के दुमका जसीडीह रेलवे लाईन पर जामा रेलवे स्टेशन के पास रविवार देर शाम को ट्रेन से गिर जाने से 25 वर्षीय युवक की मौत हो गयी। घटना की सूचना मिलते ही थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये फुलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजवाया। शव का शिनाख्त जामा थाना क्षेत्र के जरपूरा गांव के हेमसागर कुमार के रूप में हुई। मृतक किसी कार्य को लेकर करीब 5 बजे घर से दुमका के लिए निकाला था। घर वापस लौटने के क्रम में ट्रेन के रूकने से पहले अनियंत्रित होकर पोल संख्या 58/15–16 के बीच गिर जाने से उसकी मौत हो गयी। परिजनों ने सोमवार के सुबह शव का पहचान किया। मृतक के परिजनों का रोते रोते बुरा हाल हो गया है। थाना प्रभारी अजीत कुमार ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है।

## स्पीड न्यूज

### फुसरो के प्रतिष्ठित व्यवसाई दिलीप गोयल का शव कुएं से बरामद



बेरमो। फुसरो के प्रतिष्ठित व्यवसाई सह करगली बाजार निवासी 56 वर्षीय दिलीप गोयल का शव ने पुराना बिडिओ आफिस स्थित शिव मंदिर के कुआं मे मिला। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर नागरिकों की मदद से शव बाहर निकाला.गया। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। दिलीप गोयल मारवाड़ी समाज के वरिष्ठ और अत्यंत सम्मानित व्यक्ति थे। दिलीप गोयल, फुसरो के प्रतिष्ठित व्यवसायी और रेणुका वस्त्रालय के प्रोपराइटर थे। वे न केवल एक सफल व्यापारी थे, बल्कि समाज के प्रति उनके अटूट समर्पण और सेवा भावना ने उन्हें एक आदर्श नागरिक के रूप में स्थापित किया था। गोयल ने अपने जीवनकाल में समाजिक और व्यावसायिक दोनों ही क्षेत्रों में अमूल्य योगदान दिया। वे हमेशा से समाज के हर वर्ग के प्रति संवेदनशील रहे और अपने प्रयासों से समाज में एकता और समृद्धि लाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहे। उनका जाना न केवल उनके परिवार के लिए बल्कि पूरे मारवाड़ी समाज और फुसरो के व्यवसायिक जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। दिलीप गोयल का जीवन और उनके द्वारा किए गए महान कार्य सदैव सभी के दिलों में जीवित रहेंगे। परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है।

### हंसडीहा : कुएं से वृद्ध का शव बरामद



हंसडीहा। दुमका जिले के हंसडीहा थाना क्षेत्र के कसवा गांव से पुलिस ने एक वृद्ध व्यक्ति का शव सोमवार को कुएं से बरामद किया है। शव की शिनाख्त कसवा गांव निवासी दासो कापरी के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार सोमवार सुबह मृतक की दूसरी पत्नी तालको टुडू द्वारा मृतक के दूसरे घर पर जाकर बताया गया की दासो कापरी सुबह से ही लापता हैं जिसके बाद मृतक के परिजनों द्वारा खोजबीन शुरू की गई तो देखा कि मृतक के घर के पीछे एक कुएं में दासो कापरी का शव पड़ा है जिसके बाद परिजनों द्वारा मामलें की जानकारी पुलिस को दी गई सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुँच शावकों कुएं से बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए दुमका भेज दिया। इधर मृतक के पुत्र पेरू कापरी ने थाना में आवेदन देते हुए अपने पिता का हत्या का आरोप मृतक की दूसरी पत्नी तालको टुडू उसके पहले पती की पुत्री फुलिया कुमारी उर्फ पुनम कुमारी व उसके मित्रों पर लगाया है। थाना में दिए दिए हुए आवेदन में पेरू राऊत ने बताया है कि उसके पिता वर्षो पहले चोरबटिया गांव की तालको टुडू से दूसरी शादी की थी शादी के बाद वे तालको टुडू के पहले पति की पुत्री फुलिया देवी को साथ लेकर अलग घर बसाकर रहने लगे थे कुछ दिनों से फुलिया कुमारी का संपर्क भोड़िया गांव के एक युवक से हो गया उक्त युवक अपने मित्रों के साथ फुलिया कुमारी के घर आना जाना करने लगा जब इसका विरोध दासो कापरी ने किया तो फुलिया कुमारी के द्वारा जान से मारने की धमकी दासो कापरी को दे दी गई। जिसके बाद पूरी बात दासो कापरी ने अपने पुत्र पेरू कापरी को बताया कि कभी भी ये लड़की मेरी जान ले सकती हैं। इधर पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए मृतक की दूसरी पत्नी तालको टुडू व उसके पहले पति की पुत्री फुलिया कुमारी को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। इस संदर्भ में थाना प्रभारी ने बताया कि मृतक के पुत्र पेरू राउत के द्वारा आवेदन दिया गया है।

# बेरमो : मुकेश हत्याकांड का खुलासा, हत्यारा गिरफ्तार

## गांव का युवक ही निकला कातिल

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बेरमो।** गोमिया थाना क्षेत्र के करमटिया गांव में पिछले दिनों हुई हत्या की गुत्थी सुलझ गई है। ज्ञात हो कि 28 अगस्त को करमटिया गांव के युवक मुकेश कुमार 35 वर्ष की हत्या कर दी गई थी। इस मामले में गोमिया के पुलिस उसी गांव के मोहन चौहान को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही थी। पांच दिन तक पुलिस को गुमराह कर आरोपी झूठ बोलता रहा। लेकिन पुलिस के सख्ती के बाद आरोपी ने हत्या करने की बात स्वीकार कर ली। पुलिस रविवार को उसे जेल भेज दिया। इस संबंध में गोमिया सर्किल इंस्पेक्टर महेश प्रसाद सिंह ने प्रेस कांफ्रेंस कर घटना की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि घटना के बाद अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में एक जांच टीम का गठन किया, जिसमें उनके अलावा गोमिया थाना प्रभारी नित्यानंद भोक्ता, पुअनि मनोज कुमार, आईईएल थाना प्रभारी प्रफुल्ल महतो, ललपनिया थाना प्रभारी शशि शेखर और तेनुघाट ओपी प्रभारी अजित कुमार शामिल थे। उन्होंने बताया कि आरोपी मोहन चौहान मुकेश कुमार की मां, फागुनी देवी को आशीर्वाद माइक्रोफाइनेंस से 65,000 रुपये का लोन दिला दिया था। इसके बाद उस राशि को आरोपी ने फागुनी देवी को झूठ बोलकर पैसा निकलवा लिया और अपनी पत्नी के खाते में जमा कर दिया। इस बात की जानकारी जब फागुनी के पुत्र मुकेश को हुई तो वे लगातार मोहन से पैसा वापस करने की मांग करने लगा। मुकेश द्वारा लगातार पैसे की मांग किये जाने के कारण मोहन उसे रास्ते से हटाने की योजना बनाई और 28 अगस्त को उसकी हत्या कर दी।

# एसकेएमयू कुलपति ने डॉ हशमत की रचित पुस्तक का किया विमोचन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ बिमल प्रसाद सिंह ने सोमवार को स्नातकोत्तर रसायनशास्त्र विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ हशमत अली द्वारा लिखित पुस्तक का विमोचन किया। डॉ हशमत अली की पुस्तक 'स्टीरियोकेमिस्ट्री ऑफ ऑर्गेनिक एंड इनऑर्गेनिक कंपाउंड्स' का कुलपति ने लोकार्पण किया। पुस्तक के लेखक डॉ हशमत ने कहा कि यह पुस्तक यूजी और पीजी कोर्स के साथ-साथ सिविल सेवा परीक्षा समेत विभिन्न राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता परीक्षाओं के लिए भी उपयोगी होगी। इस पुस्तक का प्रकाशन यूनिवर्सिटी पुब्लिकेशन, नई दिल्ली द्वारा किया गया है। पुस्तक का लोकार्पण कर कुलपति प्रो सिंह ने पुस्तक के लेखक डॉ हशमत अली की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे शैक्षिक कार्यों का स्वागत किया जाना चाहिए। गौरतलब है कि डॉ हशमत अली विवि में विज्ञान संकाय के डीन समेत कई महत्वपूर्ण पदों पर रह चुके हैं। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ राजीव कुमार, सीसीडीसी डॉ अब्दुस सत्तार, गणित विभागाध्यक्ष डॉ डीएन गोराय व हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ बिनय कुमार सिन्हा मौजूद थे।

# बोकारो : बीएसएल निदेशक प्रभारी क्वालिटी सर्किल ट्रॉफी का आयोजन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** बीएसएल के ज्ञानार्जन व विकास विभाग में निदेशक प्रभारी क्वालिटी सर्किल ट्रॉफी के लिए केस स्टडी तथा मॉडल के प्रस्तुतीकरण का आयोजन ज्ञानार्जन व बिजनेस एक्सीलेंस विभाग द्वारा किया गया था जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में अधिशासी निदेशक मानव संसाधन एवं अतिरिक्त प्रभार संकार्य राजन प्रसाद उपस्थित थे।

इस मेगा इवेंट में पूरे प्लांट के विभिन्न विभागों की 35 क्वालिटी सर्कल टीम 15 लीन क्वालिटी सर्कल टीम तथा 05 लीन सेफ्टी सर्किल के रूप में कुल 55 टीमों ने भाग लिया था। विभिन्न टीमों द्वारा पूर्ण की गई परियोजनाओं के माध्यम से नवीन संस्कृति और समस्या के बारे में बताया गया। अधिशासी निदेशक राजन प्रसाद ने प्रत्येक मॉडल का निरीक्षण किया और सभी टीमों को बहुमूल्य सुझाव दिए तथा प्रतिभागियों को अधिक से अधिक प्रोजेक्ट लाने के लिए प्रोत्साहित किया। प्रस्तुतीकरण के समय विभिन्न गुणवत्ता सर्कल टीमों के रंगीन मॉडल भी प्रदर्शित किए गए। कार्यक्रम का समन्वयन बिजनेस एक्सीलेंस विभाग में वरीय प्रबंधक सागरिका साहू तथा देवयानी चक्रवर्ती ने किया।

# विस्थापित संवेदक समिति कथारा क्षेत्र के सदस्यों की बैठक सम्पन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बेरमो/कथारा।** कृष्ण चेतना क्लब कथारा के प्रांगण में सोमवार को विस्थापित संवेदक समिति कथारा क्षेत्र के सदस्यों की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता संगठन के क्षेत्रीय अध्यक्ष हरिश्चंद्र यादव ने की। जबकि संचालन सचिव गोबिन्द यादव द्वारा किया गया। यहां संगठन की मजबूती, विस्तार और टेंडर के दौरान होने वाली परेशानियों के संदर्भ में विस्तृत चर्चा की गई। यहां संगठन के उपाध्यक्ष सुशील सिंह ने कहा कि कोई भी संगठन के सुचारू रूप से चलाने की जवाबदेही सामूहिक रूप से होती है। केवल आरोप-प्रत्यारोप और अधिकार की प्राप्ति की बात नही होनी चाहिए। बल्कि कर्तव्य व दायित्व का निर्वहन का आत्ममंथन भी होना चाहिए। रामचन्द्र यादव ने कहा कि जब से संगठन का निर्माण हुआ है। काफी सहूलियत कार्य के दौरान हुई है। कुछ लोग अगर काम पाने से वंचित है फिर वैसे लोग संगठन के पदाधिकारियों के समक्ष अपने परेशानियों को रखकर समस्या के समाधान की दिशा में पहल करें। गोपाल यादव ने कहा कि संगठन का निर्माण सदस्यों में आपसी एकजुटता के लिए किया गया था। सभी को कार्य प्राप्ति के लिए खुद से परिश्रम करना होगा। मो अमीन ने कहा कि संगठन के पदाधिकारियों के द्वारा एक परिधि के अंदर जो भूमिका दिखनी चाहिए, वह बखूबी दिखी। किसी को लगता है कि सिर्फ पदाधिकारी भागदौड़ करें और बाकी लोग शिथिल बने रहे तो ऐसे काम नही होगा। सबको सामूहिक रूप से साथ देने से ही समस्या का समाधान होगा। मोहम्मद जमाली ने कहा कि जितने भी सदस्य हैं पुराने एवं नए सभी के बीच कार्य का बंटवारा अच्छे से किया जाए।यहां समिति के संरक्षक बालदेव यादव,संजय सिंह, शमसुल हक, देवनारायण यादव, केदार यादव, विजय कुमार यादव, राजेश यादव, अनिल यादव सहित कई सदस्यों ने भी अपने विचार रखे। इस अवसर पर सुनील गुप्ता, दिलोचन यादव, मिंकू सिन्हा, मो तालिब, मो इस्तिखार, मो अत्ताउल्लह, मो जाहिद, नागेश्वर यादव, हेमू यादव, विजय यादव, उमेश यादव, भरत मेहता, मो नेहाल, मो जमाली, मंटू यादव, पवन यादव, बिकाश सिंह, जमील, मो समसुल हक, राकेश सिंह, छैना, रवि यादव सहित कई लोग उपस्थित थे।

# वसुंधरा परिवार के रूप-सज्जा एवं मटकी फोड़ प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखायी अपनी प्रतिभा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बोकारो।** श्री कृष्ण जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में नगर के सेक्टर 3 स्थित वसुंधरा गली में वसुंधरा परिवार की ओर से बच्चों के लिए राधा कृष्ण रूप सज्जा और मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रूप सज्जा में छोटे-छोटे बच्चों ने राधा और कृष्ण के वेश में आकर्षक रूप से सज संवरकर भाग लिया। वहीं मटकी फोड़ प्रतियोगिता में बच्चों ने आंखों पर पट्टी बांधकर लाठी से मटकी को फोड़ने में जमकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। प्रतियोगिता में नारायणी सिंह नंदिनी सिंह शिव सोमेश मनस्वी श्रेया झा आदित्य झा रुद्र राज ऋद्धि राज श्रेयसी दास मिष्टी दास सान्वी कुमारी युवराज कुमार आदि बच्चों ने उत्साह के साथ भाग लिया और जमकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। प्रथम द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कारों के अलावा सभी प्रतिभागी सांत्वना पुरस्कार से पुरस्कृत किए गए। बच्चों ने मनभावन नृत्य की भी प्रस्तुति की। मौके पर वसुंधरा परिवार के संस्थापक धनंजय चक्रवर्ती ने बच्चों को अपनी गौरवशाली भारतीय कला संस्कृति व परंपरा से जोड़ने की दिशा में ऐसे आयोजनों पर बल दिया। अध्यक्ष विजय झा ने कहा कि प्रतियोगिता में भाग लेने से बच्चों की प्रतिभा में निखार आता है। यह उनके सर्वांगीण विकास की दिशा में आवश्यक है। कार्यकारी अध्यक्ष अर्जुन प्रसाद सिंह ने कहा कि बच्चों को प्रोत्साहित करने पर बल दिया। कार्यक्रम में बालेश्वर सिंह अंगद सिंह गिरधर महतो बिप्लव दास संजय गोपाल रूबी खुशबू अनामिका रूपा लक्ष्मी रेणु सुनीता प्रियंका चंदा आशा मोनी अंकिता वीणा कंचन सुलोचना सहित वसुंधरा गली के सभी महिला पुरुष व बच्चे उपस्थित थे।

# भाजपा कार्यालय गोड्डा मे संकल्प घोषणा पत्र के सुझाव लिये गये



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गोड्डा।** सोमवार को भाजपा कार्यालय गोड्डा में प्रदेश मंत्री मुन्ना मिश्रा, जिलाध्यक्ष संजीव मिश्रा, अजित सिंह पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष, बिमंत शाह जिला मिडिया प्रभारी आदि उपस्थित कार्यकताओं ने क्षेत्रीय समस्याओं को भाजपा के संकल्प घोषणा पत्र मे सूची बद्ध करने हेतु सुझाव दिए। अनंत नारायण दुबे अधिवक्ता ने अंगीका भाषा को राजकीय भाषा मे सूची बद्ध कराने का आग्रह किया, 1974 के जेपी आंदोलन से जुड़े आंदोलनकारीयों को चिन्हित कर उन्हें पेंशन और सम्मान दिए जाने का प्रस्ताव आया। महिला नेत्री लक्ष्मी चक्रवर्ती ने जिला मे एक सरकारी महिला महाविद्यालय चलाने का प्रस्ताव रखा। चुनाव उपरांत शिक्षा के क्षेत्र मे शिक्षकों की नियुक्ति का प्रस्ताव भी आया। और भी कई अन्य विषयों पर लोगों ने अपने विचार रखे ।पवन झा किसान प्रकोष्ठ से परमा नन्द गुप्ता पूर्व नगर अध्यक्ष भाजपा मिथिलेश जी, संजीव टेकरीवाल, बबलू सिंह आदि कार्यकर्ताओ ने भी अपने अपने विचार रखा।

झारोटेफ /एनएमओपीएस हजारीबाग के द्वारा 'ओपीएस रेस्टोरेशन डे' का द्वितीय वर्षगांठ का आयोजन

# हमेशा जागरूक और संगठित रहना होगा: रंजीत

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** झारखंड में पुरानी पेंशन पुनः लागू होने के दो वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में हजारीबाग के हृदयस्थली झील के स्वर्ण जयंती पार्क के समीप झारोटेफ / एनएमओपीएस हजारीबाग के द्वारा 'ओपीएस रेस्टोरेशन डे' का द्वितीय वर्षगांठ का आयोजन किया गया। इस मौके पर प्रांतीय कार्यकारिणी, जिला कार्यकारिणी, एवं प्रखंड कार्यकारिणी के सदस्य सैकड़ो की संख्या में उपस्थित हुए। जिला अध्यक्ष- रंजीत वर्मा ने सभी गणमान्य अतिथियों का गुलाब के फूल देकर स्वागत किया। श्री वर्मा ने गणमान्य सदस्यो को संबोधित करते हुए कहा कि झारोटेफ जो अनेक संघो का एक फेडरेशन है, के अथक प्रयासों से वर्तमान हेमंत सोरेन सरकार ने हमे पुरानी पेंशन दिया हम उनके आभारी है लेकिन हमें इसको सुरक्षित बचाये रखना है। जिसके लिए हमे हमेशा जागरूक और संगठित रहना होगा।

मंच संचालन जिला मीडिया प्रभारी मधुसूदन कुमार सिंह ने किया। प्रांतीय कोषाध्यक्ष नितिन कुमार ने कहा कि हमे हर हाल में सरकार से समन्वय कर एनएसडीएल से कर्मचारियों की गाढ़ी कमाई को वापस कराना ही हैं इसके लिए सभी को संगठित रहना होगा। प्रांतीय राज्य सलाहकार महोदय सुनील कुमार ने कहा कि पुरानी पेंशन के संघर्ष गाथा बहुत ही लंबी हैं। बस एक बात ध्यान रख कर लड़ाई जारी की जबतक आपको न मिल जाय आप संगठित रहे। प्रांतीय मुख्य संगठन सचिव रविन्द्र चौधरी ने कहा कि यूपीएस नाम का एक नया पेंशन योजना आया हैं जो कि सिर्फ बैकउप ही देगा। जीवन भर साथ नही देगा। हमसब को हूबहू पुरानी पेंशन मिला हैं इसे संभाल कर रखना हैं।


मौके पर उपस्थित लोग

महिला प्रकोष्ठ के हजारीबाग जिला अध्यक्ष अख्तरी खातून ने कहा कि संगठन के शुरूवात के दिनों से जुडे जुझारू और कर्मठ साथियो के जोशीले जुनून को देख कर मुझे ऐसा लगता है कि मैं भी शुरू से संगठन की भागीदार रही हूँ, आगे उन्होंने कहा कि आज सबके लिए आराम का दिन था,के बावजूद जो लोग यहाँ आये है वो पुरानी पेशन के महत्व को जानते है और जो नही जानते वो अपने घरों में आराम फरमा रहे है। हम सभी को ऐसे लोगो को प्रेरित करके सामने लाना होगा और उन्हें इसका महत्व समझाना होगा। जिला अध्यक्ष श्री वर्मा ने कहा कि आज पुरानी पेशन पुनर्बहाली के द्वितीय वर्षगाँठ पर बहुत खुशी का अनुभव हो रहा है।और ऐसे ही हम संगठित हो कर हमारी अन्य माँगो को प्राप्त करेंगे।आज जितने भी साथी आये हैं सभी को यह मालूम हैं कि बुढ़ापे में पेंशन की कितनी जरूरत हैं। कार्यक्रम को कई गणमान्य लोगों ने संबोधित किया। इस कार्यक्रम में नई पेंशन योजना में सेवानिवृत्त हुए राजस्व कर्मचारी त्रिभुवन प्रसाद ने बताया कि अब हमें पुरानी पेंशन मिलने लगा हैं। हम झारोटेफ/एन एम ओ पी एस को धन्यवाद देते हैं। इस कार्यक्रम को अपनी महती समर्थन देने अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष प्रवीण कुमार भी उपस्थित थे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रांतीय कोषाध्यक्ष नितिन कुमार, प्रांतीय राज्य सलाहकार सुनील कुमार, प्रांतीय मुख्य संगठन सचिव रविंद्र चौधरी, प्रांतीय प्रवक्ता शिल्पा सुहासिनी मैडम, प्रांतीय मीडिया प्रभारी रामविलास पासवान, हजारीबाग जोन संगठन सचिव रोशन एलन मरांडी, हजारीबाग जिला अध्यक्ष रंजीत वर्मा, जिला उपाध्यक्ष श्री उत्तम सिंह, जिला उपाध्यक्ष श्री संजय कुमार, जिला कोषाध्यक्ष गणेश प्रसाद, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्षा अख्तरी खातून, महिला प्रकोष्ठ अंजू बाला गुप्ता, गुलाचो कुमारी, इंदु कुमारी,जिला मीडिया प्रभारी मधुसूदन सिंह, जिला संयुक्त सचिव अनूप मेहता, जिला संयुक्त सचिव अशोक यादव,जिला संयुक्त सचिव निर्भय कुमार, जिला सोशल मीडिया प्रभारी तुलसी कुमार दास, अजप्ता राज्य सलाहकार धीरज कुमार, अजप्ता जिलाध्यक्ष प्रवीण कुमार, झारखंड माध्यमिक शिक्षक संघ सचिव सुरेश महथा अध्यक्ष श्री कृष्णा कुमार, प्रगतिशील शिक्षक संघ हजारीबाग जिलाध्यक्ष अनिल राणा, प्रखंड अध्यक्ष पदमा भगवान मिश्रा, प्रखंड अध्यक्ष बरही मथुरा प्रसाद, प्रखंड अध्यक्ष कटकमसांडी सुबल दास एवं राजेंद्र सिन्हा, राकेश रंजन ,डॉ विकास तिवारी, डॉ राजू प्रजापति सहित सैकड़ों कर्मचारी उपस्थित थे।

## चैनगडा में पूजा समिति की हुई बैठक

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी दुर्गा पूजा मनाने को लेकर चैनगडा दुर्गा मंदिर प्रांगण में सोमवार को पूजा समिति की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता बालेश्वर प्रसाद व संचालन बिट्टू महतो ने किया। बैठक में पूजा के दौरान साफ-सफाई, लाइट- साउंड, पूजा पंडाल, देवी-देवताओं की प्रतिमा, कोष संग्रह सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। इसमें सर्वसम्मति से निर्णय हुआ कि इस बार भी चैनगडा में पूरे धूमधाम और भव्य तरीके से दुर्गा पूजा मनाई जाएगी। जिसमें अध्यक्ष राजेंद्र महतो, उपाध्याय हरीलाल महतो, सचिव अंजन कुमार महतो, सह सचिव विक्की बेदिया, कोषाध्यक्ष बंधन महतो, संगठन मंत्री नूतन महतो और मीडिया प्रभारी बिट्टू महतो चुने गये।

## सनराइज एकेडमी के निदेशक पर छेड़खानी का आरोप

**बरही।** बरही करियातपुर स्थित सनराइज एकेडमी के निदेशक सुरेश प्रसाद पर एक नाबालिग दशवीं क्लास की छात्रा के परिजनों द्वारा छेड़खानी का गंभीर आरोप लगाए जाने के बाद करियातपुर के ग्रामीण उग्र हो गए। इस घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने विद्यालय पर धावा बोल दिया और तोड़फोड़ की। इसके साथ ही उन्होंने विद्यालय को शीघ्र बंद करने की मांग की। घटना की गंभीरता को देखते हुए बरही एसडीपीओ सह एएसपी सुरजीत कुमार व इंस्पेक्टर आभास कुमार को दूसरे थानों से अतिरिक्त पुलिस बल बुलाना पड़ा, ताकि स्थिति को नियंत्रण में लाया जा सके। सोमवार की सुबह, विद्यालय खुलते ही परिजनों ने हंगामा खड़ा कर दिया। विद्यालय में बालिका के साथ अभद्र व्यवहार को लेकर परिजन उग्र नजर आए और परिजनों में गुस्सा देखने को मिला है।


### कोर्ट नोटिस

न्यायालय
सिविल जज जूनियर डिवीजन नं.-1
डालटनगंज, पलामू।
मूल वाद सं. --- 199/022
शिवेंदु शेखर वर्मा एवं अन्य --- वादीगण
बनाम
सुधा देवी एवं अन्य --- प्रतिवादीगण
नोटिस बनाम
1. सुधा देवी पति स्व रामनरेश प्रसाद, 2. शैलेंद्र कुमार तिवारी, 3. शैलेश तिवारी , 4. नीरज तिवारी सभी पिता स्व विश्वनाथ तिवारी, सभी निवासी मुहल्ला हमीदगंज, रिफ्यूजी कोलनी, पोस्ट थाना – डालटनगंज जिला पलामू।
चूं वजरीये इस नोटिस के माध्यम से आपको सूचित करना है कि वादी ने आपलोगों के विरूद्ध उपरोक्त वाद दायर किया है एवं डाक से नोटिस निर्गत किया गया है। आपलोग उपस्थित नहीं हुये।
अतः इस नोटिस के उपरांत आपलोग दिनांक 22-11-24 को 10:30 बजे न्यायालय में उपस्थित होकर अपना पक्ष स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से रखें अन्यथा आपलोगों के विरूद्ध एकपक्षीय सुनवाई कर फैसला कर दिया जायगा।
आज दिनांक 13-8-24 को न्यायालय के हस्ताक्षर एवं मुहर से जारी।
ह./
सिविल जज जूनियर डिवीजन नं.-1
डालटनगंज, पलामू।

### OFFICE OF THE DEPUTY COMMISSIONER, LATEHAR
District Planning OfficeLatehar, 829206, Website: www.latehar.nic.in

(2nd Call), REQUEST FOR PROPOSAL (RFP)

Fact Sheet:

"Office of District Planning Officer, Latehar, Govt. of Jharkhand invites RFP for Procurement, Installation, Commissioning of the Fan(s)across Latehar District"

| S. no | Particular | Details |
|---|---|---|
| 1 | Name of the work | "Request for Proposal (RFP) for Supply, Installation of Energy Efficient, BEE Certified 5 Star Rated Ceiling Fan(s)& Wall Mounted Fan(s) on turn key basis" |
| 2 | Date of Issue of RFP | 02-09-2024 |
| 3 | Last Date for submission of Proposal | 11-09-2024 |
| 4 | Date of opening of Technical Proposal | 12-09-2024 (Sample demonstration will be done physically on same day) |
| 5 | Date of opening of Financial Proposal | 12-09-2024 |
| 6 | Time allowed for Completion | 06 Months |
| 7 | Earnest money deposit EMD) (Refundable) & Bid Processing Fee (Non-refundable) | EMD – Rs.10,000 (Ten thousand Rupees Only/-) Refundable & Tender Fees Rs 1000 (One Thousand Rupees Only/-) (Non-Refundable) Both DD will be in favour of District Planning Officer, Latehar Payable at Latehar. **EMD and tender Fee submission is exempted for MSME of Jharkhand.MSME registration certificate with DIC approval certificate in same manufacturing trade is must require for bidder. If bidder is not a MSME in same trade will not get the Exemption benefit.** |
| 8 | Address at which the tenders (Hard Copies) are to be submitted: | District Planning Office, Latehar, Jharkhand |
| 9 | Place of opening tenders: | District Planning Office, Latehar, Jharkhand |
| 10 | Mode of submission | Speed post/ Registered Post/ By Hand only to the address as specified above during office hours only. Submission of the bid through any other mode or late submission of bids will be rejected. |
| 11 | Method of Selection | •After qualifying in technical bid financial bid will be open and L-1 will be awarded. •L-1 Rates or the rates approved by Tender Committee/District Administration will be considered as the final rate of the project. •Tender Committee retains right to negotiate rates with L-1 Bidder. |
| 12 | Date of opening of Technical Bid (Envelope-1) | The technical bid for the tender shall be opened on 12th Septembert 2024 at 11:00 AM at the address as under: The District Planning Office, District Collectrate Office, Distt: Latehar, Jharkhand-829206 |
| 13 | Date of opening of Commercial Bid (Envelope-2) | The date for opening second envelope containing Commercial Bid will be intimated to the qualified bidders separately. |

Complete Bid Document, terms & conditions are available on official website of the district:- https://latehar.nic.in/

PR 334435 Planning and Development(24-25)#D

District Planning Officer, Latehar


# समस्या कैसा भी हो हर दल के लोग मुझसे सहयोग ले सकते हैं : अम्बा प्रसाद

## हफुआ पंचायत के दर्जनों लोगों ने थामा कांग्रेस का दामन, नये सदस्यों का जोरदार स्वागत


विधायक अंबा प्रसाद के साथ नये सदस्य

खबर मन्त्र संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पतरातु प्रखंड अंतर्गत हफुआ पंचायत में रविवार को आजसू के पंचायत अध्यक्ष बबलू करमाली और हफुआ पंचायत के बूथ अध्यक्ष बंशी मुंडा के नेतृत्व में सैकड़ों महिला-पुरुषो ने आजसू पार्टी छोड़ कर कांग्रेस पार्टी का दामन थामा। विधायक अंबा प्रसाद ने सभी को अंग वस्त्र व फूल माला पहनाकर कांग्रेस पार्टी में स्वागत किया। सभी का कांग्रेस परिवार में स्वागत करते हुए विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि समस्या कैसा भी हो हर दल के लोग मुझे अपना मान पूरे अधिकार से सहयोग लें। पूरा बड़कागांव विधानसभा मेरा परिवार है। उनकी सेवा करने के लिए सदैव ततपर हुं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जात की नहीं जमात की राजनीति करता है। इसमें सभी वर्गों के हितों का ख्याल रखते हुए सबों को एक समान मान-सम्मान दिया जाता है। बताया गया कि तालाटांड़ पंचायत अध्यक्ष के बाद हफुआ पंचायत के आजसु पंचायत अध्यक्ष भी कांग्रेस और विधायक अंबा प्रसाद के क्रियाकलापों से प्रेरित होकर कांग्रेस में शामिल हुए हैं। कांग्रेस पार्टी का दामन थामने वालो में पंचायत अध्यक्ष बबलू करमाली, हफुआ पंचायत के बूथ अध्यक्ष बंशी मुंडा, सरस्वती देवी, वार्ड सदस्य निर्मला देवी, मीना देवी सहित कई महिला-पुरुष शामिल हैं।

फर्जी डिजिटल सिग्नेचर से सैकड़ों अभ्यर्थियों का बनाया जा रहा था अटेंडेश

# एसडीएम ने छापामारी कर संस्थान को किया शील

**कुजू।** फजीर्वाड़ा कर सिलाई कढ़ाई व नर्सिंग के ट्रेनिंग ले रही अभ्यर्थियों का फर्जी डिजिटल सिग्नेचर से आटेंडेश बनाने के मामले का खुलासा हुआ है। मामला कुजू क्षेत्र के श्री राम चौक स्थित एआर कॉम्प्लेक्स में संचालित मुख्यमंत्री सारथी योजना अंतर्गत बिरसा योजना के तहत वीर सुभाष चंद्र बोस सेवा संस्थान का है। जहां पर सैकड़ों अभ्यर्थियों का फर्जी डिजिटल सिग्नेचर केमिकल युक्त ( फर्जी फिंगरप्रिंट) लगाकर आटेंडेश बनाया जाता था। इसके बाद काफी संख्या में पहुंचे अभ्यर्थियों ने जमकर बवाल काटा। साथ ही मामले की सूचना प्रशासनिक अधिकारियों को दी गयी। सूचना पाकर पहुंचे रामगढ़ एसडीएम आशीष गंगवार, बीडीओ संजय कुमार कौंगाडी, सीओ मुद्दसर नजर मंसूरी व कुजू ओपी के सअनि तलेबर महतो पहुंचे। साथ मामले की जानकारी अभ्यर्थियों से ली। मौके पर एसडीएम आशीष गंगवार ने कहा कि संस्थान में काफी संख्या में डिजिटल फर्जी सिग्नेचर के केमिकल युक्त फिंगरप्रिंट मिले हैं। अभी संस्थान को सील किया जा रहा है। आगे की कार्रवाई जांच के बाद किया जाएगा।


### Office of The District Planning Office
Latehar

(2nd Call) Notice Inviting
Request for Proposals

**Selection of Agency for "Supply of Leaf Blower Machine(Fire Blower) in the identified location in Latehar district" under Office of District PlanningOffice, Latehar Govt. of Jharkhand.**

The Office of the District Planning Officer, Latehar, Government of Jharkhand, intends to procure and supply Leaf Blower Machines(Fire Blower) at designated locations within Latehar district. The concerned department seeks to invite bids from reputed agencies interested in participating in the procurement process. The detailed information is as follows:"

| S.no | Particular | Details |
|---|---|---|
| 1 | Name of the work | "Request for Proposal (RFP) for **Supply of Leaf Blower Machine (Fire Blower)along with all the required accessories"** |
| 2 | Date of Issue of RFP | 02.09.2024 |
| 3 | Last Date for submission of Proposal | 10.09.2024 (till 2:00 PM) |
| 4 | Date of opening of Technical Proposal | 10.09.2024 (At 3:00 PM) (Sample demonstration will be done physically on same day) |
| 5 | Date of opening of Financial Proposal | 10.09.2024 (At 4:00 PM) |
| 6 | Time allowed for Completion | 01 Months |
| 7 | Earnest money deposit EMD) (Refundable) & Bid Processing Fee (Non-refundable) | EMD – INR Rs.50,000/- (Rupees Fifty ThousandOnly/-) Refundable & Tender Fees Rs 2000 (Two Thousand Rupees Only/-) (Non-Refundable) Both DD will be in favour of District Planning Officer, Latehar Payable at Latehar. **EMD and tender Fee submission is exempted for MSME of Jharkhand. MSME registration certificate with DIC approval certificate in same manufacturing trade is must require for bidder. If bidder is not a MSME in same trade will not get the Exemption benefit.** |
| 8 | Address at which the tenders (Hard Copies) are to be submitted: | District Planning Office, Latehar, Jharkhand |
| 9 | Place of opening tenders: | District Planning Office, Latehar, Jharkhand |
| 10 | Mode of submission | Speed post/ Registered Post/ By Hand only to the address as specified above during office hours only. Submission of the bid through any other mode or late submission of bids will be rejected. |
| 11 | Method of Selection | •After qualifying in technical bid financial bid will be open and L-1 will be awarded. •L-1 Rates or the rates approved by Tender Committee/District Administration will be considered as the final rate of the project. •Tender Committee retains right to negotiate rates with L-1 Bidder. |
| 12 | Date of opening of Technical Bid (Envelope-1) | The technical bid for the tender shall be opened on **10th Sept. 2024 at 3:00 PM** at the address as under: The Deputy Development Commissioner office , District Collectrate Office Distt: Latehar, Jharkhand-829206 |
| 13 | Date of opening of Commercial Bid (Envelope-2) | The date for opening second envelope containing Commercial Bid will be intimated to the qualified bidders separately. |

**Complete RFP Document, Guidelines, terms & conditions are available on official website of the district :- https://latehar.nic.in/**

PR 334440 Planning and Development (24-25)_D

District Planning Officer, Latehar


बरही में हुआ नमो फुटबॉल टूनार्मेंट का भव्य आगाज

# नशे के गिरफ्त में है बरही क्षेत्र, यहां ऐसे खेल प्रतिस्पर्धा के आयोजन की महत्ता बढ़ जाती है: मनीष


सम्बोधित करते मनीष जायसवाल

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** सांसद मनीष जायसवाल के द्वारा 'सांसद खेल महोत्सव- 2024' के तहत आयोजित नमो फुटबॉल टूनार्मेंट के चतुर्थ चरण का भव्य आगाज बरही विधानसभा क्षेत्र के बरही स्थित बरही ब्लॉक फुटबॉल मैदान में सोमवार को हुआ। बरही फुटबॉल मैदान में आयोजित नमो फुटबॉल टूनार्मेंट का विधिवत शुरूआत बतौर मुख्य अतिथि हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल और विशिष्ठ अतिथि के रूप में बरही विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने खिलाडियों से परिचय प्राप्त कर, मशाल जलाकर खेल को बढ़ावा देने का संकल्प लेने के साथ मैदान में आकर्षक नमो जर्सी के साथ सैकड़ों खिलाड़ियों संग मार्च पास्ट करके और फुटबॉल में किक मारकर खिलाड़ियों और खेलप्रेमियों का उत्साहवर्धन कर किया। इस टूनार्मेंट में बरही प्रखंड क्षेत्र के कुल 24 टीमों ने पंजीकरण कराया है। टूनार्मेंट का उदघाटन मैच पंचमाधव टीम बनाम बुंडू टीम के बीच मुकाबले से हुआ। टूनार्मेंट में निर्णायक की भूमिका में ख्यातिप्रपात रेफरी शशि कुमार, विकास कुमार और अशोक सहित अन्य लोग हैं। टूनार्मेंट के आयोजन समिति के संयोजक बलराम केशरी, सह-संयोजक गुरुदेव गुप्ता औरमुन्ना यादव सदस्य अमित गौरव, भगवान केशरी, मनोज साव, अरविंद कुमार, सुनील दत्ता, नागेश्वर रजक, अविनाश यादव, साहिल आंनद, विजय यादव, संतोष कुमार, अविनाश यादव, बंसत ठाकुर, भोला रजक सहित अन्य लोग शामिल हैं। हजारीबाग से नमो खेल श्रृंखला से जुड़े बंटी तिवारी, जयप्रकाश, दिलीप गोप और विक्रमादित्य इस टूनार्मेंट के सफल संचालन में जुटे हैं। टूनार्मेंट के आगाज के दौरान बतौर उद्घोषक सुनील दत्ता ने दायित्व का निर्वहन किया। मौके पर उपस्थित खिलाड़ी खेलप्रेमी और दर्शकों को संबोधित करते हुए हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि बरही विधानसभा क्षेत्र में नमो फुटबॉल टूनार्मेंट के आयोजन की महत्ता बढ़ जाती है क्योंकि यह क्षेत्र तेजी से नशे के गिरफ्त में आ रहा है और समाज में युवाओं को अगर खेल से जोड़ा जाए तो निश्चित रूप से उनका मानसिक संतुलन सकारात्मक होता है और शारीरिक क्षमता भी विकसित होती है जिससे वे नशे से दूर रहते हैं। वर्तमान वर्ष इस टूनार्मेंट का विस्तार पूरे लोकसभा क्षेत्र में हुआ है और हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सभी 22 प्रखंडों में इस टूनार्मेंट का आयोजन होना है जिसमें करीब 15,00 टीमें शामिल होंगी। सांसद मनीष जायसवाल ने बरही में टूनार्मेंट के आगाज पर नमो फुटबॉल टूनार्मेंट आयोजन समिति, बरही की सम्पूर्ण टीम, स्थानीय भाजपा के नेता, कार्यकर्ता, समर्थक, टूनार्मेंट में शामिल होने वाली क्षेत्र की सभी टीमों के खिलाड़ी, टूनार्मेंट को देखने पहुंचे सभी खेल प्रेमी दर्शक और स्थानीय पूर्व सांसद मनोज कुमार यादव के प्रति आभार जताते हुए धन्यवाद दिया और कहा की आप सभी के सहयोग से ही इस टूनार्मेंट का सफल संचालन यहां संभव हो सकेगा। बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने अपने संबोधन में कहा कि युवा भारत के भविष्य और भाग्य विधाता हैं और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के युवाओं को आगे बढ़ाने का प्रण लिया है।

**'सांसद खेल महोत्सव- 2024'**


### कार्यालय : जिला स्वास्थ्य समिति, हजारीबाग
(सदर अस्पताल कैम्पस, हजारीबाग) Email – cs.hazaribagh5@gmail.com

शुद्धि पत्र

अद्योहस्ताक्षरी निविदा संख्या 03/DHS/HZB/2024-25, सहपठित PR No 333506 Health Med Edu and Family Welfare (24-25)D के आलोक में निम्नांकित संशोधन किया जाता है।

1. निविदा से संबंधित निविदा प्रपत्र (Tender Document) अद्योहस्ताक्षरी कार्यालय से 1000रू (एक हजार रू) का भुगतान बैंक ड्राफ्ट / बैंकर्स चेक **(DRHS, Malaria (NVBDCP), Hazaribagh** के नाम से निर्गत) के माध्यम से करते हुए कार्यालय अवधि में दिनांक 05.09.2024 तक प्राप्त किया जा सकता है।
2. निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि दिनांक 06.09.2024 (4p.m) तक है।

सिविल सर्जन सह मुख्य कार्य0 पदा0,
जिला स्वास्थ्य समिति, हजारीबाग।

PR 334476 (Health Med Edu and Family Welfare) 24-25 (D)

### Office of The District Education Officer Latehar,

Inviting Very Short Notice
Request for Proposals

Selection of Agency for "Supply, Installation, Testing, & Commissioning of Modular Kitchen Across Residential schools in Latehar district" under Office of District Education Office, Latehar .

FACT SHEET

| | |
|---|---|
| Name of the work | Supply, Installation, Testing, & Commissioning of Modular Kitchen across Residential schools in Latehar District. |
| Office of Issue | Office of the District Education Office, LATEHAR, Jharkhand Government of Jharkhand. |
| Date of Issue | **03/ 09/ 2024** |
| Last date and time for submission of bids. Address for Bid Submission | **10. 09. 2024** Till 10:30 AM District Education Office (DEO), Girl School Campus, Latehar |
| Date and time for technical bid opening | **10. 09. 2024 Time 12:00 AM** |
| Date and time for financial bid opening and evaluation | **10. 09. 2024 Time 02:00 PM** |
| Bid Processing Fee (Non-refundable) | INR 5000/- (Rupees Five Thousand only) in the form of a Demand Draft drawn in favour of **"District Education Officer"** drawn in any Scheduled Commercial Bank payable at Latehar. The bid processing fee shall be submitted along with the 1st inner Envelope of the Technical Proposal. |
| Earnest money deposit (EMD) (Refundable) | INR 2,00,000/- (Rupees Two Lakhs only) in the form of a Demand Draft drawn in favour of **"District Education Officer"** drawn in any Scheduled Commercial Bank payable at Latehar. |
| Address of at which the tenders (Hard copies) are to be submitted: | District Education Office (DEO), Girl School Campus, Latehar |
| Place of opening of tenders: | District Education Office (DEO) Girl School Campus, Latehar |
| Mode of submission | Speed post/ Registered Post/ By Hand only to the address as specified above during office hours only. Submission of the bid through any other mode or late submission of bids will be rejected. |

Complete Bid Document, terms & conditions are available on official website of the district: - https://latehar.nic.in/

DISTRICT EDUCATION OFFICER
LATEHAR

PR 334384 (Human Resource Developement) 24-25 (D)

### जवाहर नवोदय विद्यालय-2
जपला, लंगरकोट, हुसैनाबाद पलामू

जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा के माध्यम से जवाहर नवोदय विद्यालय-2 जपला लंगरकोट, हुसैनाबाद पलामू में सत्र 2025-26 के लिए कक्षा-6 प्रवेश हेतु Online आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

**चयन परीक्षा की तिथि: 18 .01.2025 (शनिवार)**

**ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि :- 16 .09 .2024**

1. अभ्यर्थी कक्षा तीन, चार एवम पाँच में इसी जिले के किसी सरकारी, मान्यता प्राप्त विद्यालय से पूरे सत्र में अध्ययन एवम उर्तीण किया हो।
2 . अभ्यार्थी केवल पलामू जिले के अंतर्गत (विश्रामपुर, छतरपुर, हरिहरगंज, हुसैनाबाद, पान्डु, नौडीहा बजार, उँटारी रोड, नावाबजार, हैदर नगर मोहम्मदगंज एवं पिपरा प्रखण्ड के विद्यालय से उर्तीण होना चाहिए तथा अभ्यर्थी इसी जिले का निवासी होना चाहिए।
3. पूर्व में आयोजित जवाहर नवादय विद्यालय चयन परीक्षा में भाग ले चुके अभ्यर्थी दुबारा आवेदन के लिए पात्र नहीं है।
4. अभ्यर्थी का जन्म 01.03.2013 से 31.07.2015 के माध्यम होना चाहिए।
5. आवेदन करने हेतु नवोदय विद्यालय समिति की ऑनलाइन लिंक https://navodaya.gov.in का प्रयोग करें।
6. निर्धारित प्रपत्र को भरकर, प्रधानाध्यापक द्वारा सत्यापित कर ऑनलाइन लिंक पर जाकर भरे हुए आवेदन पत्र को निशुल्क अपलोड करना होगा।

आवेदन हेतु आवश्यक कागजात :

1. अभ्यर्थी का फोटो एवं हस्ताक्षर (10kB-100KB jpg/jpeg)
2 . अभिभावक का हस्ताक्षर (10kB-100KB jpg/jpeg)
3. सक्षम सरकारी अधिकारी द्वारा निर्गत किया गया आधार एवं आवासीय प्रमाण पत्र (10KB-100KB jpg/jpeg)

Ref. No. F. Tender/JNVP-II/2024-25 Date: 02.09.2024

स्पीड न्यूज

## विद्युत उपभोक्ता कैंप में आकर करायें मोबाईल नम्बर अद्यतन : सुब्रत

**कोडरमा।** विद्युत कार्यपालक अभियन्ता सुब्रत बनर्जी ने जानकारी देते हुए बताया कि झारखण्ड बिजली वितरण निगम लिमिटेड द्वार अपने सभी उपभोक्ताओं को वाट्सअप के माध्यम से विद्युत विपत्र एवं अन्य सूचनाएं उपलब्ध कराने का कार्य किया जा रहा है। इसे लेकर मंगलवार एवं बुधवार को 11 बजे पूर्वाह्न से 4 बजे अपराह्न तक विद्युत आपूर्ति प्रमंडल, कोडरमा समेत सभी विद्युत आपूर्ति अवर प्रमण्डल यथा विद्युत आपूर्ति अवर प्रमण्डल कोडरमा, डोमचांच, झुमरीतिलैया में कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। सभी उपभोक्ता उक्त तिथि को अपने नजदीकी अवर प्रमण्डल कार्यालय, प्रमण्डल कार्यालय में आकर अपना अपना मोबाईल संख्या अद्यतन करायें, ताकि भविष्य में उन्हें वाट्सअप के माध्यम से विद्युत विपत्र सहित समस्त सूचनाएं प्राप्त हो सके। उक्त कैंप में विद्युत विपत्र संबंधी शिकायतें भी दर्ज करा सकते हैं।

## आरपीएफ ने अंग्रेजी शराब किया बरामद

**कोडरमा।** आरपीएफ निरीक्षक दीपक कुमार के नेतृत्व में सहायक उप निरीक्षक ओम प्रकाश सिंह, प्रधान आरक्षी नवीन कुमार, आरक्षी जितेंद्र कुमार, अशोक कुमार गुप्ता व आरपीएफ के बल सदस्यों ने गश्ती के क्रम में प्लेट फार्म संख्या 4/5 स्थित फुट ओवरब्रीज के नीचे से तीन व्यक्ति प्रवीण कुमार पिता शिवकुमार यादव, श्याम कुमार पिता अमृत यादव मंगरबिगहा थाना नवादा बिहार, दीपक कुमार पिता बाबुलाल यादव कुमहरूआ थाना रजौली जिला नवादा बिहार को संदेहस्पद स्थिति में गिरफ्तार किया। उसके पास से 12 पीस इम्प्रियम ब्लू ब्लेंडर ग्रीन विस्हस्की, दो पीस रॉयल स्टैग प्रिमियम ब्लू, चार पीस रेड लेवल, चार पीस इकोनिंग व्हाइट विस्हस्की, एक पीस रॉयल स्टैग प्रिमियम विस्हस्की, 6 पीस इम्प्रियम ब्लू, 12 पीस ग्रीन विस्हस्की, 12 पीस इम्प्रियम ब्लू विस्हस्की कुल 61 शराब की बरामद्गी की गयी। वहीं आरपीएफ ने जब्त सूची बनाकर तीनों जप्तियों को गिरफ्तार कर अग्रिम कार्रवाई के लिए उत्पाद विभाग के हवाले कर दिया।

## महाराणा प्रताप चौक दुर्गापूजा समिति का गठन

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** सार्वजनिक दुर्गापूजा समिति महाराणा प्रताप चौक झुमरीतिलैया की बैठक मंदिर परिसर में की गयी। बैठक में पिछले साल के आय-व्यय का व्यौरा प्रस्तुत किया गया और दुर्गापूजा को धूमधाम से मनाने के लिए कमेटी का गठन किया गया। गठित कमेटी में राज कपूर सिंह को अध्यक्ष, अरविंद सिंह महासचिव, पंकज सिंह सचिव, सुधीर पांडेय कोषाध्यक्ष, कृष्णा चौधरी, अमित प्रकाश सह कोषाध्यक्ष, मिलन शाहाबादी, सुरेश यादव, गौतम चंद्रवंशी उपाध्यक्ष, राजू तिवारी, अंकित रंजन सह सचिव बनाए गए। जबकि राजू राणा, राजेश सिंह, राहुल सागर, पवन सिंह, सुनील तिवारी, राजकुमार बोहरा को मेला मंत्री के रूप में चुना गया है। वहीं प्रमोद कुमार, चंदेश्वर तिवारी, कार्तिक राम और महेश सिंह संरक्षक बनाए गए हैं। दुर्गापूजा की तैयारी जोर-शोर से की जा रही है। यह जानकारी समिति के महासचिव अरविंद सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति के द्वारा दी है।

## शिव शिष्य परिवार का जिला स्तरीय बैठक संपन्न

**कोडरमा।** शिव शिष्य परिवार कोडरमा जिला स्तरीय बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता सह संचालन दिनेश कुमार के द्वारा किया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए श्री कुमार के द्वारा विभिन्न प्रखंडों में हो रहे शिव गुरु कार्य की समीक्षा की गई। साथ ही साथ 4 सितंबर को इस कालखंड के प्रथम शिव शिष्य एवं शिष्यता के सूत्रार साहब श्री हरिंद्रानंद जी की दूसरी पुण्यतिथि कार्यक्रम पर भी विशेष रूप से चर्चा की गई। अयक्ष श्री कुमार के द्वारा बतलाया गया कि 4 सितंबर को साहब श्री हरिंद्रानंद जी की पुण्यतिथि कोडरमा मुख्यालय स्थित सहाना गार्डन, निकट राजा तालाब कोडरमा में सुबह 10 बजे से अपराह्न 4 बजे तक होगी।

### भाजपा का घोषणा पत्र सुझाव अभियान के तहत प्रेसवार्ता

# आपके सुझाव से बनेगा घोषणा पत्र : डॉ.नीरा यादव

खबर मन्त्र संवाददाता



**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** स्थित शिव वाटिका में प्रेसवार्ता आयोजित कर कोडरमा विधायक डॉ. नीरा यादव ने कहा कि आने वाले चुनाव में भाजपा की सरकार बनेगी और घोषणा पत्र के अनुरूप एक एक बिन्दु पर पहल होगी। उन्होंने घोषणा पत्र के सुझाव के लिए क्यू आर कोड जारी करते हुए कहा हर एक लोगों की राय ली जाएगी, जो जनहित में हो।

उसके लिए भाजपा एक क्यू आर कोड प्रेषित किया है। वहीं उन्होंने बताते हुए कहा है कि इसे स्कैन करने पर भाजपा का एक पोर्टल खुलेगा और उसमें आप अपने सुझाव को लिखते हुए सबमिट कर सकते हैं, जो पार्टी उस पर विचार करते हुए अपने संकल्प पत्र में लेगी। वहीं विधायक ने कहा कि भाजपा जो कहती है, उससे बढ़कर जनहित में कार्य कर दिखाती है। उन्होंने सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि हेमन्त सरकार 2019 में अपने घोषणा में कहा था कि पांच लाख युवाओं को नौकरी देंगे, नही तो उन्हे पांच हजार मासिक रोजगार भत्ता देंगे। वहीं स्नातकोत्तर बेरोजगार युवाओं को सात हजार मासिक भत्ता देंगे यदि नहीं कर पाए तो मैं राजनीति से संन्यास ले लूंगा। मगर उन्होंने कोई भी शर्त को पूरा नहीं किया। वहीं उत्पाद विभाग द्वारा निकाली गई भर्ती पर डॉ. नीरा यादव ने सरकार को करारा जवाब दिया है। वहीं उन्होंने कहा है कि सरकार बिना रोड मैप की बहाली निकाल कर सिर्फ मौत का सौदा कर रही है। उन्होंने कहा कि बिना पानी, चिकित्सा सुविधा के दौड़ करवाया जा रहा है, जिससे अभ्यर्थियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। युवा रात से ही दौड़ वाले स्थान पर बिना सुविधा के जैसे तैसे ठहर रहे हैं और दौड़ में अपने जान गवां रहे हैं। उन्होंने कहा बहाली के नाम पर एक छलावा है। मौके पर अभिमन्यु प्रसाद, देवनारायण मोदी, शिवेंद्र सिंह, विजय यादव, मनोज कुमार झुन्नू, सुदर्शन यादव, चंद्रशेखर जोशी, गोपाल कुमार गुतुल, संजीव यादव, अजय पांडेय, संजय शर्मा, सुरेंद्र यादव, परमेश्वर यादव समेत कई लोग मौजूद थे।

### आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

# सरकार की महवाकांक्षी योजनाओं का लाभ उठायें : बीडीओ

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत सतगावां प्रखंड के माधोपुर, डोमचांच प्रखंड के धरगांव, कोडरमा प्रखंड के मेघातरी, चंदवारा प्रखंड के बेंदी, जयनगर प्रखंड के ककरचोली और मरकच्चो प्रखंड के चोपनाडीह पंचायत में शिविर का आयोजन किया गया। सभी प्रखंडों में आयोजित शिविर में बीडीओ व स्थानीय जनप्रतिनिधि शामिल हुए। वहीं बीडीओ ने सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में आये आमजनों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार की महवाकांक्षी योजनाओं का लाभ उठायें। अधिक से अधिक संख्या में लोग शामिल होकर अपनी अपनी समस्या को लेकर आवेदन दें, आपके आवेदनों पर त्वरित गति से कार्रवाई करते हुए निस्तारण किया जायेगा।

**लाभुकों के बीच परिसंपत्ति का वितरण :** पंचायत स्तरीय शिविर में विभिन्न योजनाओं के लाभुकों के बीच परिसंपत्ति का वितरण किया गया। वहीं बीडीओ एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि द्वारा लाभुकों के बीच परिसंपत्ति का वितरण किया गया। वहीं कल्याण मंच से अबुआ आवास योजना, सावित्री बाई फुले किशारी समृद्धि योजना, साईकिल वितरण, मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना, जाति, आवासीय प्रमाण पत्र, मनरेगा जॉब कार्ड, जेएसएलपीएस के सखी दीदियों को आई कार्ड और क्रेडिट लिंकेज का चेक आदि का वितरण किया गया। शिविर में राज्य सरकार की योजनाओं यथा झारखंड मुख्यमंत्री मईयां सम्मान योजना, अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना, अबुआ आवास योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, सर्वजन पेंशन योजना, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, हरा राशन कार्ड, बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना, मुख्यमंत्री स्वरोजगार सृजन योजना, बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, गुरूजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड समेत लंबित दाखिल-खारिज वादों का निष्पादन करने, भूमि मापी के लंबित मामलों का निष्पादन एवं लगान रसीद निर्गत करने संबंधी आवेदन लिया गया। साथ ही जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर आमजनों को जागरूक करने के उद्देश्य से नुक्कड़ नाटक का मंचन एवं पंपलेट का वितरण कर लोगों को सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।

**आज यहां लगेगा शिविर :** सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत मंगलवार को सतगावां प्रखंड के टेहरो, डोमचांच प्रखंड के बेहराडीह, कोडरमा प्रखंड के इंदरवा, चंदवारा प्रखंड के उरवां, जयनगर प्रखंड के घरौंजा और मरकच्चो प्रखंड के महुगांय पंचायत में शिविर का आयोजन किया जायेगा।

## जयनगर अंचल कार्यालय बना भ्रष्टाचार व लेनदेन का अड्डा : भाकपा माले

**कोडरमा (जयनगर)।** माले नेता मुंना यादव, मध्य जोन लोकल कमेटी सचिव असगर अंसारी संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा जयनगर अंचल कार्यालय में भ्रष्टाचार का लेनदेन का अड्डा बन चुका है। जब से बीडीओ सह प्रभारी सीओ गौतम कुमार पदभार ग्रहण किया है, अंचल कार्यालय को लेनदेन का अड्डा बनाकर रख दिए हैं। बिना लिए दिए खाता प्लॉट ऑनलाइन जमीन का राशिद निर्गत और जमीन का दाखिल खारिज बिना लेनदेन का नहीं किया जाता है। जिससे आम जनता किसान मजदूर को जमीन खरीद बिक्री करने वालों एवं किसानों को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता है। दाखिल खारिज केस नंबर 2994 वर्ष 2023/24 हल्का राजस्व कर्मचारी और अंचल निरीक्षक के द्वारा दाखिल खारिज करने का आदेश जारी करने के बाद भी अंचल अधिकारी के द्वारा 2024 के 11 मई को दाखिल खारिज को बिना कारण का अनुल-जलूल कारण लगाकर रिजेक्ट कर दिया। ऑनलाइन रशीद निर्गत में हल्का राजस्व कर्मी अंचल निरीक्षक के अनुशंसा पर भी रसीद निर्गत नहीं किया जा रहा है, इसका ताजा उदाहरण भी मेरे पास उपलब्ध है।

## तालाब में डूबने से युवक की मौत



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** जिले के हंटरगंज प्रखंड के जोरी थाना क्षेत्र के सलैया पंचायत बंडा ताड़ गांव के झरी तालाब में डूबने से एक युवक की मौत हो गई।मृतक की पहचान पहाड़पुरा गांव के ठकुरी यादव के पुत्र सुरेन्द्र कुमार यादव के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही प्रमुख प्रतिनिधि सह समाजसेवी कमलेश यादव घटनास्थल पर पहुंचे और मामले की जानकारी ली। उन्होंने इसकी सूचना पुलिस और जिला प्रशासन को दी। ग्रामीण अपने स्तर से युवक की खोजबीन कर रहे थे, लेकिन काफी मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने तालाब से शव को बाहर निकाला।घटना के बाद से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। मुखिया मनोज पासवान भी घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जानकारी ले रहे हैं।

### अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद

चतरा। सदर थाना के बधार के पास स्थित चिटवाही तालाब से पुलिस ने एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया है। शव की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है और पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। मृतक व्यक्ति ने काले रंग का टाउजर और लाल रंग का टी-शर्ट पहना हुआ है, साथ ही उसके हाथ में एक कड़ा भी है।

# दुर्गा पूजा मनाने को लेकर ग्रामीणों की हुई बैठक, अध्यक्ष बने दिनेश भारती

खबर मन्त्र संवाददाता

**गिद्धौर।** प्रखंड के अंतर्गत बारीसाखी पंचायत गांव के दुर्गा मंडप में दुर्गा पूजा मनाने को लेकर सोमवार को ग्रामीणों की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता भुनेश्वर साहू और संचालन तोखलाल साव ने किया।बैठक में उपस्थित गांव के लोगों ने दुर्गा पूजा धूम धाम से मनाने को लेकर बारी बारी से लोगों ने जानकारी दिया।दुर्गा पूजा का सफल संचालन के लिए संचालन कमिटी का गठन किया गया।जिसमे सर्व सम्मति से दिनेश भारती को अध्यक्ष और सचिव रामाशीष यादव मनोनयन किया गया।बैठक में उप मुखिया विकास कुमार पांडेय गोविंद कुमार दांगी शिवकुमार यादव मुनेश्वर यादव सुनील कुमार यादव प्रसादी पासवान राजकुमार दांगी लियो यादव बुधन साव देव कुमार साहू बिगन ताम्रकार लक्ष्मी पांडेय सत्येंद्र कुमार दांगी रोहित कुमार दांगी आनंद भारती मनोज साहू संजय साहू विजय रजक देव कुमार दांगी एवं ग्रामीण समेत अन्य मौजूद थे।



## दुर्गा पूजा समिति करनी की बैठक, पवन बने अध्यक्ष

**इटखोरी।** रविवार को देवधारी राम चंद्रवंशी की अध्यक्षता में दुर्गा पूजा समिति करनी की बैठक हुई। बैठक में सर्वसम्मति से पवन कुशवाहा को अध्यक्ष, प्रकाश कुमार को सचिव और राजीव डांगी को सचिव बनाया गया। निगरानी समिति में पूर्व मुखिया सीताराम डांगी, गणपत राम डांगी, यशवंत सिंह, जनार्दन सिंह, संतोष डांगी, बीरेंद्र डांगी, नवल किशोर नवल, घनश्याम डांगी, हिरेंद्र डांगी और सदस्य राधेश्याम डांगी, कैलाश यादव, धर्मदेव प्रसाद गुप्ता, शशि कुमार डांगी, रामपुरुष डांगी, विनोद यादव, गणेश चंद्रवंशी और ग्रामीण शामिल हैं।

### जिले के 12 पंचायतों में हुआ 'आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम का आयोजन

# लाभुकों के आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर करें निषादनः उपायुक्त





खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** जिले के सभी पंचायतों में 30 अगस्त से 15 सितंबर 2024 तक 'आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम का आयोजन किया है, जिसका उद्देश्य आम जनों को जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करना है। कार्यक्रम के तहत, पात्र लाभुकों को विभिन्न योजनाओं के लिए आवेदन करने और उनका लाभ प्राप्त करने का अवसर प्रदान किया जा रहा है। उपायुक्त रमेश घोलप ने चतरा सदर प्रखंड के सिकीद पंचायत का निरीक्षण किया और कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम पात्रता रखने वाले लाभुकों को लाभान्वित करने के लिए आयोजित किया जा रहा है और प्रशासन यह सुनिश्चित करेगा कि सभी आवेदनों का गंभीरता से निष्पादन किया जाए। उन्होंने आवास योजना के लिए पैसे की मांग किए जाने पर तुरंत इसकी जानकारी देने को कहा और कहा कि योजनाओं के नाम पर ठगी करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए सभी प्रखंडों में वरीय पदाधिकारी प्रतिनियुक्त किए गए हैं और शिविर में आवेदन पत्र प्राथमिकता के आधार पर प्राप्त किए जा रहे हैं। कार्यक्रम में छात्राओं के बीच साइकिल वितरण, लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण और योजनाओं का स्वीकृति पत्र वितरण किया गया।

### आज यहां लगेंगे शिविर

प्रतापपुर के चंद्रगोविंदपुर, कुंदा के सिकीदाग, हंटरगंज के बलूरी, गेंजना और पांडेयपुरा खुर्द, कान्हाचट्टी के राजपुर, चतरा के बरैनी, इटखोरी के टोनाटांड़, मयूरहंड के फुलांग, गिद्धौर के बारिसाखी, सिमरिया के सेरनदाग, टंडवा के किचटो में शिविर लगाकर जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभुकों को किया जाएगा लाभान्वित।

एक नजर में

## धनबाद रेल मंडल ने चलाया विशेष टिकट चेकिंग अभियान

**कोडरमा।** धनबाद रेल मंडल अंतर्गत चलाए गए विशेष टिकट चेकिंग अभियान के दौरान धनबाद, बरकाकाना, सिंगरौली, गुमो, चंद्रपुर, कोडरमा स्टेशन पर बिना टिकट यात्रा कर रहे यात्री, बिना उचित प्राधिकार के यात्रा कर रहे यात्री, बिना बुक किये गये सामान के साथ यात्रा कर रहे यात्री से 3 लाख 48 हजार 565 रुपये का जुर्माना वसूला गया। इस संबंध में वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक धनबाद व वरीय जनसंपर्क अधिकारी अमरेश कुमार ने बताया कि यह अभियान लगातार जारी है।

## सुदूरवर्ती पंचायत बेंदी में महिलाओं को मिला मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का लाभ

**कोडरमा।** राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं को लाभ देने के लिए जिले के सभी प्रखंडों के पंचायत में शिविर लगाकर आमजनों को योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत चंदवारा प्रखंड के सुदूरवर्ती पंचायत बेंदी में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बेंदी पंचायत के विभिन्न गांवों से आकर गरीब महिलाओं ने मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन दिया। उन आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए ऑन द स्पॉट कई गरीब महिलाओं को मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की स्वीकृति पत्र प्रदान की गयी। वहीं स्वीकृति पत्र पाकर महिलाओं के चेहरे पर मुस्कान आईं और कहा इस योजना से प्राप्त राशि से आर्थिक सहयोग मिलेगा। सभी महिलाओं ने एक सुर में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन और जिला प्रशासन का आभार जताया है।

## सेक्रेड हार्ट स्कूल में विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन

**कोडरमा।** सेक्रेड हार्ट स्कूल में संस्कृत दिवस के अवसर पर श्लोक वाचन प्रतियोगिता, शुभकामना पत्र लेखन प्रतियोगिता, चित्रांकन प्रतियोगिता, राखी मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बच्चों ने अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। यह प्रतियोगिता संस्कृत शिक्षक संजय कुमार मिश्रा और सुनील पाठक की देखरेख में हुई। श्लोक वाचन प्रतियोगिता के वर्ग 5 और 6 के बच्चों में एहम बर्णवाल, शिशिर काना, आशी मोदी, आद्य शर्मा, अवंतिका कुमारी, प्रत्यूषा शर्मा, सृष्टि मिश्रा, वर्ग 8 में सोनू पांडेय, सेजल सोनी और रानी कुमारी, शुभकामना पत्र लेखन में आकाश आर्य, गौरव आर्य, आयशा परवीन, चित्रांकन प्रतियोगिता में रिद्धिमा कुमारी, जय श्री पांडेय, आयुषी कुमारी को क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान मिला। जबकि राखी मेकिंग में प्रतिष्ठा कुमारी, परी कुमारी, कोमल कुमारी, खुशी कुमारी, प्राची कुमारी और शिफा नाज भी अपने-अपने वर्ग में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रही। निर्णायक की भूमिका सीमा जैन और जेपी सिंह ने निभाई। मौके पर संस्कृत शिक्षक संजय कुमार मिश्रा और सुनील पाठक ने कहा कि संस्कृत सभी भाषाओं की जननी है। यह सरल और सुबोध और सुमधुर है, यह वैज्ञानिक भाषा भी है। आयोजन को सफल बनाने में कोऑर्डिनेटर आशुतोष कुमार गौतम, सीसीए इंचार्ज किशोर कुणाल, राहुल कुमार, अनमोल रतन, हंसपाल कुमार, रजनी बाला, रमेश कुंज, सुजीत प्रताप, सोमा पाल सहित अन्य शिक्षकों और बच्चों का का योगदान रहा। वहीं प्राचार्य प्रमोद शर्मा ने सभी विजेताओं को बधाई दी।

## चंद्रवंशी विकास मंच की मासिक बैठक संपन्न, लिये गये कई निर्णय

**कोडरमा।** चंद्रवंशी विकास मंच की मासिक बैठक रविवार को शिव मोहल्ला निवासी मंच सदस्य रंजीत राम के आवास पर मुख्य संरक्षक सदस्य रामेश्वर राम रवानी, जय प्रकाश राम, बिरेंद्र राम, उमेश राम, प्रवीण चंद्रा, सीता राम, भगत जी, ओम प्रकाश राम की उपस्थिति मंच अध्यक्ष चंद्रवंशी दीपक नवीन की अध्यक्षता व सचिव महेश भारती के संचालन में संपन्न हुई। बैठक में सचिव महेश भारती ने मासिक कार्य रिपोर्ट पेश करते हुए सर्व प्रथम बैठक में समाज की राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक स्थिति पर विस्तार से चर्चा करते हुए समाज के अंदर राजनीतिक वा शैक्षणिक स्तर को ऊंचा उठाने पर जोर दिया गया। इस बीच झुमरीतिलैया निवासी उमा चंद्रवंशी की बेटी वैष्णवी भारती बीते दिन कौन बनेगा करोड़ पति कॉन्टेस्ट में कोडरमा जिला से पहली बार हॉट सीट पर पहुंचने वाली अपने समाज की बेटी ने पूरे जिला का नाम रौशन किया है। केबीसी कॉन्टेस्ट में अच्छा प्रदर्शन रहा। साथ ही झुमरी तिलैया निवासी ओम प्रकाश चंद्रवंशी के बेटा डॉक्टर नीतिकेश प्रकाश जिन्होंने इसरो के द्वारा दक्षिण कोरिया में भारत की ओर से प्रतिनिधितत्व किया। वहीं दूसरा बेटा शुभम प्रकाश ने सीए कंप्लीट किया जो समाज के लिए गर्व की बात है। इस खुशी में चंद्रवंशी विकास मंच सभी प्रतिभावान विद्यार्थियों को बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी। बैठक में रवि राम, राजेंद्र वर्मा, दीपक सिंह, सुरेंद्र भारती, अरुण राम, उपेंद्र वर्मा, विजय राम, दिवाकर राम, अनिल राम, मनोज राम, रंजीत राम, राजकुमार राम, रवि रवानी, मुकेश राम, विजय कुमार, मनोज कुमार, द्वारिका राम, प्रेम कुमार आदि लोग ने भाग लिए।

## दो हाइवा की टक्कर में उपचालक की मौत

**चतरा।** हजारीबाग जिले के कुसुम्भा गांव के रहने वाले उपचालक विकास कुमार यादव की सदर थाना क्षेत्र के खरीक मोड़ के पास एक सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। हाइवा में एनटीपीसी से कोयला लोड कर कटकमसांडी रेलवे साइडिंग जा रहा था, तभी खरीक मोड़ के पास हाईवा में दूसरे हाइवा की टक्कर हो गई।इस घटना में उपचालक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक एकलौता सदस्य था जो अपने माता-पिता का भरण-पोषण कर रहा था। लोगों ने एनटीपीसी से 10 लाख मुआवजे की मांग की है।

## जमीन रजिस्ट्री में धोखे से साढ़े इक्कीस लाख की ठगी, उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

**कोडरमा।** गलत तरीके से जमीन का रजिस्ट्री कराकर धोखे से साढ़े इक्कीस लाख ठगी किए जाने को लेकर उपायुक्त को सौंप कर न्याय की गुहार लगाया। उपायुक्त को दिए गए ज्ञापन में तिलैया बस्ती वार्ड नंबर 2 टिनवाटांड़ निवासी राम बिशुन राम पिता स्व.रामचंद्र जमादार ने बताया कि इंद्रदेव यादव पिता बाबूलाल यादव ने तिलैया मौजा का खाता नंबर दो प्लॉट नंबर 23 रकवा चार डिसमिल जमीन पर तखल कब्जा करवा कर 10 टाइबिन, 10 गाडी मिट्टी भराई के साथ-साथ 30 फीट बोरिंग करवा कल चापानल लगवाया गया। जिसमें उन्हें जमीन रजिस्ट्री के अलावा अलग से करीब 2 लाख अतिरिक्त खर्च भी लगा। आवेदन में आगे उन्होंने कहा कि उक्त जमीन को इंद्रदेव यादव से खरीदा था, जो अब मेरी पत्नी लाक्षा देवी के नाम से है। इतना ही नही इन्द्रदेव यादव ने जमीन पर खर्च करवाने के बाद जमीन का डिड खुद तैयार करवाकर अपने विश्वास में लेते हुए खाता, प्लॉट केवाला में गलत लिखवा कर रजिस्ट्री करवा दिया। उन्होंने यह भी कहा कि उक्त जमीन एक ही प्लॉट में 16 डिसमिल जमीन है जो तीन भाई इंद्रदेव यादव सुदामा यादव व गोविंद यादव तीनों के पिता बाबूलाल यादव का है और इसके पीछे का उद्देश्य है उक्त जमीन पर अपने भाई को भू-अर्जन से मुआवजा दिलाना। क्योंकि इंद्रदेव यादव यह जानता था कि वक्त जमीन डीएफसीसी रेलवे परियोजना में जा रहा है। इसी लालच में इंद्रदेव यादव ने उक्त जमीन का खाता नंबर वह प्लॉट नंबर बदल कर केवाला में लिखवा दिया। इसको लेकर के कोडरमा की विाायक को भी ज्ञापन सौंपा गया। उन्होंने इस मामले को एसपी के द्वारा बिरसा सभागार में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में भी सुनाई अपनी पीड़ा।

## स्पीड न्यूज

### टीबी मरीजों के बीच 70 पोषण किट का वितरण



**धनबाद।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी की ओर से सोमवार को टीबी मरीजों के बीच पोषण किट का वितरण किया गया। सोसाइटी के अध्यक्ष कौशलेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि कुल 70 किट का आज वितरण किया गया है। जो लोग हमलोग के बीच नहीं आ सके, उन्हें किट उपलब्ध कराने के लिए ो सिविल सर्जन और यक्ष्मा पदाधिकारी का भी सहयोग लिया है। मौके पर सदर अस्पताल की प्रभारी चिकित्सक पदाधिकारी डॉ अनिता चौधरी, सोसाइटी के सदस्य कुमार मधुरेन्द्र सिंह, संजय जायसवाल एवं मीना देवी आदि उपस्थित थी।

### निरसा सिनेमा मोड़ के समीप सड़क दुर्घटना में बाइक सवार घायल

**मैथन।** निरसा थाना अंतर्गत निरसा सिनेमा मोड़ के समीप एनएच-2 पर दो बाइक की आपस में टक्कर में पुटकी थाना क्षेत्र के कच्ची बलिहारी निवासी आनंद महतो गंभीर रूप से जख्मी हो गए। स्थानीय लोगों के सहयोग से पुलिस ने उसे इलाज के लिए निरसा सीएचसी में भर्ती करवाया। दूसरा बाइक चालक भागने में सफल रहा। जानकारी के अनुसार आनंद महतो निरसा की ओर से अपनी बाइक संख्या जेएच 10 सीबी 7507 से मैथन की ओर जा रहे थे। रॉन्ग साइड से आ रही बाइक अचानक दिल्ली से कोलकाता जाने वाली लेन की ओर अपनी बाइक को मोड़ दिया। इस कारण दोनों बाइक आपस में टकरा गई।

### आरएस मोर कॉलेज में खेल सम्मान समारोह, विजेताओं को मिला सम्मान

**गोविंदपुर।** आरएस मोर कॉलेज में सोमवार को खेल सम्मान समारोह आयोजित कर पदक विजेता छात्रों को सम्मानित किया गया। इन खिलाड़ियों को प्राचार्य डॉ प्रवीण सिंह ने प्रमाण पत्र भी दिये। ज्ञातव्य है कि विगत शुक्रवार को कतरास कॉलेज में आयोजित बीबीएमकेयू अंतर महाविद्यालय वेट एवं पॉवर लिफ्टिंग खेल प्रतियोगिता में आरएस मोर कॉलेज के 7 विद्यार्थियों ने भाग लिया था, जिसमें 5 छात्र पदक प्राप्त करने में कामयाब रहे थे। सुमित कुमार पटेल को वेट लिफ्टिंग में स्वर्ण पदक, रोहित कुमार शर्मा को पॉवर लिफ्टिंग, रवि कुमार को वेट लिफ्टिंग तथा आकाश सिन्हा को वेट एवं पॉवर लिफ्टिंग में कांस्य पदक प्राप्त हुआ था। इस मौके पर छात्रों को तैयार करने में भूमिका निभाने वाले डॉ अजित कुमार बरनवाल, प्रो. प्रकाश प्रसाद एवं डॉअमित प्रसाद को बधाई दी गई। सम्मान समारोह में डॉ रत्ना कुमार, डॉ त्रिवेणी कुमार महतो, प्रो पूजा कुमारी विश्वकर्मा, प्रो अंजू कुमारी, डॉ अवनीश मौर्या, डा कुहाली बनर्जी, डॉ अमित प्रसाद, डॉ शबनम परवीन, प्रो सत्य नारायण गोराईं, डॉ विनोद एक्का, सुजीत मंडल, ललन आदि सैकड़ों छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड)834006 से मुद्रित एवं लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर
स्थानीय संपादकः ज्ञानवर्द्धन मिश्र *
फोन : 9431124480
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No. ( आवेदित )
* पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# गंगा दामोदर में महिला से छेड़खानी प्रकरण पर टीटीई हुए एकजुट

## डीआरएम के समक्ष किया प्रदर्शन, रेल थाना गया के खिलाफ की नारेबाजी

- यूनियन ने कहा आरोपी टीटीई निर्दोष, जल्द हो रिहाई
- डीआरएम से ऑन ड्यूटी टीटीई को सुरक्षा देने की मांग



खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** गंगा दामोदर एक्सप्रेस में महिला यात्री से छेड़खानी का मामला तूल पकड़ने लगा है। महिला यात्री से छेड़खानी के आरोप में जहां टीटीई निलंबित हो चुका है, वहीं उसे बचाने के लिए धनबाद रेल मंडल के सभी टीटीई गोलबंद हो गये हैं। सोमवार को सभी टीटीई ने धनबाद जंक्शन पर राजकीय रेल थाना गया के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। राजकीय रेल पुलिस गुंडागर्दी बंद करो, महिला सुरक्षा के नाम पर कानून का दुरुपयोग बंद करो आदि नारे लगाये गए। उसके बाद टीटीई का दल हाथों में तख्तियां लिये प्लेटफॉर्म से निकलकर डीआरएम कार्यालय पहुंचे, जहां आरोपी टीटीई को निर्दोष बताते हुए डीआरएम से उसका निलंबन वापस लेने तथा जेल से रिहा करने की मांग की गई। टीटीई कि सुरक्षा की मांग को लेकर मंडल रेल प्रबंधक को ज्ञापन सौंपा गया।

**रिहाई नहीं हुई तो करेंगे उग्र आंदोलन**

रेलवे टिकट चेकिंग स्टाफ यूनियन के उपाध्यक्ष बीएम पांडेय ने बताया कि तीन दिन पहले उनका टिकट चेकिंग स्टाफ पटना से धनबाद आने वाली गंगा दामोदर एक्सप्रेस ट्रेन में ऑन ड्यूटी सवार था। उस ट्रेन में पांच महिला बिना टिकट यात्रा कर रही थी। उन महिला यात्रियों पर टीटीई ने जुर्माना लगाया। ट्रेन में ऑन ड्यूटी राजकीय रेल पुलिस स्टाफ भी थे। उनलोगों ने एक महिला यात्री को बहला फुसलाकर टीटीई के विरोध में लिखित आवेदन ले लिया। उसके बाद उस टीटीई को गया स्टेशन पर ट्रेन से उतारकर जेल भेज दिया गया। जबकि सच्चाई यह है कि इस घटना की सूचना मिलने के बाद बाद उन्होंने खुद उस ट्रेन के यात्रियों से पूछताछ की थी। लेकिन किसी ने छेड़खानी की बात नहीं कही। सरकार के किसी मेनुअल में नहीं है कि सेंसेटिव पद पर कार्यरत स्टाफ को ऑन ड्यूटी उतार सकें। राजकीय रेल पुलिस गया के सिपाही नीरज कुमार ने उस महिला से मिलकर रोहन को फंसाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि वह चाहते हैं कि उनके स्टाफ को निर्दोष साबित करते हुए रिहा किया जाये। मांग पूरी नहीं हुई तो उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

**महिला यात्री की शिकायत के बाद हुई थी गिरफ्तारी :** यह घटना गुरूवार को पटना से खुलने वाली गंगा दामोदर एक्सप्रेस की है। महिला यात्री के अनुसार वह बिना टिकट पटना से इस ट्रेन की एस 6 बोगी में गया जाने के लिए सवार हुई थी। चाकंद स्टेशन स्टेशन से जब ट्रेन गुजर रही थी, तभी टीटीई रोहन कुमार उनके पास पहुंचा। महिला यात्री ने उन्हें पैसा लेकर टिकट बनाने को कहा। उसके बाद टीटीई ने उन्हें शौचालय के पास चलने के लिए कहा। महिला यात्री को कहा कि जुर्माने के साथ टिकट बनाने में एक हजार रुपया लग जायेगा। शौचालय के अंदर चलिये, बिना पैसा के आपका काम हो जायेगा। उसके बाद महिला यात्री शोर मचाने लगी। तभी ट्रेन का गश्ती दल वहां से गुजरा। दल के सिपाही ने महिला की पूरी बात सुनी। ट्रेन के गया स्टेशन पर पहुंचने के बाद टीटीई को ट्रेन से उतार कर जीआरपी थाना ले जाया गया। महिला की लिखित शिकायत पर टीटीई को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। मामला धनबाद रेल मंडल से जुड़ा होने के कारण डीआरएम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए टीटीई को निलंबित कर दिया है।

# कोयलांचल में भादो अमावस्या पर सजा दादी जी का दरबार, हुआ भव्य श्रृंगार

- ध्वज और कलश लेकर भक्त पहुंचे राणी सती मंदिर, बहती रही भजनों की गंगा



खबर मन्त्र संवाददाता

**झरिया/ बाघमारा।** झरिया लक्ष्मीनिया मोड़ स्थित श्री राणी सती मंदिर झरिया में भादो अमावस्या महोत्सव के दूसरे दिन दादी जी का ध्वज और कलश की पूजा पंडित मुन्ना पांडे ने कराई। प्रधान कलश नरेश अग्रवाल ने उठाया। मंदिर में दादी जी का भव्य श्रृंगार किया गया। मंदिर को फूलों ओर विद्युत से सजाया गया। श्री राणी सती जी की भव्य शोभा यात्रा में दादी जी का दरबार सजाया गया।

दादी जी की 101 ध्वजा और कलश 151 महिलाएं अपने माथे पर लेकर सब्जी पट्टी, बाटा मोड, मातृ सदन चिल्ड्रेन पार्क मोड होकर लाल बाजार होते हुए मंदिर पहुंची और कलश-ध्वजा दादी जी को अर्पण किया। शोभा यात्रा में दादी जी की ध्वजा लिये श्रद्धालु दादी जी का जयकार लगा रहे थे। महिलाएं कलश लिए भजन... दादी नाचन दे आयो भादो का त्योहार... गाती चल रही थी।

ध्वजा और कलश दादी जी को चढ़ने के बाद सभी श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण किया गया। शाम को 6 बजे दादी जी का अलौकिक श्रृंगार किया गया। शाम को 7 बजे अखंड ज्योत की पूजा कर भक्तों ने ज्योत लिया। रात 8 बजे से राणी सती

### माले-मासस एकीकरण एकता रैली व सभा की तैयारी जोरों पर

**कुमारधुबी।** माले-मासस एकीकरण एकता रैली व सभा 9 सितंबर को धनबाद में होने जा रही है। इसकी तैयारी को लेकर 2 सितंबर को माले ने निरसा दक्षिण में अभियान चलाया। पतलाबाडी, बेनागोडिया, लेदाहडिया, शायरघुटू, उरमा, कटराल, हुसैन नगर आदि गांवों का दौरा किया गया और पोस्टर पर्चा वितरण किया गया। लोगों से 9 सितंबर को धनबाद गोल्फ ग्राउंड की एकता रैली में शामिल होने की अपील की गई। मौके पर माले राज्य कमेटी के सदस्य नागेन्द्र कुमार, मनोरंजन मलिक, हरेन्द्र सिंह, मनोज महतो, गणेश महतो, लक्ष्मीनारायण दास, मनोज तूरी आदि मौजूद थे।

## एक नजर में

### झारखंड राज्य पंचायत सचिव संघ का निरसा प्रखंड परिसर में धरना-प्रदर्शन



**मैथन।** झारखंड राज्य पंचायत सचिव संघ के आह्वान पर संघ धनबाद के सभी सदस्य दो सूत्री मांगों की पूर्ति को लेकर 27 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर डटे हुए हैं। अनिश्चितकालीन हड़ताल के सातवें दिन सोमवार को जिला शाखा धनबाद के सदस्यों द्वारा निरसा प्रखंड कार्यालय परिसर के समक्ष धरना प्रदर्शन किया गया। इस संबंध में संघ का कहना है कि प्रमुख मांगों में मूल ग्रेड पे 2400 रुपए की स्वीकृति दिया जाए एवं प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी के पद पर 25 प्रतिशत में शेष प्रोन्नति वरीयता के आधार पर दिया जाए, साथ ही आरक्षित 25 प्रतिशत पद पर सीमित प्रतियोगिता परीक्षा में तीन बार अवसर देते हुए रिक्त पद को भरा जाए। कहा गया कि जब तक मांगों की पूर्ति नहीं होती है, अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रहेगी। सदस्यों ने कहा कि राज्य संघ द्वारा घोषित अनिश्चितकालीन हड़ताल सर्वसम्मति से निर्धारित है। मौके पर मधुसूदन पासवान, सुदन चंद्र राणा, कन्हाई चंद्रा, निसार अहमद अंसारी, मोहम्मद मोनाधीर, मोहम्मद मोफीज अंसारी, सुनीता कुमारी, ज्योतिकांत, ममता कुमारी, संतोषी सुमन, अनिशा कुमारी, विजयकांत पांडे, शंकर कर्मकार, राजेंद्र दास, भारती कुमारी, ज्योति कुमारी, सुनैना कुमारी महतो, श्रीकांत महतो, लक्ष्मी कुमारी, पिंकी कुमारी सहित अन्य मौजूद थे।
डीएचएन 2 फोटो-19

### बैंक कर्मियों की लापरवाही के करण सरकारी योजनाओं के लिए महिलाएं हो रही हैं परेशान



**कुमारधुबी।** बैंक ऑफ इंडिया चिरकुंडा शाखा के कर्मियों की लापरवाही के कारण महिलाओं का समय पर ना तो खाता खुल पा रहा है और न ही उनके खाते में केवाईसी हो पा रहा है। इस कारण उन्हें केंद्र और राज्य सरकार की कई महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है।
महिलाएं पिछले कई महीनो से बैंक का चक्कर लगा रही हैं। सोमवार की दोपहर महिलाएं बैंक पहुंची और हंगामा करने लगी। लेकिन समस्या का निदान करने वाला कोई नहीं है। महिलाओं ने आरोप लगाते हुए कहा कि केवाईसी होने के बाद भी उनके खातों को एक्टिव नहीं किया जा रहा है। कई महिलाओं का पैसा खाते में आने के बाद भी बैंक कर्मी कोई ना कोई बहाना बनाकर भुगतान नहीं कर रहे हैं।

# विस्थापित ग्रामीण मोर्चा 6 सितंबर को करेगा आंदोलन

- पांच सूत्री मांगों की पूर्ति में प्रबंधन की वादाखिलाफी से नाराजगी



**मैथन।** बीसीसीएल सीवी एरिया 12 के दहीबाड़ी कोलियरी प्रबंधन की मनमानी के खिलाफ सोमवार को विस्थापित ग्रामीण मोर्चा सह असंगठित मजदूर यूनियन की बैठक दहीबाड़ी सिद्धू-कान्हू फुटबॉल मैदान में हुई। बैठक की अध्यक्षता कर रहे मोर्चा के अध्यक्ष बोदीलाल हंसदा ने बताया कि ग्रामीणों की समस्या को लेकर प्रबंधन को कई बार पत्र लिखा गया, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं हुई। उन्होंने कोलियरी प्रबंधन को अपने उत्पादन का बीस प्रतिशत कोयला मैन्युअल लोडिंग में देने, 23 विस्थापित मजदूरों को तुरंत रेगुलर करने, जामदेही, कल्याणचक, दहीबाड़ी, पलासिया के ग्रामीणों को तुरंत जमीन के बदले नियोजन एवं मुआवजा देने, विस्थापित ग्रामीणों को अनापत्ति प्रमाण पत्र देने, मुगमा जाने वाले पथ की पक्कीकरण की मांग की है।

कहा कि अगर प्रबंधन ने उनकी मांगों पर कोई सकारात्मक पहल नहीं की तो 6 सितंबर से आंदोलन पर जाने के लिए बाध्य होंगे। इसके लिए जिम्मेदार खुद प्रबंधन होगा।

# मंगलपाठ के साथ बाघमारा में भादो अमावस महोत्सव प्रारम्भ

- आसनसोल की प्रसिद्ध भजन गायिका ने अपने भजनों से सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया



खबर मन्त्र संवाददाता

**कतरास।** श्री श्री राणी सती मंदिर बाघमारा में सोमवार को दो दिवसीय 49 वां भादो अमावस महोत्सव मंगलपाठ के साथ शुरू हुआ। मुख्य यजमान नंद लाल हेलिवाल एवं रुक्मिणि देवी को मंदिर के पुजारी मणिकांत शास्त्री ने विधिवत वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना कराई। राजस्थानी वेश भूषा में सोलह श्रृंगार कर सैकडों महिलाओं ने संगीत की धुन पर मंगलपाठ किया।

आसनसोल की प्रसिद्ध भजन गायिका ने अपने भजनों से सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया। महिलाओं ने भजन नृत्य भी किया। रात भक्ति जागरण में रोमित बंसल एवं ग्रुप ने दादी जी के दरबार में एक से बढ़ कर एक भजन प्रस्तुत कर श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। मंदिर को कोलकाता के कलाकारों ने भव्य ढंग से सजाया है। रात्रि पूजन के यजमान आभा संजय हेलीवाल थे।

कार्यक्रम को सफल बनाने में दिनेश हेलिवाल, विनायक मित्तल, कन्हैया हेलिवाल, ऋचीका हेलिवाल, महेश सर्राफ, संजय हेलिवाल, रिंकू हेलिवाल, सुरेश हेलिवाल , श्याम हेलीवाल, लक्ष्मी हेलीवाल, राखी, नूतन सिंघानिया, नेहा अग्रवाल, पुनीता अग्रवाल, शोभा हेलीवाल, सुमिता हेलीवाल, बबीता हेलीवाल, ईशा हेलीवाल, मीणा हेलीवाल, नैना हेलीवाल, ज्योति अग्रवाल, पिंकी अग्रवाल आदि ने भूमिका निभाई।

# डीवीसी पेंशनरों के आवास किराया में बढ़ोतरी स्थगित करने की मांग

- विधायक अपर्णा सेनगुप्ता के दबाव में डीवीसी चैयरमेन ने दिया आश्वासन



खबर मन्त्र संवाददाता

**मैथन।** निरसा विधायक अपर्णा सेनगुप्ता ने विभिन्न मांगों को लेकर सोमवार को डीवीसी मुख्यालय कोलकाता में चेयरमैन एस कुमार के बैठक की। विधायक ने डीवीसी के चैयरमेन के समक्ष मैथन-पंचेत के पेंशनरों के बढ़ाये गये 25 से 30 गुणा आवास किराया को स्थगित करने, डीवीसी में कार्यरत कॉन्ट्रैक्ट शिक्षकों को केन्द्रीय विद्यालय की तर्ज पर सैलरी एवं छुट्टी देने, डीवीसी पंचेत के हटाए गए सफाई कर्मियों को पुनः बहाल करने, पंचेत के डीवीसी में ड्यूटी के दौरान मृत निर्मला देवी के पुत्र चंदन राम को कैजुअल में काम पर रखने एवं ग्रेच्युएटी का भुगतान करने, वरीय बुनियादी विद्यालय मैथन की क्षतिग्रस्त छत का निर्माण कराने, मैथन पोयलाडीह आदर्श ग्राम में पेयजल की व्यवस्था, मैथन श्मशान घाट में बिजली एवं स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था तथा अन्य समस्याओं पर चर्चा की।

डीवीसी प्रबंधन ने पेंशनरों के बढ़ाये गये आवास किराया को दिसंबर तक स्थगित करने का आश्वासन दिया। इसके अलावा डीवीसी चैयरमेन ने विधायक के समक्ष बैठक में ही अन्य सभी मांगों पर आवश्यक कार्रवाई का आदेश मेंबर सेक्रेटरी जॉन मथाई, एचआर हेड राकेश रंजन को दिया। बैठक में रवीन्द्र साहनी, सुजीत राम, पेंशनर्स प्रदीप कुमार सिंह, बादल प्रसाद, विनय कुमार श्रीवास्तव, रंजीत कुमार गुप्ता आदि मौजूद थे।

### धनबाद शाखा 2 में जीवन बीमा निगम की 68वीं वर्षगांठ पर समारोह मनाया गया

- स्थापना काल से अब तक की उपलब्धियों पर हुई चर्चा



धनबाद। सोमवार को धनबाद शाखा 2 में भारतीय जीवन बीमा निगम की 68 वीं वर्षगांठ पर समारोह का आयोजन किया गया। शाखा प्रबंधक की अध्यक्षता में समारोह दीप प्रज्ज्वलन के साथ शुरू हुआ। मुख्य अतिथि धनबाद के पूर्व मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल, शाखा प्रबंधक नरेश कुमार, पॉलिसी धारक, अभिकर्ता बंधु तथा शाखा के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे। समारोह में सभी वक्ताओं ने भारतीय जीवन बीमा निगम के स्थापना काल से अब तक की सभी उपलब्धियों पर चर्चा की।

पूर्व मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल ने कहा कि एलआईसी के अधिकारी एवं कर्मचारियों की ईमानदारी के कारण भारतीय जीवन बीमा निगम का निजीकरण किसी हाल में संभव नहीं है। भारतीय जीवन बीमा निगम के अभिकर्ता के साथ यहां के कर्मचारियों की निष्ठा ही है जो भारतीय जीवन बीमा निगम दिन दोगुनी और रात चौगुनी तरक्की कर रहा है। उन्होंने भारतीय जीवन बीमा निगम को सर्वश्रेष्ठ कंपनी होने पर भी अपनी बातों को रखा। धन्यवाद ज्ञापन के साथ समारोह की समाप्ति की घोषणा की गइ। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी साथियों का योगदान रहा।

### खुरडीह में विद्यालय प्रबंधन समिति की पहली बार अध्यक्ष बनी महिला



तोपचांची : प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय खुरडीह में सोमवार को विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का चुनाव हुआ। सर्व सम्मति से ग्रामीणों ने गुड़िया देवी को अध्यक्ष और सुनिल रजवार को उपाध्यक्ष चुना।
दोनों ने अपने पद की जिम्मेदारी स्वीकार करते हुए कहा कि वे विद्यालय के विकास और छात्रों के हित में काम करेंगे। उन्होंने ग्रामीणों का धन्यवाद किया और कहा कि उनके सहयोग से विद्यालय को नए ऊंचाइयों पर ले जाएंगे। इस चुनाव में ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में भाग लिया और मतदान किया. चुनाव के परिणाम के बाद ग्रामीणों ने खुशी का इजहार किया और नए अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष को बधाई दी। सीआरपी मध्य विद्यालय कोटालअड्डा के हेमलाल ठाकुर ने कहा कि विद्यालय प्रबंधन समिति का 3 साल बाद पुनर्गठन किया जाता है। इस बार खुरडीह में पहली बार महिला अध्यक्ष बनीं, जो महत्वपूर्ण कदम है।

# आठवीं जिला स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में 50 खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

- बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को मिला पदक और सम्मान



खबर मन्त्र संवाददाता

**गिरिडीह।** गिरिडीह जिला ताइक्वांडो संघ द्वारा बाभनटोली स्थित श्याम सेवा समिति भवन में आठवीं जिला स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता हुई, जिसमें जिले के मोंगिया स्कूल, बीएनएस डीएवी पब्लिक स्कूल, सीसीएल डीएवी पब्लिक स्कूल, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय गांडेय, कार्मल स्कूल, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, सलूजा गोल्ड इंटरनेशनल स्कूल के अलावा अलग अलग अन्य स्कूलों और विभिन्न क्लबों के 150 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि सीसीएल के जी एम बसाब चौधरी, विशिष्ट अथिति मोगिया स्कूल के निदेशक सन्नी सिंह, भाजपा नेत्री विनीता कुमारी , भाजपा नेता विनय सिंह, समाजसेवी, नूरुल होदा,योगासना स्पोर्ट संघ के राजेश जालान, अनिता ओझा रोहित श्रीवास्तव, गुरुनानक विद्यालय के सचिव कुवरजीत सिंह दुआ, क्रीड़ा भारती के सुधीर आनंद उपस्थित थे।

कार्यक्रम का प्रारंभ सभी अथितियो ने दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद अथितियों द्वारा खिलाड़ी के चेस्ट गार्ड पर पंच मारकर इस प्रतियोगिता को प्रारंभ किया गया। इस मौके पर जिला ताईक्वोंडो संघ के महासचिव अमित स्वर्णकार ने बताया कि इस प्रतियोगिता का आयोजन चार आयु वर्ग सब-जूनियर, कैडेट, जूनियर और सीनियर के अलग अलग वेट कैटेगरी में किया गया। इसके लिए सभी खिलाड़ियों ने पदक जीतने के लिए दिन भर अपनी क्षमता दिखाई और उनमें से बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी पदक जीतने में कामयाब रहे। इस प्रतियोगिता में आब्जर्वर के रूप में झारखंड ताइक्वांडो संघ के लक्ष्मीकांत सिन्हा और सुमिर शर्मा उपस्थित थे। समापन समारोह में मुख्य अथिति गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, विशिष्ट अतिथि निवर्तमान विधायक निर्भय साहबादी उपस्थित थे। उन्होंने सभी विजेता खिलाड़ियों को पदक और सभी ऑफिशियल को मोमेंटो दे कर सम्मानित किया। इस प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका कोडरमा से आए राष्ट्रीय रेफरी राजेंद्र कुमार, गिरीडीह के राष्ट्रीय रेफरी नयन भट्टाचार्य, अभिजित सिंह, नितिन कुमार और रोहित राय ने निभाई। इस प्रतियोगिता में 24 स्वर्ण पदक जीतकर 'के-टाइगर क्लब गिरीडीह ओवर ऑल चैंपियन टीम रही, वहीं फर्स्ट रनरअप सीसीएल डीएवी और सेकंड रनरअप सरस्वती शिशु विद्या मंदिर रहा। आयोजन में गिरीडीह जिला ताईक्वोंडो संघ के महासचिव अमित स्वर्णकार के अलावा शशिकांत विश्वकर्मा, मनोहर वर्मा, रोहित राय, आकाश कुमार स्वर्णकार, ज्योति कुमार, राजकुमार वर्मा का अहम योगदान रहा।

### चलंत लोक अदालत का जागरुकता रथ चांच पंचायत पहुंचा



मैथन : झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर सोमवार को जागरुकता रथ एग्यारकुंड प्रखंड के चांच पंचायत पहुंची। डॉ कुमार वीरेंद्र ने कहा है कि धनबाद से चलकर पहले चलंत लोक अदालत ग्यारकुंड प्रखंड के चांच पंचायत में पहुंची। ग्रामीणों को समस्या के नदान का रास्ता बताया। महिला एसटी/ एसी, जनरल, 3 लाख से कम की आय पर प्रति वर्ष महिला को अनुदान आदि के बारे में जिला सचिव द्वारा अवगत कराया गया। प्रखंड कार्यालय में लंबित कार्यो के तेजी से निपटाने, महिलाओं की समस्या जल्द से जल्द दूर करने, लंबे दिनों से जेल में बंद कैदियों का निपटारा करने सहित सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गयी।

# योजनाओं के क्रियान्वयन की गुणवत्ता पर नजर रखें जनता : राज्यपाल

- हुरलुंग, रुगड़ी और बड़ागुंटिया में सवाद कार्यक्रम में बांटी गयी परिसंपत्तियां
- कोल्हान में तीन स्थानों पर राज्यपाल संतोष गंगवार ने किया जन संवाद

**खबर मन्त्र टीम**



हुरलुंग में छात्राओं को साइकिल देते राज्यपाल और रुगड़ी में एक लाभुक को चेक प्रदान करते राज्यपाल। साथ में ईचागढ़ की विधायक सबिता महतो।

**जमशेदपुर/सरायकेला/चाईबासा।** झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार आज कोल्हान में थे। उन्होंने कोल्हान प्रमंडल के पूर्वी सिंहभूम जिला अंतर्गत हुरलुंग, सरायकेला जिला अन्तर्गत रुगड़ी और प सिंहभूम जिला अंतर्गत बड़ा गुंटिया गांव में आयोजित जन संवाद कार्यक्रम में न सिर्फ परिसंपत्तियां बांटी बल्कि उन्होंने ग्रामीणों का मार्गदर्शन भी किया। उन्होंने कहा कि राज्यपाल होने के नाते उनकी जवाबदेही है कि केंद्र और झारखंड सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति को मिले। उन्होंने ग्रामीणों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि विकास योजनाओं का चौकीदार उन्हें भी बनना होगा। आम जनता को विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में गुणवत्ता पर नजर रखनी चाहिए और कोई गड़बड़ी होने पर वे सरकार एवं राजभवन को सूचित करें। इसके पूर्व राज्यपाल के पहुंचने पर तीनों कार्यक्रम स्थलों पर उनका स्वागत पूर्वी सिंहभूम के डीसी अनन्य मित्तल, एसएसपी किशोर कौशल, सरायकेला-खरसावां जिला के डीसी रविशंकर शुक्ला एसपी मुकेश लुणावत और प सिंहभूम के डीसी कुलदीप चौधरी और एसपी ने गुलदस्ता देकर किया। इस अवसर पर राज्यपाल को गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया।

राज्यपाल संतोष गंगवार ने पूर्वी सिंहभूम जिलान्तर्गत हुरलुंग पंचायत भवन में ग्रामीणों को संवाद करते हुए कहा कि मैं आप सभी से यह जानने आया हूं कि आपको विभिन्न योजनाओं का लाभ सही से मिल रहा है अथवा नहीं। राज्यपाल ने कहा कि योजनाओं का क्रियान्वयन सही से एवं गुणात्मक हो, ये जिम्मेदारी आप सबकी भी है। किसी भी योजना के लाभ प्राप्त करने में आ रही समस्याओं से अवगत कराना चाहिये, ताकि आपकी समस्याओं का निराकरण किया जा सके। राज्यपाल ने कहा कि वे चाहते हैं कि सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का आप सबको पूर्णतः लाभ मिले। सभी पात्र लोगों को आवास योजना का लाभ मिले, सबके घर में शौचालय सुविधा हो। प्रधानमंत्री द्वारा जनमानस हेतु विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं संचालित हैं, योजना के लाभ की राशि सीधे लाभुकों के खाते में जाती है। उन्होंने कहा कि सबको स्वच्छ पेयजल मिले, सभी के घर में नल से जल की आपूर्ति हो, इसके लिए सक्रियता से कार्य किया जा रहा है। हर्ष का विषय है कि राज्य की महिलाएं स्वयं सहायता समूह से जुड़ रही हैं और स्वावलंबन का जरिया बना रही है तथा उनके आर्थिक स्थिति में सुधार हो रहा है।

संवाद के क्रम में राज्यपाल के समक्ष एक ग्रामीण महिला ने आवास समस्या संबंधी समस्या से अवगत कराया। उन्होंने उपायुक्त, पूर्वी सिंहभूम को उक्त महिला को शीघ्र आवास योजना से लाभान्वित करने हेतु निर्देश दिया। बुनकर समूह के सदस्यों ने संवाद के क्रम में कहा कि अभी इससे जुड़कर 4000-4500 से आय प्राप्त होती है, लेकिन उत्पाद की बिक्री हेतु उचित बाजार की आवश्यकता है।

## स्पीड न्यूज

### क्लैट प्रवेश परीक्षा शुल्क को कम करने की मांग

**जमशेदपुर।** क्लैट के प्रवेश परीक्षा शुल्क कम करने के लिए जमशेदपुर को-ऑपरेटिव लॉ कॉलेज के पूर्व छात्र सह अधिवक्ता अमर तिवारी में उच्च शिक्षा विभाग भारत सरकार से मांग की थी। मांग पत्र में बताया गया था कि क्लैट हर साल लॉ के क्षेत्र में नामांकन के लिए परीक्षा आयोजित करती है परंतु उस परीक्षा शुल्क में कटौती नहीं की जा रही है, शुल्क के नाम पर 4000 रुपये सामान्य कोटि का दिया है और अन्य के लिए 3500, 4000 रुपये सिर्फ प्रवेश परीक्षा के लिए एक गरीब छात्रों के लिए काफी ज्यादा है जिससे गरीब छात्र हर साल फॉर्म नहीं भर पा रहे हैं। अमर तिवारी ने विभाग से अनुरोध किया कि क्लैट 2025 के परीक्षा शुल्क को 500 रुपये सभी विद्यार्थी के लिए रखा जाए ताकि हर वर्ग के विद्यार्थी इस परीक्षा में भाग ले सके,जिसे भारत सरकार के कानून मंत्रालय के लीगल अफेयर के नोडल पदाधिकारी सौरव चौधरी ने बार कौंसिल ऑफ इंडिया को कार्यवाही हेतु भेज दिया है।

### पत्नी की हत्या कर खुद फांसी पर लटक गया

**जमशेदपुर।** सरायकेला खरसावां जिला अंतर्गत चांडिल थाना क्षेत्र के कपाली में पत्नी की चापड से मार कर हत्या करने के बाद पति ने भी आत्महत्या कर ली है। मृतका केपरिवार वालों के अनुसार 1 वर्ष पूर्व ही 18 वर्षीय दिलकश का निकाह मोहम्मद हुसैन के साथ हुआ था लेकिन 15 दिन बाद से ही दोनों के बीच अनबन होने लगी और पति उसके साथ मारपीट करने लगा जिसे लेकर परिवार वालों ने दिलकश को अपने घर लेकर आ गए थे। यह सिलसिला कई बार होता रहा इधर दिलकश गर्भवती होने कारण उसे ससुराल नहीं भेजा जा रहा था। लेकिन सरायकेला महिला थाना और पति के परिवार वालों द्वारा आग्रह करने पर वापस ससुराल भेज दिया था। सोमवार की सुबह परिवार वालों को सूचना मिलने पर जब घर पहुंचे तो देखा दिलकश में लहूलुहान हालत में मृत पड़ी हुई थी जबकि बगल में ही हुसैन फंदे से लटका हुआ था। परिवार वालो ने बताया कि दिलकश को चापड़ से मार कर हत्या की गई है। उनका यह भी आरोप है कि ससुराल वालों ने ही दोनों की हत्या कर दी और हुसैन को फंदे से लटका दिया। फिलहाल पुलिस शव को जब्त कर पूरे मामले की जांच में जुट गई है।

### जुगसलाई दादी मंदिर में भजन कीर्तन से भक्तिमय हुआ माहौल



**जमशेदपुर।** सोमवार को जुगसलाई गर्ल्स स्कूल रोड स्थित श्री राणी सती दादी मंदिर मे हर साल की तरह इस साल भी भादो मास अमावस्या को उत्सव के रूप में धूमधाम से मनाया गया। मगंलवार 03 सितम्बर को भी भादो मास अमावस्या की पूजा दिन भर होगी। आज श्रद्धा और विश्वास के साथ भादो अमावस्या पर झुंझुनू वाली श्री राणी सती दादी जी की विशेष पूजा सुबह 06.30 बजे से शुभारंभ हुई। मंदिर के पुजारी बिमल पाण्डेय ने पूजा करायी। भादो अमावस्या पर मंदिर में पूजा एवं दर्शन के लिए दिन भर दादी भक्तों का आना-जाना लगा रहा। जिससे मंदिर में मेला जैसा माहौल बना रहा। साथ ही सारे दिन पूजा एवं जात का धार्मिक कार्यक्रम चलता रहा। संध्या 6.20 पर आरती की गयी। रात्रि 8 बजे से भजन कीर्तन का शुभारंभ हुआ, जो रात लगभग 10 बजे तक चला। दादी जी का दरबार एवं मंदिर को रंग बिरंगे खुशबूदार फूलों से श्रृंगार किया गया था। साथ ही मंदिर परिसर में आकर्षक विद्युत सज्जा की गयी थी। इस कार्यक्रम को सुंदर एवं भव्य रूप से संपन्न कराने में श्री राणी सती मंदिर कमिटी एवं समस्त खीरवाल परिवार का योगदान रहा। भजनों पर लगे दादी के जयकारे :- संध्या भजन कीर्तन का शुभारंभ श्री गणेश वंदना से भक्तों द्वारा किया गया।

# पर्यटन स्थल के रूप में विकसित हो रहा दोमुहानी घाट : बन्ना गुप्ता

- दुमुहानी स्वर्णरेखा घाट के सौंदर्यीकरण कार्य का किया मंत्री बान्ना गुप्ता ने निरीक्षण
- सुबह और शाम स्थानीय लोग अपने परिवार के साथ भ्रमण कर स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं

**खबर मन्त्र ब्यूरो**


दो मुहानी के सौंदर्यीकरण कार्य का निरीक्षण करते मंत्री बन्ना गुप्ता।

**जमशेदपुर।** स्वर्णरेखा और खरकाई नदी के संगम स्थल दोमुहानी का कायाकल्प सह सौंदर्यीकरण कार्य प्रगति पर है। क्षेत्र के विधायक और मंत्री बन्ना गुप्ता ने दोमुहानी को धार्मिक एवं प्राकृतिक पर्यटन स्थल के रुप में स्थापित करने के लिए दीर्घकालिक योजनाओं को लागू करना शुरु कर दिया है। नतीजा यहां की फिजां अब बदली-बदली नजर आ रही है और लोग परिवार संग यहां भ्रमण करने आ रहे हैं।

घाट के सौंदर्यीकरण योजनाओं का निरीक्षण करने आये स्वास्थ्य एवं खाद्य आपूर्ति मंत्री बन्ना गुप्ता ने पत्रकारों से कहा कि दोमुहानी घाट पर एक तरफ धार्मिक आयोजन हो रहा हैं दूसरी तरफ कर्म कांड भी नियत नियम से हो रहा हैं, नदी के संरक्षण के प्रति लोगों में भी जागरूकता आई हैं, रिवर फ्रंट डेवलपमेंट पर विशेष कार्ययोजना तैयार की जा रही हैं।

मंत्री बन्ना गुप्ता ने बताया कि 60 लाख की लागत से भव्य स्वागत द्वार एवं अन्य योजनाओं का निर्माण प्रगति पर हैं जो जल्द तैयार कर जनता को सुपुर्द कर दिया जायेगा, स्वागत द्वार का मुख्य आकर्षण होगा भगवान आदिशिव की भव्य प्रतिमा एवं द्वार का डिजाइन।

सीढ़ी निर्माण के साथ ही वाक वें, सिटिंग चेयर, बच्चों के लिए छोटा पार्क भी आकर्षण का केंद्र होगा, जबकि श्रद्धालुओं के लिए भी विशेष तैयारी की जा रही हैं।

उन्होंने बताया कि अगले चरण में छठ घाट निर्माण समेत अन्य धार्मिक स्थलों के रूप में इस क्षेत्र को विकसित करने का प्लान हैं जिससे स्वर्णरेखा घाट को विश्वस्तरीय पर्यटन स्थल के रूप में पहचान मिल सकें।

## एक नजर में

### पटमदा डिग्री कॉलेज में 50 यूनिट रक्त संग्रहित



**जमशेदपुर/पटमदा।** पटमदा इंटर व डिग्री कॉलेज जाल्ला के एन एस एस यूनिट एवं उन्नत भारत अभियान के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को कॉलेज संस्थापक प्राचार्य सह झारखंड के पूर्व सूचना आयुक्त दिवंगत प्रफुल्ल महतो की 11वीं पुण्यतिथि पर डिग्री कॉलेज जाल्ला में एक दिवसीय रक्तदान शिविर लगाया गया। जिसके मुख्य अतिथि कॉलेज के अध्यक्ष सह विधायक मंगल कालिंदी शामिल हुए। इस दौरान विधायक ने प्रफुल्ल कुमार महतो के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए उन्हे श्रद्धांजलि दीं। विधायक ने कहा कि प्रफुल्ल बाबू आज हमारे बीच में नहीं है, लेकिन जमीन दाताओं के सहयोग से पटमदा में कॉलेज स्थापना कर शिक्षा का जो दीया उन्होंने जलाया है। उसकी रौशनी अभी दूरदराज तक फैल रही हैं। उन्होंने कहा कि कॉलेज के सर्वांगीण विकास हेतु मैं सदैव तत्पर हूं। उन्होंने कहा कि अपने पेमेंट की रुपए से कई गरीब असहाय छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा हेतु मैंने कॉलेज में दाखिला कराया है। इस दौरान कॉलेज के छात्र-छात्राओं के आलावे अन्य जगहों से पहुंचे 50 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। मौके पर जिला पार्षद खगेन चंद्र महतो, सचिव प्रमथ नाथ मंडल, आदित्य महतो, डॉ सुमंत कुमार सेन, प्राचार्य अरूण कुमार, केपी महतो, काशीनाथ महतो, विश्वनाथ महतो, मृत्युंजय महतो, पंचानन दास, भीष्मनाथ महतो, वृंदावन दास, अनिल चंद्र महतो, फुलचांद महतो, सुभाष कर्मकार, अश्विनी महतो व अन्य कई लोग मौजूद थे।

### छोलागोड़ा मैदान में पार्षद कुसुम ने किया हाईमास्ट लाइट का शिलान्यास



**जमशेदपुर।** जिला परिषद सदस्य कुसुम पूर्ती ने सारजमदा स्थित छोलागोड़ा, बिरसा मेमोरियल सोसायटी के मैदान परिसर में एक हाईमास्ट लाइट अधिष्ठापन का शिलान्यास किया। सोसायटी के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने जिला परिषद सदस्य कुसुम पूर्ती से अनुरोध किया था कि मैदान में रात के समय काफी अंधेरा रहता है। विगत कई वर्षों से इसकी मांग की जा रही थी। इनकी माँग को देखते हुए कुसुम पूर्ती ने इसकी अनुशंसा की थी जिसके फलस्वरूप आज शिलान्यास हुआ। हाईमास्ट लाइट अधिष्ठापन के लिए दियुरी सह हातु मुंडा बुधराम हेंब्रम द्वारा चिन्हित स्थान पर भूमिपूजन किया गया, उसके पश्चात शिलापट लगाया गया। मौके पर अथितियों को शाल भेंट कर सम्मानित किया गया। इस कार्य को लेकर सोसायटी के सदस्यों एवं क्षेत्र के नागरिकों में हर्ष का माहौल है। इसके लिए उन्होंने जिला परिषद सदस्य कुसुम पूर्ती को धन्यवाद दिया है। शिलान्यास के अवसर पर बिरसा मोमोरियल सोसायटी के सदस्यगण, पंचायत प्रतिनिधि एवं स्थानीय नागरिक मौजुद थे जिसमें मुख्य रूप से उपमुखिया ननिका हेंब्रम, पंचायत समिति सदस्य जमुना पूर्ति, शिवम बोईपाई, सिनी सोए और सोसायटी के अध्यक्ष रामचंद्र बास्के, उपाध्यक्ष कामदेव महतो, सचिव कारण मुर्मू, उपसचिव प्रकाश भूमिज, खेल सचिव छोटोराम हेंब्रम सदस्य बीसू सोए,संपूर्ण सवाइयां,गोराचंद बास्के,भुगलू मार्डी,सुखलाल मुर्मू,सुपय बास्के, निताई सरदार, सनत हंसदा,सुकलाल सोए, बाबूलाल गोइपाई, ओपन टुडू आदि उपस्थित थे।

### लोयला स्कूल को मिला इंटर स्कूल कराटे चैंपियनशिप का खिताब



**जमशेदपुर।** झारखंड शौरिन रियू मात्स्यासी कराटे डू एसोसिएशन के अंतर्गत एक दिवसीय अंतर स्कूल कराटे प्रतियोगिता लोयोला स्कूल के प्रांगण में 1 सितंबर 2024 को आयोजित किया गया, जिसमें जमशेदपुर के आठ स्कूलों के कराटे कारो ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रतियोगिता में लोयोला स्कूल बिस्टुपुर, सीक्रेट हार्ट कॉन्वेंट स्कूल, केरला पब्लिक स्कूल गम्हरिया, डी ए वी स्कूल, लोयोला स्कूल टेल्को, विद्या ज्योति स्कूल गम्हरिया, रामकृष्ण मिशन स्कूल बिस्टुपुर, सेंट जेवियर स्कूल गम्हरिया आदि स्कूलों ने भाग लिया। इस टूर्नामेंट में ओवरऑल चैंपियन का खिताब लोयोला स्कूल बिस्टुपुर ने जीता एवं फर्स्ट रनर का खिताब विद्या ज्योति स्कूल गम्हरिया एवं सेकंड रनर अप का खिताब केरला पब्लिक स्कूल गम्हरिया ने जीता। बेस्ट अनुशासन का खिताब लोयोला स्कूल टेल्को को एवं बेस्ट परफॉर्मेंस अवार्ड सेक्रेड हार्ट कॉन्वेंट स्कूल ने जीता। इस टूर्नामेंट के संचालक शिहान जितेंद्र कुमार शर्मा के नेतृत्व में किया गया रेफरी के रूप में संसाई राजेश कुमार गुप्ता ब्रिटिश कांति दास, अमित झा नेहाल सिंह, रवि अग्रवाल सिमरप्रीत आदि शामिल थे। इस टूर्नामेंट में मुख्य अतिथि के रूप में फादर विक्टर मिस्किट एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में सबक रुस्तम पटेल एवं वरुण मारवा एवम रीमा बैनर्जी शामिल हुए।

### कांड्रा एसकेजी क्लब प्रांगण में 13 को करम महोत्सव



**गम्हरिया।** झारखंड लोक कला सांस्कृतिक परिषद की एक बैठक कांड्रा एसकेजी क्लब में हुई जिसमें 13 सितंबर को भव्य करम महोत्सव मनाने का निर्णय लिया गया। बताते चलें कि झारखंड लोक कला सांस्कृतिक मंच 13 सितंबर को कांड्रा एसकेजी क्लब में भव्य करम महोत्सव करने का निर्णय लिया। इसके लिए मंच के मुख्य संरक्षक पूर्व जिप सदस्य सुधीर चंद्र महतो, अध्यक्ष विजय महतो एवं सचिव राम महतो के नेतृत्व में जोर- शोर से तैयारी की जा रही है। इस दौरान मुख्य संरक्षक सुधीर चंद्र महतो ने बताया कि इस मौके पर प्रात:काल में करम पेड़ की डाली लेकर इष्टदेव की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया जायेगा।

# साजन मोरे आवे...

- सबुज कल्याण संघ ने आयोजित किया शास्त्रीय संगीत संध्या मल्हार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**


देवप्रिय ठाकुर व पवन चौबे।

**जमशेदपुर।** गत 1 सितम्बर को शहर की पुरातन सामाजिक संस्था सबुज कल्याण संघ तत्वाधान में ‡मल्हार संध्या‡ शास्त्रीय संगीत कार्यक्रम सबुज कल्याण संघ सभागार टेल्को में किया गया। कार्यक्रम शुभारंभ वरीय कलाकारों के द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। प्रथम प्रस्तुति में सुश्री मान्यता दास ने राग देश में निबंधित बंदिश विलंबित एवं द्रुत ताल में... साजन मोरे आवे... पेश किये। तबले पर श्यामा चक्रवर्ती एवं हारमोनियम पर शुवेंदु रॉयचौधरी ने सराहनीय संगत किये। दूसरी प्रस्तुति में शहर के युवा गायक पवन चौबे ने शास्त्रीय गायन पेश किये राग मियां मल्हार में तीनताल में बंदिश पेश किये अंत में राग खमाज ठुमरी के साथ अपने कार्यक्रम किया। तबले पर स्वरुप मोइत्रा एवं हारमोनियम पर सुजन चटर्जी ने सराहनीय एवं तानपुरा पर लोपामुद्रा डे एवं मनीष कुमार ने सराहनीय संगत किये। पूरा सभागार तालियों के गड़गड़ाहट से गूंज उठा कउनके सुरीली प्रस्तुति से सभागार में उपस्थित श्रोतागण झूम उठे।

# बाबा बैद्यनाथ सेवा संघ ने 500 शिक्षकों को किया सम्मानित

- भगवान के दूसरे रूप होते हैं सभी शिक्षक : विकास सिंह

**खबर मन्त्र ब्यूरो**


एक शिक्षिका को सम्मानित करते विकास सिंह।

**जमशेदपुर।** शिक्षक दिवस के पूर्व रविवार को को मानगो डिमना रोड के महेंद्र मैरिज हॉल में बाबा बैधनाथ सेवा संघ की ओर से आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह में 500 शिक्षकों को सम्मानित करने का कार्य संघ के संस्थापक सदस्य विकास सिंह ने किया। संघ के द्वारा विगत छः वर्षों से शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया जाता रहा है कार्यक्रम में डिग्री कॉलेज, इंटर कॉलेज, उच्च विद्यालय, मध्य विद्यालय, प्राथमिक विद्यालय के साथ-साथ प्राइवेट कोचिंग के संस्थानों शिक्षक और शिक्षिकाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राष्ट्रपति पुरस्कार विजेता पूर्व प्रधानाध्यापक अशोक सिंह, घाटशिला महिला कॉलेज की प्राचार्या पुष्कर बाला, पटमदा डिग्री कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर शालिग्राम मिश्र, मोतीलाल नेहरू विद्यालय के महासचिव डीपी शुक्ला, जे के एस कॉलेज के संस्थापक ए.पी सिंह आदि भी थे।

# सिपाही बहाली में अभ्यर्थियों की दु:खद मौत के खिलाफ निकला मशाल जुलूस

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** राज्य के विभिन्न जिलों में चल रही उत्पाद सिपाही की दौड़ के दौरान अब तक 12 युवा अभ्यर्थियों की असमय और दुःखद मौत ने पूरे राज्य में गहरे शोक और आक्रोश की लहर पैदा कर दी है। सरकार की असंवेदनशीलता और तुगलकी नीतियों के खिलाफ भाजयुमो जमशेदपुर महानगर ने सोमवार को मशाल जुलूस के माध्यम से अपना कड़ा विरोध प्रकट किया। भाजयुमो जिलाध्यक्ष नीतीश कुमार के नेतृत्व में हजारों कार्यकर्ताओं ने साकची स्थित जिला भाजपा कार्यालय से साकची बड़ा गोलचक्कर तक हाथों में मशाल लेकर हेमंत सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और पुतला दहन किया। भाजपा के कार्यकर्ता और युवाओं की भारी भीड़ मशालें थामे जब सड़कों पर उतरी, तो शहर की फिजा में आक्रोश और पीड़ा की गूंज स्पष्ट सुनाई दे रही थी।

# अभा ब्रह्मर्षि समाज की गम्हरिया इकाई का किया कमेटी विस्तार

- नये सदस्यों को दी गयी जिम्मेदारी
- बिहार के मंत्री अशोक चौधरी के बिगड़े बोल पर आक्रोश जताया

**खबर मन्त्र प्रतिनिधि**

**गम्हरिया।** अखिल भारतीय ब्रह्मर्षि समाज, गम्हरिया इकाई की बैठक स्थानीय घोड़ाबाबा मंदिर परिसर में अध्यक्ष आरपी चौधरी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में मुख्य रूप से कमेटी विस्तार को लेकर चर्चा कर नयी कमेटी का गठन किया गया। उक्त कमेटी में सदस्यों को क्षेत्र के हिसाब से दायित्व दिये गये। नयी कमेटी में सर्वसम्मति से मुख्य रूप से कृष्ण मोहन सिन्हा, दिनेश कुमार सिंह, मनोरंजन सिंह, संजय सिंह, विजय कुमार सिंह, नागेश्वर शर्मा और राम लगन सिंह को संरक्षक के रूप में रखा गया है। साथ ही, अमरेश कुमार ईश्वर, कुंदन कुमार सिंह व राम प्रताप शर्मा को उपाध्यक्ष, अमित कुमार सिंह को सचिव, विपेंद्र सिंह, रंजीत कुमार सिंह, मनीष कुमार सिंह व अमर सिंह को सह सचिव तथा रवि रंजन सिंह व राजीव सिंह को कोषाध्यक्ष के रूप में हुई।

# विकास और उन्नति के लिए मन पर नियंत्रण रखना आवश्यक : प्रेम प्रभु

- सोना देवी विश्वविद्यालय में विशिष्ट व्याख्यानमाला आयोजित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**


व्याख्यान देते प्रेम प्रभु।

**जमशेदपुर।** सोना देवी विश्वविद्यालय, घाटशिला, पूर्वी सिंहभूम के प्रांगण में आज दिनांक 2 सितम्बर, 2024 को विशिष्ट व्यक्तित्व के व्यक्तियों द्वारा द्वितीय व्याख्यान श्रृंखला का आयोजन किया गया। आज की व्याख्यान श्रृंखला के वक्ता आध्यात्म जगत के विख्यात एवं लब्ध प्रतिष्ठित प्रेरक तथा युवा मार्गदर्शक हिज ग्रेस नाम प्रेम प्रभु, अध्यक्ष, इस्कॉन, धनबाद थे।

आज के व्याख्यान का थीम युवाओं के जीवन निर्माण एवं चरित्र गठन के लिए कुछ दिशा निर्देश एवं राष्ट्र निर्माण हेतु युवाओं की भूमिका हेतु कुछ सुझाव था।

व्याख्यानमाला में सोना देवी विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री प्रभाकर सिंह, कुलपति प्रो. जे. पी. मिश्रा , कुलसचिव प्रो.(डॉ.) गुलाब सिंह 'आजाद' , परीक्षा नियंत्रक श्री मिथिलेश सिंह , विभिन्न स्कूलों/ विभागों के प्राचार्यगण , प्राध्यापकगण एवं सहायक अध्यापक तथा बहुत बड़ी संख्या में छात्र - छात्राएं उपस्थित रहे। सोना देवी विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो.(डॉ.) गुलाब सिंह 'आजाद' ने हिज ग्रेस प्रेम प्रभु जी का शॉल एवं पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया।

बायोटेक्नोलॉजी विभाग की प्राध्यापक डॉ. नित नयना ने हिज ग्रेस नाम प्रेम प्रभु का संक्षिप्त परिचय दिया। माननीय प्रेम प्रभु जी ने अपने बहुत ही प्रेरणादायक एवं ज्ञानवर्धक भाषण में सोना देवी विश्वविद्यालय के छात्र - छात्राओं तथा संकाय सदस्यों को जीवन निर्माण एवं चरित्र गठन के बहुत ही महत्वपूर्ण एवं उपयोगी दिशा-निर्देश दिए जो भारतीय संस्कृति के महान ग्रन्थों- श्रीमद भगवदगीता, महाभारत, केनोपनिषद आदि को उद्धरित करते हुए दिए।

प्रेम प्रभु जी ने कहा की विकास एवं उन्नति हेतु अपने मन को नियंत्रण करना बहुत जरुरी है। उन्होंने कहा की व्यक्ति के जीवन में मन की बहुत बड़ी भूमिका है एवं व्यक्ति के सर्वांगीण विकास हेतु उसे अपने मन पर नियंत्रण करना अनिवार्य है और इसके लिए उसे अपनी बुध्दि को मजबूत बनाना होगा जिससे की वह सूझ - बूझ , दृणनिश्चय तथा विभेदीकरण के साथ निर्णय ले सके।

# रोहतास में नीतिश ने किया जलापूर्ति समेत कई योजनाओं का शिलान्यास



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार डिहरी ऑनसोन में स्वयं सहायता समूह के सदस्यों के स्टॉल का निरीक्षण करते एव उन्हें सम्मानित करते




एजेंसी

**डेहरी आन सोन।** रोहतास जिले के डेहरी आन सोन में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने डेहरी ,सासाराम, औरंगाबाद में सोन नदी से होने वाले जलापूर्ति योजना, आईटीआई में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस, आंगनबाड़ी केंद्रों,खेल मैदान समेत कई योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन सोमवार शाम को किया। मुख्यमंत्री 4.10 बजे शाम में डेहरी पहुंचे । स्थानीय एनिकट में डेहरी ,औरंगाबाद और सासाराम के13अरब 47करोड़ की लागत से बनने वाली पेयजल आपूर्ति योजना का शिलान्यास किया। उन्होंने ऐनिकट बराज का निरीक्षण किया। जल संसाधन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को जलापूर्ति योजना की विस्तृत जानकारी दी। यहां 1872 में बने एनिकट बराज को मरम्मत करा कर पानी का भंडारण किया जाएगा ।बस्तीपुर में वाटर ट्रीटमेंट प्लांट लगेगा। जहां से सोन के सतही जल का उपयोग कर पाइप लाइन के माध्यम से तीनो शहरो में पेय जल की आपूर्ति की जाएगी । स्थानीय राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में निर्मित सेंटर आफ एक्सीलेंस का उद्घाटन किया। टाटा टेक्नोलॉजी के सहयोग से बने सेंटर आफ एक्सीलेंस का निर्माण लगभग तीन करोड़ की लागत से किया गया है । इस आईटीआई के छात्र आधुनिक तकनीकी के माध्यम से अध्यापन करेंगे। अब यहां के छात्र को इंडस्ट्रीज 4.0 टेक्नोलॉजी का प्रशिक्षण मिलेगा। पंचायत के बस्तीपुर में उच्च विद्यालय , आंगनवाड़ी भवन व पुस्तकालय का उद्घाटन व शिलान्यास किया। उन्होंने जिले के 372 आंगनबाड़ी केंद्रों के जीणोद्धार, विभिन्न प्रखंडों में 66 पुस्तकालय भावनाओं के निर्माण मुख्यमंत्री सोलर योजना के तहत विभिन्न प्रखंडों में 648 सोलर लाइट 17 आंगनबाड़ी केदो 21 पंचायत में खेल मैदान और खेल सुविधाओं का निर्माण का शिलान्यास किया उन्होंने 13 आंगनबाड़ी केदो का उद्घाटन भी किया। मौके पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी, जिले के प्रभारी मंत्री जयंत कुमार श्रम संसाधन मंत्री संतोष कुमार सिंह सासाराम के सांसद मनोज कुमार समेत कई पूर्व सांसद विधायक और एनडीए के नेता मौजूद थे।

## कटिहार में मुख्यमंत्री प्रखंड परिवहन योजना की वरीयता सूची जारी की

एजेंसी

**कटिहार।** जिला परिवहन पदाधिकारी, कटिहार द्वारा मुख्यमंत्री प्रखण्ड परिवहन योजना (द्वितीय चरण) के लिए वरीयता सूची तैयार की गई है। सूची में शामिल व्यक्तियों को 02 सितंबर से 04 सितंबर तक आपत्ति प्राप्त करने के लिए कहा गया है। यह योजना परिवहन सेवाओं को बेहतर बनाने और लोगों को सुविधा प्रदान करने के लिए शुरू की गई है। सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारियों को निदेश दिया गया है कि वे अपने कार्यालय के सूचना पट्ट पर इसे प्रदर्शित करें। साथ ही, जिला परिवहन कार्यालय, कटिहार में आपत्ति प्राप्त करने हेतु सूची प्रदर्शित कर दी गई है। इस सूची में शामिल व्यक्तियों को अपनी आपत्ति प्राप्त करने के लिए कहा गया है। सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारियों से अनुरोध किया गया है कि वे 05 सितंबर को 10:00 बजे तक निश्चित रूप से प्राप्त आपत्ति को जिला परिवहन कार्यालय को उपलब्ध कराएंगे। इसके बाद, जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा आपत्ति निराकरण के पश्चात अंतिम सूची का प्रकाशन किया जाएगा। जिला परिवहन पदाधिकारी ने कहा कि यह योजना परिवहन सेवाओं को बेहतर बनाने और लोगों को सुविधा प्रदान करने के लिए शुरू की गई है। उन्होंने सभी संबंधित पक्षों से सहयोग करने और योजना को सफल बनाने की अपील की है।


पूर्व मंत्री चंद्रिका राय पूर्व मुख्यमंत्री दारोगा प्रसाद राय के 102वीं जयंती पर स्मारिका का विमोचन करते

## सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम आयोजित


उद्घाटन करते अतिथि

खबर मन्त्र संवाददाता

**डंडई।** प्रखंड क्षेत्र के करके पंचायत में सोमवार को पंचायत भवन के प्रांगण में सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम आयोजित की गई। कार्यक्रम का उद्घाटन बीडीओ जागो महतो, सीओ राजकुमार प्रजापति, उपप्रमुख प्रतिनिधि रामाशीष प्रसाद, मुखिया बिंदा देवी, बीडीसी मनीष चौधरी, प्रभारी पंचायत सचिव विकास कुमार आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर की।

कार्यक्रम में काफी संख्या में ग्रामीण अपनी समस्याओं और योजनाओं से संबंधित आवेदन देने और शिकायत करने पहुंचे थे। कार्यक्रम में झारखंड मुख्यमंत्री मईंया सम्मान योजना के लिए 6 आवेदन, अबुआ आवास योजना के लिए 845 आवेदन, मुख्यमंत्री पशुधन योजना के लिए 8 आवेदन, सर्वजन पेंशन योजना के लिए 102 आवेदन हर राशन कार्ड के लिए 11 आवेदन, केसीसी संबंधित 37 आवेदन, मनरेगा जॉब कार्ड संबंधी 80 आवेदन, स्वास्थ्य विभाग से 55आवेदन, जेएसएलपीएस से 11 आवेदन, लघु कुटीर उद्योग से 3 आवेदन, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग से 12 आवेदन, कल्याण विभाग से 2आवेदन सहित कुल 1305 आवेदन प्राप्त किए गए। जिसमे 89 आवेदनों का ऑन द स्पॉट निष्पादन किया गया, 1216 शेष आवेदन लंबित बताया गया। पंचायत स्तर पर आयोजित उक्त कार्यक्रम में गांव की सरकार कहे जाने वाले मुखिया कार्यक्रम में स्वयं घूम घूम कर हर लोगों का मदद कर उनका फॉर्म भरते नजर आए । वही बीडीसी मनीष चौधरी, मुखिया प्रतिनिधि ललन चौधरी, उप मुखिया प्रतिनिधि चुनमुन चौधरी लोगों का काम करने का हर सुविधा और भोजन पानी का सुविधा का विशेष ध्यान रख रहे थे।

## कांडी वासियों को बाजार क्षेत्र में सड़क पर लगने वाले जाम से मिलेगी निजात

खबर मन्त्र संवाददाता


ऑटो चालकों के साथ बैठक करते अंचलाधिकारी व थाना प्रभारी

**कांडी।** प्रखंड मुख्यालय कांडी में मंगलवार से प्रखण्ड वासियों को बाजार क्षेत्र में सड़क में लगने वाले जाम से निजात मिल जाएगी। थाना भवन में मंगलवार को अंचलाधिकारी राकेश सहाय व थाना प्रभारी गुलशन कुमार गौतम की उपस्थिति में तीन पहिया वाहन चालकों ऑटो ड्राइवर के साथ बैठक की गई। जिसमें सभी ऑटो चालकों व बस चालकों को यह सख्त निर्देश दिया गया कि अब कभी भी कांडी बाजार में सड़क किनारे ऑटो खड़ा नहीं होंगे और पैसेंजर का उतार चढ़ाव वर्जित कर दिया गया।साथ ही कोई भी बस चालक भी बाजार क्षेत्र में समान का बस से उतारना तथा चढ़ाना पूर्णतः वर्जित कर दिया गया है। इससे बराबर जाम की समस्या बनी रहती थी। अब उसके बदले मझिआंव लमारी की तरफ आने जाने वाले ऑटो पैट्रोल पंप के पास नन सामने तथा सुंडीपुर, केतार व हरिहरपुर की तरफ आने जाने वाले ऑटो ड्राइवर अपना ऑटो हॉस्पिटल और ब्लॉक परिसर के सामने साथ ही सेमौरा पतीला की ओर से आने जाने वाले ऑटो स्टेट बैंक से आगे नदी में पुल पार खड़ा करेंगे। किसी भी कीमत पर बाजार में ऑटो खड़ा नहीं होंगे अन्यथा उनके गाड़ी को जब्त कर उनके ऊपर कानूनी कार्रवाई किया जाएगा। जो भी बस व ऑटो चालक निर्देश का उलंघन करेगा उनके ऊपर कानूनी कार्रवाई होगी। इस पर बैठक में उपस्थित सभी ऑटो ड्राइवर ने भी अपनी सहमति प्रदान की। इस बैठक में अंचल निरीक्षक जगन्नाथ मांझी भी उपस्थित थे।। सीओ राकेश सहाय ने थाना प्रभारी का धन्यवाद करते हुए कहा कि थाना प्रभारी ने मेरे कहने के साथ ही बैठक बुलाकर कांडी की महती समस्या को हल करने में अपनी बड़ी भूमिका निभाई है।

### आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम

## 66 मामलों को निष्पादन


उद्घाटन करते अतिथि

खबर मन्त्र संवाददाता

**कांडी।** प्रखंड क्षेत्र के रणाडीह पंचायत सचिवालय प्रांगण में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन प्रदेश प्रमुख संघ अध्यक्ष सह प्रखंड अध्यक्ष सत्येंद्र पांडेय उर्फ पिंकू पांडेय, बीडीओ राकेश कुमार सहाय ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में संबंधित स्टॉल अलग-अलग लगाए गए थे। इस कार्यक्रम में 421 आवेदन प्राप्त हुए। स्वास्थ्य से संबंधित 66 मामलों को निष्पादन किया गया। जिसमें अबुजा आवास योजना से 260, झारखंड मंईया सम्मान योजना से 36, मुख्यमंत्री पशुधन से संबंधित 37, राशन कार्ड से संबंधित 23, राजस्व एवं अन्य से संबंधित 5, मनरेगा एवं अन्य से संबंधित 15, सर्वजन पेंशन योजना से 45 आवेदन प्राप्त हुए। प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं प्रखंड प्रमुख के द्वारा महिलाओं की गोद भराई एवं बच्चों का अन्नप्राशन करवाया।

## पुलिस ने किया लूट कांड का उद्भेदन

### देसी कट्टा के साथ दो सड़क लुटेरे गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता



प्रेस कॉन्फ्रेंस करते एसपी दीपक पांडेय

**गढ़वा।** पुलिस ने छापामारी कर दो सड़क लुटेरे को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने गिरफ्तार लुटेरों के पास से दो देसी कट्टा तथा एक बगैर नंबर का मोटरसाइकिल भी बरामद की है। गत 23 अगस्त को रमकंडा थाना क्षेत्र के खरियानी पुल के समीप हथियार के बल पर चेतन्य इंडिया फिन क्रेडिट प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के कर्मी से दिनदहाड़े हुए लुट कांड का पुलिस ने उद्भेदन कर ली है। गिरफ्तार अपराधियों में पलामू जिले के नावा बाजार थाना क्षेत्र के कुंभी खुर्द निवासी सुनील चौधरी उर्फ धनंजय चौधरी उर्फ ढुलू चौधरी तथा पड़ोसी राज्य बिहार के गया जिले के बाराचटी थाना क्षेत्र का लोहड़ी निवासी बबलू चौधरी का नाम शामिल है।

एसपी दीपक पांडेय ने सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर यह जानकारी दी। एसपी ने बताया कि गत 23 अगस्त को रमकंडा थाना क्षेत्र के करियानी पुल के समीप माइक्रो फाइनेंस कंपनी के कर्मी से तीन अपराधियों ने हथियार के बल पर लूट की घटना को अंजाम दिया था। उक्त लूट कांड का उद्भेदन करने के लिए एसआईटी गठित की गई थी। एसआईटी ने लगातार छापामारी कर इस मामले में संलिप्त तीन में से दो अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। इनके पास से दो देसी कट्टा एवं आठ जिंदा कारतूस, एक मोटरसाइकिल, फाइनेंस कर्मी का लूटा हुआ बैग तथा 7490 रुपए नगद राशि बरामद किया गया है। एसपी ने बताया कि तीसरे अपराधी को भी चिन्हित कर लिया गया है।

उसकी गिरफ्तारी के लिए भी लगातार छापामारी की जा रही है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार दोनों लुटेरे पूर्व में भी जेल जा चुके हैं। उनके विरुद्ध विभिन्न स्थानों में कई आपराधिक मामले दर्ज हैं।

## खबर एक नजर में

### भवनाथपुर में दर्जन भर डायरिया से पीड़ित

**भवनाथपुर।** प्रखंड के बनसानी पंचायत के रोहीणीया के भूईया टोली में दर्जन भर लोग डायरिया से पीड़ित हो गए। सभी लोगों का इलाज उनके घरों में ही किया जा रहा है। टोले में डायरिया फैले होने की जानकारी मिलते ही स्वास्थ्य महकमा हरकत में आया और टीम ने इलाके में जाकर प्रभावित टोले का जायजा लिया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. दिनेश कुमार ने बताया कि उन्हें सूचना मिली कि रोहिणीयां के भूईयां टोला में कई लोग डायरिया से ग्रसित हो चुके हैं। सूचना मिलते ही एक टीम प्रभावित टोले में भेजी गई। टीम में शामिल सीएचओ महावीर रूपाल, सीएचओ अभिनाश कुमार, एम पी डब्लू विद्यानंद प्रजापति, बीटीटी धर्मजीत पासवान, ब्रजमोहन राम, सहिया आशा देवी सहित अन्य को मौके पर भेजा गया। टोले में 12 लोग डायरिया से ग्रसित पाए गए। वहीं बिपिन उरांव, राल विहारी उरांव, भीम भूईयां, जानू कुमार, लालू उरांव, गीता देवी, प्रिया देवी, कोशिला देवी, अमनर देवी, सीमा देवी, श्रीष्टि कुमारी आदि का उनके घर पर ही इलाज किया गया। उन्हें पर्याप्त दवाइयां देकर सावधानी बरतने को कहा गया है। लोगों को साफ-सफाई व खान-पान पर विशेष ध्यान रखने की हिदायत दी गई है। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि भूईयां टोली के लोगों दूषित पानी एवं बासी चावल खाने के बाद डायरिया के चपेट में आए हैं। कहा कि डायरिया आमतौर पर गंदगी, दूषित भोजन या पानी के सेवन से होता है। बारिश के मौसम में सुपाच्य भोजन का सेवन करना चाहिए। डायरिया होने पर अस्पताल में आकर अपना इलाज करवाएं।

### अबुआ आवास में अनियमितता पाए जाने पर होगी कार्रवाई : डीसी

**गढ़वा।** डीसी शेखर जमुआर ने जिले के रमना प्रखंड के ग्राम पंचायत टंडवा के मुखिया संतोष कुमार सिंह की वित्तीय शक्ति को तत्काल प्रभाव से जप्त कर लिया है। साथ ही टंडवा के पंचायत सचिव मो. हुसैन अंसारी को निलंबित किया है। मुखिया श्री सिंह के स्थान पर अगले आदेश तक संबंधित पंचायत के उप मुखिया को वित्तीय शक्ति प्रदत करने का आदेश दिया। इनलोगों के विरूद्ध अबुआ आवास योजना में योग्य लाभुकों को अयोग्य एवं अयोग्य लाभुकों को योग्य बताकर लाभ देने का आरोप है। डीसी श्री जमुआर ने बताया कि मुखिया एवं पंचायत सचिव के विरुद्ध वित्तीय वर्ष 2024-25 में अबुआ आवास योजना के पीडब्लूएल सत्यापन क्रम में प्राथमिकता सूची को नजरअंदाज करते हुए योग्य लाभुकों को छोड़कर अयोग्य लाभुकों को योग्य बताकर उनका चयन करने संबंधी शिकायत की जाँच कराते हुए उनसे स्पष्टीकरण मांगा गया। मुखिया एवं पंचायत सचिव का स्पष्टीकरण संतोषजनक नहीं रहने तथा रमना प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा प्राप्त प्रतिवेदन के आलोक में दोनों लोग को दोषी पाया गया जिस कारण कार्रवाई की गयी है। मुखिया को पंचायती राज अधिनियम 2001 की धारा 30,64,142 एवं पंचायती राज, ग्रामीण विकास विभाग का आदेश संख्या 26 दिनांक 15.12.2019 के कंडिका कक्क के अनुसार टंडवा पंचायत के मुखिया संतोष कुमार सिंह की वित्तीय शक्ति को तत्काल प्रभाव से जब्त कर लिया गया। वहीं उनके स्थान पर अगले आदेश तक उक्त पंचायत के उप मुखिया को वित्तीय शक्ति प्रदत करने का आदेश दिया। पंचायत सचिव को निलंबित करते हुए उनका मुख्यालय मझिआंव निर्धारित किया गया है। मो. हुसैन अंसारी को निलंबन अवधि में नियम-96 के तहत जीवन यापन भत्ता का भुगतान अनुमान्य होगा। डीसी ने कहा है कि अबुआ आवास योजना सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। इसमें किसी तरह की कोताही और अनियमितता पाए जाने पर दोषी के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में सभी सहयोगात्मक रवैया अपनायें। योग्य एवं पात्र व्यक्तियों को योजना का लाभ नहीं मिलने पर संबंधित कर्मी जिम्मेवार होंगे।

### कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण जांच शिविर में 60 मरीजों की जांच

**गढ़वा।** लायंस क्लब ऑफ गढ़वा ग्रीन, महावीर विकलांग सहायता समिति एवं स्व. प्रेम कुमार पोद्दार स्मृति प्रकल्प के संयुक्त तत्वावधान में शहर के बालिका मध्य विद्यालय में कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 60 मरीजों की जांच की गई। साथ ही 10 विकलांग मरीजों को बैशाखी, 5 दिव्यांग मरीजों को कृत्रिम पैर और जूता प्रदान किया गया। बाकी 45 मरीजों को कृत्रिम अंग तैयार होने पर वितरण किया जाएगा। जानकारी देते हुए अमित कश्यप और डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन हर्ष अग्रवाल ने बताया कि लायंस क्लब ऑफ गढ़वा ग्रीन के द्वारा लगातार सातवे वर्ष इस कैंप आयोजन किया गया। पूर्व में 1140 लोगों को क्लब के द्वारा कृत्रिम अंग, व्हीलचेयर, ट्राईसाइकिल, श्रवण यन्त्र, बैशाखी, ब्लाइंड स्टीक और छड़ी का वितरण किया जा चुका है। मौके पर क्लब के चेयरमैन संतोष अग्रवाल, अध्यक्ष उमा कांत पाण्डेय, पूर्व अध्यक्ष रविंद्र जायसवाल, विजय सोनी, रवि अग्रवाल, आंनद कुमार, नीरज कुमार, जयशंकर ब्रेजियर, उमेश अग्रवाल, विनय कश्यप, आशुतोष अग्रवाल, अमित केशरी, राजेश अग्रवाल, दीपाली अग्रवाल, विनीता आंनद, अनूप कुमार, तेजश्व अग्रवाल, मानस अग्रवाल, अंकेश कुमार, दीपक सोनी, लोकेश कश्यप, सौम्य श्रेष्ट आदि उपस्थित थे।

### विद्यालय प्रबंधन समिति का गठन

**रमना।** नवप्राथमिक विद्यालय धवरवादामर में विद्यालय प्रबंधन समिति का गठन सोमवार को किया गया। पर्यवेक्षक नंदकिशोर चौबे, गिरेंद्र कुमार सिंह और जनप्रतिनिधियों के अनुपस्थिति में विषमभर यादव की अध्यक्षता में सर्वसम्मति से नियम संगत शांतिपूर्ण चुनाव सम्पन्न हो गया। विद्यालय में नामांकित बच्चों के उपस्थित अविभावकों में से कुल बारह सदस्यों का चयन किया गया। जिसमें संजय राम, गीता देवी, प्रमिला देवी, चिंता देवी, एस कुमार बिन्द, रमेश यादव, निर्मल यादव, हीरा गुप्ता, पार्वती देवी, कुंता देवी, लीलावती देवी, किस्मतीया देवी का चयन सदस्य में किया गया। सभी सदस्यों नें मिलकर संजय राम को अध्यक्ष, किस्मतीया देवी को उपाध्यक्ष, लीलावती देवी को संयोजिका और कुंता देवी को उप संयोजिका चुना।

### बाल ह्रदय योजना से 20 बच्चों को मिला अभयदान

**किशनगंज।** जिले में राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2021 से संचालित बाल ह्रदय योजना जरूरतमंद परिवारों के बच्चे के लिए जीवनदायिनी साबित हो रही है। इसके तहत वैसे बच्चों का मुफ्त में इलाज कराया जा रहा, जिनके दिल में छेद या एक से अधिक विकार हैं। इसी क्रम में जिले में अब तक हुई स्क्रीनिंग में कुल 103 बच्चों में जन्म से ही ह्रदय में एक से अधिक विकार पाए गये हैं। जिनमें 30 बच्चे सर्जरी के लायक पाए गये हैं। बाकी बच्चे का दवा के द्वारा इलाज किया जा रहा है। वहीं 20 बच्चे की सफल सर्जरी से अभयदान मिला है। जिले के सिविल सर्जन डा. राजेश कुमार ने यह जानकारी सदर अस्पताल परिसर में सोमवार को दी। उन्होंने बताया कि बच्चे के लगातार बुखार और वृद्धि बाधित होने की जानकारी स्थानीय स्तर पर चिकित्सकों से अभिभावकों को मिली थी। जिला और पटना तक के चिकित्सकों से आवश्यक जांच से पता चला है कि बच्चे के ह्रदय में एक से अधिक विकार हैं। जिसके इलाज में एक मुश्त में लाखों रुपये की जरूरत थी। जो एक दैनिक मजदूरी कर किसी तरह से जीविकोपार्जन करने वाले अभिभावक के लिए मुश्किल था। समीप के ही आंगनवाड़ी केंद्र में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत स्क्रीनिंग शिविर के आयोजन के क्रम राष्ट्रीय बाल स्वस्थ्य कार्यक्रम के डाक्टरों को अभिभावकों ने जांच के दस्तावेज दिखाये। उक्त शिविर में जांच करने के उपरांत डाक्टर ने बाल ह्रदय योजना की जानकारी देते हुए बच्चों को राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के जिला समन्वयक को संदर्भित कर दिया। तत्पश्चात पटना स्थित इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान के माध्यम से गुजरात राज्य के अहमदाबाद स्थित सत्य साई अस्पताल में इलाज किया गया और अब वह पूरी तरह स्वस्थ है।

स्पीड न्यूज

## सुखोई विमानों के लिए 240 एयरो इंजन की खरीद को मंजूरी दी

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल की सुरक्षा मामलों की समिति ने देश की रक्षा को मजबूत करने की दृष्टि से एक महत्वपूर्ण और बड़ा निर्णय लेते हुए वायु सेना के प्रमुख लड़ाकू विमानों सुखोई -30 के लिए 26000 करोड़ रुपये की लागत से 240 एयरो इंजन की खरीद के प्रस्ताव को सोमवार को मंजूरी दे दी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई बैठक में इस प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। इसके तहत वायु सेना के सुखोई -30 एमकेआई लड़ाकू विमानों के लिए हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड से खरीदें (भारतीय) श्रेणी के तहत 240 एयरो-इंजन (एएल-31 एफपी) खरीद की जायेगी। इन विमानों की खरीद पर सभी करों और शुल्कों को मिलाकर 26,000 करोड़ रुपये से अधिक का व्यय होगा। इन एयरो-इंजन की डिलीवरी एक साल बाद शुरू होगी और आठ साल की अवधि में पूरी होगी।

## रिपब्लिकन पार्टी हरियाणा में आठ से 10 सीटों पर चुनाव लड़ेगी

**नयी दिल्ली।** रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया के उत्तर भारत की अध्यक्ष मंजू छिब्बर और पार्टी के हरियाणा इकाई के अध्यक्ष एडवोकेट रवि सोनू कुंडली ने हरियाणा विधानसभा चुनाव में आठ से 10 सीटों पर चुनाव लड़ने की घोषणा की है। उन्होंने यहां कहा कि उनकी पार्टी हरियाणा में आठ से 10 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ गठबंधन के तहत सीटों के बंटवारे पर चर्चा जारी है और अगर भाजपा के साथ सीटों के बटवारे पर सहमति नहीं बनती है, तो रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आठवले) आठ से 10 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारेगी और बाकी के 80 सीटों पर भाजपा उम्मीदवार का समर्थन करेगी।

## आन्ध्र, कर्नाटक के मुख्य सचिवों, डीजीपी को मानवाधिकार सेनोटिस

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने आंध्र प्रदेश के कृष्णा जिले में एक गर्ल्स कॉलेज तथा कर्नाटक के बेंगलुरु में एक भोजनालय के शौचालयों में छिपे हुए कैमरे पाए जाने की कथित घटनाओं को लेकर दोनों राज्यों के मुख्य सचिवों तथा पुलिस महानिदेशकों को नोटिस जारी कर दो सप्ताह को भीतर विस्तृत रिपोर्ट और उनसे अधिकारियों द्वारा उठाए गए, प्रस्तावित कदमों तथा एफआईआर स्थिति की भी रिपोर्ट मांगी है।

## ईडी की कार्रवाई देश के लिए चिंतानजक: सौरभ

**नयी दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज ने सोमवार को कहा कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की कार्रवाई पूरे देश के लिए चिंताजनक है कि किस तरह से खुल्लम-खुल्ला केंद्र सरकार की गुंडागर्दी चल रही है। श्री भारद्वाज ने कहा कि ओखला विधानसभा से पार्टी के विधायक अमानतुल्लाह खान को ईडी ने गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने कहा कि यह पूरे देश के लिए एक चिंता का विषय है कि किस तरह से खुल्लम-खुल्ला केंद्र सरकार की गुंडागर्दी चल रही है। उन्होंने कहा कि जानबूझकर वक्फ बोर्ड में पैसे लेकर भर्ती करने का एक झूठा और आधारहीन मामला बनाया गया है तथा उसमें पार्टी के विधायक अमानतुल्लाह खान को फंसाया गया।

## आप नेता अमानतुल्लाह खान इडी की गिरफ्त में

**नयी दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने धन शोधन के एक मामले में जांच के तहत सोमवार को आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक अमानतुल्लाह खान और उनसे संबद्ध कुछ अन्य लोगों को गिरफ्तार कर लिया। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। जांच एजेंसी के राष्ट्रीय राजधानी में ओखला इलाके में स्थित अमानतुल्लाह खान के आवास पर तलाशी लेने के बाद धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत उन्हें हिरासत में लिया गया।

# भाजपा ने शुरू किया सदस्यता अभियान

## पीएम मोदी बने पहले सदस्य, 10 करोड़ लोगों को जोड़ने का लक्ष्य

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान की शुरूआत की। जेपी नड्डा ने पीएम मोदी को पहली सदस्यता की पर्ची दी। भाजपा का देशभर में 10 करोड़ नए कार्यकर्ता बनाने का लक्ष्य है। जेपी नड्डा ने कहा कि हम सब जानते हैं कि प्रधानमंत्री जी देश का प्रधानसेवक होने के नाते, 140 करोड़ देशवासियों के नेतृत्व करने के नाते प्रशासन की बारीकियों में दिन-रात व्यस्त रहते हैं। लेकिन उसके बावजूद भी हम सबके लिए वो आदर्श हैं। उन्होंने हमेशा इस बात को अपने आप में जीया है कि संगठन सर्वोपरि है और संगठन प्रथम है। संगठन को जब भी आवश्यकता पड़ी है, व्यस्ततम समय में भी वो पार्टी को आगे बढ़ाने की चिंता करते हैं। उन्होंने कहा कि जब अमित भाई शाह पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष थे, तो उस समय उन्होंने सदस्यता अभियान को प्राथमिकता दी थी। उन्होंने कहा था कि हम संगठन के रास्ते बदलेंगे, संगठन के तरीके बदलेंगे, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग जो कमल के निशान के साथ चलना चाहते हैं, उनका हम पार्टी में समावेश कर सकें।

### भाजपा सबसे बड़ी, अनूठी पार्टी : केंद्रीय गृह मंत्री शाह



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि हमारी पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी तो है ही, साथ ही सभी राजनीतिक दलों में एक प्रकार से अनूठी पार्टी है। आज भारत के 1,500 से अधिक राजनीतिक दलों में कोई भी दल लोकतांत्रिक तरीके से विश्वास और खुलेपन के साथ हर 6 साल के बाद अपने सदस्यता अभियान को नहीं करता है। ऐसा केवल और केवल भाजपा ही करती है। उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी में कार्यकर्ता महज सदस्यता का एक अंक नहीं, बल्कि हमारे यहां कार्यकर्ता एक जीवंत इकाई, विचारधारा का वाहक, कार्य-संस्कृति का पोषक और हमारे कार्यकर्ता सरकार और संगठन के बीच में कड़ी का भी काम करते हैं, जो सरकार को हमेशा जनता के साथ जोड़कर रखता है।

**लोगों में विश्वास बढ़ा : रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि इस सच्चाई को आज कोई नकार नहीं सकता कि नेताओं की कथनी और करनी में अंतर होने के कारण भारत की राजनीति और भारत के नेताओं पर से जनता का विश्वास कम हुआ है। भारत की राजनीति में इससे पहले नेताओं की कथनी और करनी में जो विश्वास का संकट पैदा हुआ था, उस विश्वसनीयता के संकट को किसी ने चुनौती के रूप में स्वीकार किया है, तो वो हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने किया है। उन्होंने कहा कि 2014 में जब मोदी जी भारत के प्रधानमंत्री बने, उस समय मैं पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष था। जब हमारा चुनावी घोषणा पत्र बन रहा था, तो उस समय भी हमारे प्रधानमंत्री ने बार-बार ये कहा कि अध्यक्ष जी इस बात की सावधानी बरतिएगा कि चुनावी घोषणा पत्र में जो कुछ भी कहा जाए, उसका अक्षरशः पालन हम कर सकें।

## भाजपा ने जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिए चौथी सूची जारी की

एजेंसी




**नयी दिल्ली।** बीजेपी ने जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिए सोमवार को चौथी सूची में छह उम्मीदवार के नाम घोषित किये। पार्टी के महासचिव अरुण सिंह यहां एक विज्ञप्ति में बताया कि पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति ने इन नामों को स्वीकृति दी है। भाजपा ने श्रीनगर की लाल चौक विधानसभा सीट से इंजीनियर ऐजाज हुसैन, ईदगाह से आरिफ रजा, खानसाहिब से डॉ अली मोहम्मद मीर, चरारे शरीफ से जाहिद हुसैन को टिकट दिया है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष रविन्दर रैना को नौशेरा से तथा राजौरी (सु) से विबोध गुप्ता को उतारा गया है। भाजपा 90 सीटों वाली जम्मू-कश्मीर विधानसभा के चुनाव में 45 उम्मीदवार पहले घोषित कर चुकी है। इस सूची के बाद 51 उम्मीदवार घोषित हो गये हैं।

## दक्षिण अफ्रीका में बांटे जायेंगे 10 लाख हनुमान चालीसा

एजेंसी

**जोहानिसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका में एक प्रमुख हिंदू संगठन ने अगले पांच साल में हनुमान चालीसा की छोटे आकार की दस लाख मुफ्त प्रतियां बांटने की शुरूआत की है। हनुमान चालीसा की यह प्रति जेब में रखी जा सकती है और इसे दुनियाभर में सबसे छोटी प्रति माना जा रहा है। शनिवार को यहां विष्णु मंदिर में 'दान उत्सव' के दौरान इसके वितरण की शुरूआत हुई। एसए हिंदूज नामक संगठन की संस्थापक पंडित लूसी सिगाबन ने कहा, हमने आध्यात्मिक विकास,




सामुदायिक सेवा और सांस्कृतिक संरक्षण का उत्सव मनाने के लिए दक्षिण अफ्रीका के एक दर्जन से अधिक धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ एक कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम में हनुमान चालीसा की इस प्रति के प्रकाशक शेरेनो प्रिंटर्स के मालिक निरन सिंह को सम्मानित भी किया गया।

## सूडान में मरने वालों की संख्या बढ़कर 173 हुयी

**खार्तूम।** सूडान में जून माह से हुयी भारी बारिश और बाढ़ से 173 लोगों की मौत हो गयी है और 505 लोग घायल हो गए हैं। सूडान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी है। मंत्रालय के अनुसार, बाढ़ से सूडान के 18 राज्यों में से 11 प्रभावित हुए हैं और इसके कारण 18,665 घर नष्ट हो गए और 14,947 अन्य क्षतिग्रस्त हुए हैं।

## कब्रिस्तान डूबा, कब्र से बाहर आये शव

एजेंसी

**जयपुर।** राजस्थान की राजधानी जयपुर में नूर बांध टूट जाने से सैलाब आ गया है। खोनागोरियां सहित कई इलाके बांध के पानी से जलमग्न हो गए हैं। स्थिति इतनी ज्यादा खराब हो गई है कि लोग अपने घरों से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं। खोनागोरियां इलाके में स्थित एक कब्रिस्तान में भी भारी नुकसान हुआ है। कब्रिस्तान में पानी भर जाने से कब्र से शव निकल कर बाहर पानी में तैरने लगे। लोगों ने किसी तरह अंदर घुसकर इन शवों को एक जगह पर इकट्ठा किया। वहीं बांध के पास पानी के बहाव को देखते हुए पुलिसकर्मी भी तैनात किए गए हैं। खोह नागोरियान इलाके में सोमवार सुबह करीब 9 बजे झमाझम बारिश में नूर का बांध की दीवार टूट गई और बांध का पानी दरगाह के पीछे कब्रिस्तान में घुस गया।

## दिल्ली में झमाझम बारिश, सड़कें लबालव


एजेंसी

**नयी दिल्ली।** देश की राजधानी दिल्ली में सोमवार को भारी बारिश हुई। इससे कई जगहों पर पानी भर गया और पेड़ उखड़ गए। दिल्ली पुलिस ने सोमवार को बारिश के बाद कई स्थानों पर जलभराव और पेड़ उखड़ने के कारण यातायात जाम होने के बाद यात्रियों से व्यस्त समय में अपनी यात्रा की योजना सावधानीपूर्वक बनाने को कहा है। राष्ट्रीय राजधानी के कई इलाकों में सुबह बारिश हुई। पुलिस ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक 'पोस्ट' में कहा कि जलभराव के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग-48 के धौला कुआं से महिपालपुर की ओर और इसके दूसरी ओर के मार्ग पर यातायात प्रभावित हुआ है। एक अन्य पोस्ट में उन्होंने कहा कि हौज रानी रेड लाइट के पास जलभराव के कारण साकेत कोर्ट से मालवीय नगर की ओर जाने वाले मार्ग पर प्रेस एन्क्लेव रोड पर यातायात प्रभावित हुआ। जलभराव के कारण रिंग रोड पर डीएनडी से मूलचंद अंडरपास की ओर जाने वाले मार्ग पर, रोड नंबर 13 से ओखला एस्टेट रोड की ओर जाने वाले दोनों मार्गों पर, आउटर रिंग रोड के दोनों मार्गों पर, सफदरजंग से धौला कुआं की ओर जाने वाले मार्ग पर तथा बदरपुर से महरौली की ओर जाने वाले मार्ग पर यातायात प्रभावित हुआ।

## द बकिंघम मर्डरस' का ट्रेलर लॉन्च होने से पहले करीना का दिलचस्प पोस्टर जारी

एजेंसी

**मुंबई।** करीना कपूर खान, एकता कपूर और हंसल मेहता के प्रोजेक्ट 'द बकिंघम मर्डर्स' की घोषणा के बाद से दर्शकों में भारी उत्साह था। लोग जानने के लिए बेताब थे कि यह तिकड़ी क्या नया लेकर आ रही है। रिलीज से पहले ही फिल्म चर्चा का विषय बन गई थी, इसका ग्लोबल प्रीमियर लंदन फिल्म फेस्टिवल 2023 में हुआ। मुंबई फिल्म फेस्टिवल 2023 में इसका प्रदर्शन किया गया, जहां इसे शानदार रिव्यू और रिस्पॉन्स मिला। इसके बाद मेकर्स ने एक आकर्षक टीजर और पहला गाना, 'साडा प्यार टूट गया' रिलीज किया, जिसने मिस्ट्री थ्रिलर में रुचि बढ़ा दी। अब उन्होंने बड़े ट्रेलर लॉन्च से पहले करीना कपूर खान के नए लुक के साथ एक आकर्षक पोस्टर रिलीज किया




है। 'द बकिंघम मर्डर्स' के इस आकर्षक पोस्टर में करीना कपूर खान को एक पॉवरफुल एक्सप्रेशन के साथ पेश किया गया है, जो पोस्टर को बहुत ही आकर्षक बनाता है। कल बड़े ट्रेलर लॉन्च के साथ, इस पोस्टर ने ट्रेलर के लिए सभी की उत्सुकता को बढ़ा दिया है। 'द बकिंघम मर्डर्स' करीना कपूर खान की प्रोड्यूसर के रूप में पहली फिल्म है। लगता है कि वह एक दिलचस्प और रहस्यमय कहानी स्क्रीन पर ले कर आ रही है। यह फिल्म एकता कपूर और करीना कपूर खान के बीच एक और पार्टनरशिप है। इससे पहले वे 'वीरे दी वेडिंग' और 'क्रू' जैसी हिट फिल्में दे चुकी हैं। इस फिल्म के साथ वे मिस्ट्री थ्रिलर जॉनर में अपनी जबरदस्त मौजूदगी दर्ज कराने जा रही हैं। द बकिंघम मर्डर्स 13 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म में करीना कपूर खान, ऐश टंडन, रणवीर बरार और कीथ एलन जैसे टैलेंटेड स्टार्स हैं। ये फिल्म हंसल मेहता ने डायरेक्ट की है। असीम अरोड़ा, कश्यप कपूर और राघव राज कक्कड़ ने कहानी लिखी है। यह महाना फिल्म्स और टीबीएम फिल्म्स का प्रोडक्शन है, जिसे बालाजी टेलीफिल्म्स ने प्रेजेंट किया है।

## बबली, सांगवान, कबलान ने थामा भाजपा का दामन

**नयी दिल्ली।** हरियाणा में जननायक जनता पार्टी (जेजेपी) के विधायक एवं राज्य सरकार में मंत्री रहे श्री देवेंद्र सिंह बबली, पूर्व जेल अधीक्षक सुनील सांगवान, जेजेपी नेता संजय कबलाना ने सोमवार को यहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का दामन थाम लिया। भाजपा के केंद्रीय कार्यालय में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अरूण सिंह, भाजपा हरियाणा प्रदेश के अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली, राष्ट्रीय सचिव ओमप्रकाश धनखड़, त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा के हरियाणा विधानसभा चुनाव प्रभारी विप्लव कुमार देव, भाजपा राष्ट्रीय मीडिया के सह-प्रमुख डॉ. संजय मयूख की उपस्थिति में तीनों नेताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

## राहुल ने बुलडोजर नीति पर किया सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी का स्वागत

**नयी दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता तथा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार की बुलडोजर नीति जन विरोधी है और इस पर उच्चतम न्यायालय की टिप्पणी का वह स्वागत करते हैं।
श्री गांधी ने कहा, भाजपा की असंवैधानिक और अन्यायपूर्ण बुलडोजर नीति पर सर्वोच्च न्यायालय की टिप्पणी स्वागत योग्य है। बुलडोजर के नीचे मानवता और इंसाफ को कुचलने वाली भाजपा का संविधान विरोधी चेहरा अब देश के सामने बेनकाब हो चुका है।

# 2000 के 97.96% नोट बैंकों में आये वापस

**अभी भी 7,261 करोड़ रुपये मूल्य के नोट लोगों के पास मौजूद**

एजेंसी

**मुंबई/नयी दिल्ली।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने सोमवार को कहा कि दो हजार रुपये मूल्य के 97.96 फीसदी नोट बैंकों में वापस आ गए हैं। हालांकि, ये नोट अब भी लीगल टेंडर है लेकिन अब चलन से हटाये गये 7,261 करोड़ रुपये के नोट लोगों के पास मौजूद हैं। आरबीआइ ने सोमवार को जारी एक बयान में कहा कि दो हजार रुपये मूल्य के नोट बदलने की सुविधा 19 मई, 2023 से आरबीआई के 19 निर्गम कार्यालयों में उपलब्ध है। दो हजार रुपये के बैंक नोट को जमा करने या बदलने की सुविधा 7 अक्टूबर, 2023 तक देशभर में सभी बैंक शाखाओं में उपलब्ध थी। बैंक नियामक ने कहा कि 9 अक्टूबर, 2023 से




आरबीआइ के निर्गम कार्यालय भी व्यक्तियों और संस्थाओं से उनके बैंक खातों में जमा करने के लिए 2000 रुपये मूल्य के बैंक नोट स्वीकार कर रहे हैं। 19 मई, 2023 तक चलन में मौजूद 2000 रुपये के 97.96 फीसदी नोट बैंकों के पास वापस आ गए थे। अब 30 अगस्त को कारोबार समाप्ति पर दो हजार रुपये मूल्य के 97.96 फीसदी नोट बैंकों में वापस आ गए हैं। आरबीआई के मुताबिक लोग अपने बैंक खातों में राशि जमा करने के लिए देश के किसी भी डाकघर से रिजर्व बैंक के किसी भी निर्गम कार्यालय में 2000 रुपये के नोट भेज सकते हैं।

नोटों को जमा या विनिमय करने वाले 19 आरबीआई कार्यालयों अहमदाबाद, बेंगलुरु, बेलापुर, भोपाल, भुवनेश्वर, चंडीगढ़, चेन्नई, गुवाहाटी, हैदराबाद, जयपुर, जम्मू, कानपुर, कोलकाता, लखनऊ, मुंबई, नागपुर, नई दिल्ली, पटना और तिरुवनंतपुरम में हैं। दरअसल, सरकार ने नवंबर, 2016 में एक हजार रुपये और 500 रुपये के बैंक नोट को चलन से हटाने के बाद 2000 रुपये के नए बैंक नोट का प्रचलन शुरू किया था। इसके बाद आरबीआई ने 19 मई, 2023 को दो हजार रुपये के बैंक नोट को चलन से वापस लेने का ऐलान किया था। केंद्रीय बैंक के मुताबिक उस समय चलन में मौजूद 2000 रुपये के बैंक नोट का कुल मूल्य कारोबार की समाप्ति पर 3.56 लाख करोड़ रुपये था।

समन्वय बैठक के समापन पर संघ प्रचार प्रमुख ने कहा

## जाति जनगणना संवेदनशील मुद्दा, राजनीतिक करना अनुचित

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने कहा कि जाति जनगणना का इस्तेमाल राजनीति या चुनावी प्रक्रिया के बजाय केवल उन समुदायों या जातियों की बेहतरी के लिए किया जाना चाहिए जो पिछड़ रहे हैं। आरएसएस समन्वय बैठक के समापन दिवस पर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए आंबेकर ने कहा कि जाति और जाति संबंधों के मुद्दे बहुत संवेदनशील हैं और इन्हें बहुत गंभीरता से लिया जाना चाहिए क्योंकि ये हमारी राष्ट्रीय एकता और अखंडता के मुद्दे हैं।

**यह एकता और अखंडता का मुद्द**

उन्होंने कहा, आरएसएस के रूप में, हमने पहले ही इस मुद्दे पर टिप्पणी की है। हमारे हिंदू समाज में, हमारे पास जाति और जाति संबंधों का एक संवेदनशील मुद्दा है... यह हमारी राष्ट्रीय एकता और अखंडता का एक महत्वपूर्ण मुद्दा है, इसलिए इसे बहुत गंभीरता से लिया जाना चाहिए, न कि केवल चुनावों, चुनाव प्रथाओं या राजनीति के आधार पर। उन्होंने आगे कहा कि सरकार ने पहले ही आंकड़े ले लिए हैं, लेकिन उन्हें केवल उन समुदायों या जातियों के सामने आने वाले मुद्दों को हल करने के लिए ही लिया जाना चाहिए।

**कमजोर वर्ग पर ध्यान जरूरी**

उन्होंने कहा, निश्चित रूप से, सभी कल्याणकारी गतिविधियों के लिए, विशेष रूप से किसी विशेष समुदाय या जाति को संबोधित करने के लिए जो पिछड़ रही है और जिस पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है, इसलिए यदि कभी सरकार को संख्या की आवश्यकता होती है, तो वह उसे ले सकती है। इसने (सरकार ने) पहले भी (संख्या) ली है, यह ले सकती है, इसमें कोई समस्या नहीं है। लेकिन यह केवल उन समुदायों और जातियों के कल्याण को संबोधित करने के लिए होना चाहिए। इसका उपयोग चुनाव प्रचार के लिए एक राजनीतिक उपकरण के रूप में नहीं किया जाना चाहिए। और इसलिए हमने सभी के लिए एक चेतावनी रेखा रखी है।

**कोलकाता कांड पर संघ ने कहा**

आंबेकर ने यह भी बताया कि बैठक के दौरान सदस्यों ने कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में एक स्नातकोत्तर प्रशिक्षु डॉक्टर के साथ बलात्कार और हत्या की घटना पर गहन चर्चा की, जिसके बाद उन्होंने पांच मोर्चों की रूपरेखा तैयार की है।उन्होंने कहा, यह निष्कर्ष निकाला गया कि हमें इस मुद्दे को पांच मोर्चों पर उठाना होगा। कानूनी तौर पर, हम इस मुद्दे से कैसे निपट सकते हैं।

